राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 26 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 203, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल उजागर, मरम्मत के नाम पर धन निकासी...03

गेहूं खरीद हेतु खुले सरकारी खरीद केंद्रों पर दुरुस्त नहीं हो पा रहीं व्यवस्थाएं, खरीद पड़ी ठप्प...11

# निष्पक्षता बनाए रखने में नाकाम... अभिषेक बनर्जी के क्षेत्र के 5 अधिकारियों के खिलाफ एक्शन, ईसी ने किया सस्पेंड

● पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. यह सभी अभिषेक बनर्जी के क्षेत्र डायमंड हार्बर में तैनात थे. जानें इनके खिलाफ क्यों कार्रवाई हुई है और क्या आरोप हैं।




भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दौरान बड़ी कार्रवाई की है. आयोग ने गंभीर कदाचार और निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने के आरोप में पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की है. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर जिले में तैनात पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. आयोग ने इन अधिकारियों पर गंभीर कदाचार और चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है. खास बात ये है कि डायमंड हार्बर टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जा है।

जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उनमें संदीप गरई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (डायमंड हार्बर); सजल मंडल, उप-मंडल पुलिस अधिकारी (डायमंड हार्बर); मौसम चक्रवर्ती, डायमंड हार्बर पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक; अजय बाग, फाल्टा पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक; और सुभेच्छा बाग, उस्थी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी शामिल हैं।

**अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू**

चुनाव आयोग ने इन सभी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी है. आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे निर्देश में कहा कि इन अधिकारियों का आचरण चुनावी निष्पक्षता के मानकों के खिलाफ पाया गया है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

**एसपी इशानी पाल को चेतावनी**

इसके अलावा, डायमंड हार्बर की पुलिस अधीक्षक इशानी पाल को भी अधीनस्थ अधिकारियों पर नियंत्रण और निष्पक्षता सुनिश्चित न करने के आरोप में चेतावनी जारी की गई है. आयोग ने पूरे मामले में तत्काल कार्रवाई कर शनिवार सुबह 11 बजे तक अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

**बंगाल और तमिलनाडु में अधिक मतदान दर्ज**

इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को कहा था कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद से अब तक का सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया. उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है. चुनाव आयोग ने कहा कि 23 अप्रैल को पहले चरण में मतदान करने वाले 44,376 मतदान केंद्रों में से किसी में भी दोबारा मतदान की सिफारिश नहीं की गई है।

**पश्चिम बंगाल में 92.9% मतदान**

चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान में 92.9 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई. मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान समाप्त होने के साथ ही भारी मतदान के आंकड़े एक सक्रिय चुनावी प्रक्रिया को रेखांकित करते हैं. बंगाल के कई जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया. दक्षिण दिनाजपुर 94.85% के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद कूच बिहार 94.54%, बीरभूम 93.70%, जलपाईगुड़ी 93.23% और मुर्शिदाबाद 92.93% रहा।

**कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ मतदान**

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की विधानसभा सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. तमिलनाडु की 234 और पश्चिम बंगाल की 152 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है, जबकि बंगाल की शेष 142 सीटों पर 29 मई को वोटिंग होगी. दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

# पी डी एस राशन घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, कोलकाता समेत 9 ठिकानों पर रेड

» प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी डी एस) से जुड़े राशन घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है. कोलकाता, बर्धमान और हाबड़ा के 9 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, जिसमें निरंजन चंद्र साहा और उसके सहयोगी निशाने पर हैं. आरोप है कि गरीबों के गेहूं को अवैध रूप से सस्ते में खरीदकर बाजार में बेचा या निर्यात किया गया, जिससे करोड़ों रुपये की अवैध कमाई हुई



कोलकाता समेत 9 ठिकानों पर छापेमारी आज ईडी की छापेमारी की गई. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी डी एस) से जुड़े राशन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में छापेमारी शुरू की. ईडी की कोलकाता जोनल ऑफिस की टीम ने कोलकाता, बर्धमान और हाबडा में 9 ठिकानों पर तलाशी अभियान चल रहा है. यह कार्रवाई निरंजन चंद्र साहा और उससे जुड़े सप्लायर्स व एक्सपोर्टर्स के खिलाफ की जा रही है. ईडी की जांच पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी. ये एफआईआर 23 अक्टूबर 2020 को बसीरहाट पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी।

शिकायत घोजाडांगा एलसीएस के डिप्टी कमिश्नर ऑफ कस्टम्स ने दी थी, जिसमें बड़े पैमाने पर गरीबों और जरूरतमंदों के लिए भेजे जाने वाले पीडीएस गेहूं की हेराफेरी का आरोप लगाया गया था. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने गरीबों के लिए मिलने वाले गेहूं को सस्ते दामों पर अवैध तरीके से खरीदा और फिर सप्लायर्स, डीलर्स तथा बिचौलियों की मिलीभगत से बाजार में बेचा।

**वैध बताकर गलत माल को बेचा**

गेहूं के असली बोरे, जिन पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य सरकार के निशान बने होते थे. उन्हें हटाकर या पलटकर नए बोरों में भर दिया जाता था. ताकि उसकी पहचान छिपाई जा सके. इसके बाद इस गेहूं को खुले बाजार में वैध माल बताकर बेचा जाता था या विदेशों में निर्यात किया जाता था. ईडी के मुताबिक, इस पूरे खेल से आरोपियों ने करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की।

फिलहाल ईडी की तलाशी जारी है और छापेमारी के बाद कई अहम दस्तावेज, डिजिटल सबूत और लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड मिलने की संभावना जताई जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**2020 में दर्ज की गई थी एफआईआर**

राज्य में 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के बाद 29 अप्रैल को विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिए मतदान होना है. मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला अक्टूबर 2020 में बसीरहाट पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक एफआईआर से जुड़ा है. यह स्नढ्ढक्र घोझाडांगा स्थित लैंड कस्टम्स स्टेशन के एक डिप्टी कमिश्नर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित थी. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित 'सार्वजनिक वितरण प्रणाली' (पी डी एस) के गेहूं को बड़े पैमाने पर गलत तरीके से दूसरी जगह भेजा गया. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, इन गेहूं को सप्लायरों, लाइसेंस प्राप्त वितरकों, डीलरों और बिचौलियों की मिलीभगत से गलत तरीके से कम कीमतों पर खरीदा गया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बहराना चौराहे के पास कार में लगी भीषण आग



**प्रयागराज।** शहर के काली मंदिर बहराना चौराहा के पास शनिवार शाम एक कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सड़क किनारे खड़ी थी तभी उसमें से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार आग की चपेट में आ गई। आसपास खड़े लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाते हुए मौके से हटना ही उचित समझा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग को फैलने से रोका, जिससे पास के अन्य वाहनों और दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, हालांकि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

### जनगणना-2027: 21 मई तक स्वगणना, 22 मई से घर-घर सर्वे

**देवरिया।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में 7 से 21 मई तक स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान संचालित किया जाएगा। इसके पश्चात 22 मई से 20 जून तक घर-घर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। द्विजिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि नागरिक ऑनलाइन पोर्टल अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से स्वयं अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा विभिन्न विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण अथवा ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# गाजियाबाद रेप-हत्या केसः में सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच के आदेश दिए, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद में 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की खंडपीठ ने यह आदेश पारित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एक एसआईटी का गठन करें, जिसमें वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारी शामिल हों और जो तत्काल जांच शुरू करे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एसआईटी पीड़िता के माता-पिता द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों, विशेषकर महत्वपूर्ण गवाहों की सुरक्षा और निजी अस्पतालों की भूमिका की जांच करे। साथ ही ट्रायल कोर्ट को एसआईटी की अनुपूरक रिपोर्ट आने तक कार्यवाही स्थगित रखने को कहा गया है और जांच यथाशीघ्र, अधिमानतः दो सप्ताह के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

सुनवाई के दौरान पीड़िता के माता-पिता की ओर से सीनियर एडवोकेट एन. हरिहरन ने आरोप लगाया कि एक ओर पुलिस जांच पूरी होने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर बच्ची के पिता को धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए जबरन ले जाया गया और उन पर एफआईआर के अनुसार बयान दोहराने का दबाव डाला गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

राज्य की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि मुख्य आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हो चुका है और संज्ञान भी लिया जा चुका है। हालांकि, न्यायालय ने मामले की गंभीरता और पीड़ित परिवार की असंतुष्टि को देखते हुए एसआईटी से स्वतंत्र जांच कराने का निर्णय लिया। यह घटना 16 मार्च की है, जब गाजियाबाद में एक पड़ोसी ने चार साल की बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने कथित तौर पर अगवा कर लिया था। जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो उसके पिता ने तलाश शुरू की और उसे बेहोशी की हालत में खून से लथपथ पाया। उल्लेखनीय है कि एक महीने के भीतर यह दूसरा मामला है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 4 वर्षीय बच्ची के साथ अपराध की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है; इससे पहले गुरुग्राम मामले में भी इसी प्रकार का कदम उठाया गया था।

### अब यूपी में इन कर्मचारियों को 2 घंटे और करना होगा काम, बोले- फिर तो भत्ता दिया जाए

**लखनऊ।** गेहूं की फसल कटने के साथ ही खेती के लिए कर्ज (ऋण) देने वाले बैंकों ने फील्ड कर्मचारियों को किसानों के बीच दौड़ाना शुरू कर दिया है। किसानों से अधिक से अधिक बकाए धनराशि की वसूली तेजी से हो सके इसके लिए उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक ने फील्ड कर्मचारियों की ड्यूटी दो घंटे बढ़ाते हुए सुबह आठ बजे से कर दिया है, जिसका विरोध बैंक के कर्मचारी संगठनों ने शुरू कर दिया है। इस बैंक की प्रदेश में 326 शाखाएं और उनमें करीब 2500 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस मामले में सहकारी ग्राम विकास बैंक कर्मचारी संघर्ष समिति ने बैंक के प्रबंध निदेशक को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि कर्मचारियों की सहमति और बिना ओवर टाइम भत्ता दिए किसी से जबरन काम लेना श्रम नियमों के अनुकूल नहीं है। ओवर टाइम भत्ता दिए जाने पर ही कर्मचारी दो घंटे अतिरिक्त काम करेंगे, अन्यथा इसका विरोध होगा। समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार अवस्थी तथा महामंत्री मो. आसिफ जमाल ने कहा है कि ओवर टाइम भत्ता नहीं मिलने पर बैंककर्मी दो घंटे अधिक काम नहीं करेंगे। वेतन पुनरीक्षण, सातवें वेतनमान का लाभ देने, सेवानिवृत्ति देयकों का भुगतान करने सहित 15 सूत्रीय मांगों को पूरा किए जाने की मांग प्रबंधन से की है।

# शिक्षक विधायक पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अधीक्षक मिले गायब





● अस्पताल परिसर के ओपीडी बाहर स्ट्रेचर पर पड़ा मरीज, डॉक्टरों द्वारा इलाज नहीं होने पर चिकित्सकों को लगाई फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मरीजों की सुविधाओं का जायजा लेने पहुँचे।इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया।अस्पताल परिसर के ओपीडी बाहर स्ट्रेचर पर पड़ा मरीज अस्पताल डॉक्टरों द्वारा इलाज नहीं होने पर चिकित्सक को फटकार लगाई और लापरवाही पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की संबंधित को हिदायत दी।

शिक्षक विधायक ने मरीजों को मिलने वाली निःशुल्क सुविधा ओपीडी समय से संचालन करने,सरकार की ओर से मरीजों के लिए जो सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, उसका सही से निर्वाहन करने एवं सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षक डॉ एसके पटेल मौके पर अनुउपस्थित मिलने पर शिक्षक विधायक ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त कर कहा कि लापरवाही किसी भी हालत बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। इस दौरान रामेश्वर पाण्डेय, राकेश आर्या, पवन आदि उपस्थित रहे।

# संगमरमर मस्जिद ध्वस्तीकरण विवाद पहुंचा इलाहाबाद हाईकोर्ट

रेलवे नोटिस पर रोक की मांग।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित संगमरमर मस्जिद को लेकर चल रहा विवाद अब न्यायिक दायरे में पहुंच गया है। मस्जिद कमेटी ने रेलवे द्वारा जारी ध्वस्तीकरण नोटिस को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है और नोटिस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। याचिका में कमेटी की ओर से कहा गया है कि संबंधित संपत्ति वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में दर्ज है, इसलिए बिना विधिक प्रक्रिया पूरी किए ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी करना अवैध है। कमेटी ने अदालत से आग्रह किया है कि मामले की सुनवाई तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए, जिससे धार्मिक स्थल को नुकसान न पहुंचे।

वहीं, रेलवे प्रशासन ने अपने पक्ष में कहा है कि उक्त ढांचा रेलवे की भूमि पर स्थित है और स्टेशन क्षेत्र के पुनर्विकास व यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए इसे हटाना आवश्यक है। रेलवे का कहना है कि सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार पूरी की गई हैं और संबंधित पक्ष को पहले ही नोटिस देकर 27 अप्रैल तक परिसर खाली करने का समय दिया गया है।

मामले के तूल पकड़ने के बाद स्थानीय स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है। दोनों पक्षों के दावों के बीच अब निगाहें अदालत की कार्यवाही पर टिकी हैं। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि वक्फ रिकॉर्ड और भूमि स्वामित्व के दस्तावेज इस मामले में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। अब यह देखना अहम होगा कि अदालत इस संवेदनशील मामले में क्या रुख अपनाती है और क्या फिलहाल ध्वस्तीकरण पर रोक लगाई जाती है या नहीं।

### कल्याणपुर में महिला की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 19 वर्षीय आरोपी आर्यन शर्मा उर्फ ईशु ने वारदात को अंजाम देने से पहले तीन दिनों तक इलाके की रेकी की थी। घटना वाले दिन वह 'छत पर ड्रोन गिरा है' का बहाना बनाकर घर में दाखिल हुआ। उस समय घर में बुजुर्ग महिला अकेली थीं। मौके का फायदा उठाते हुए आरोपी ने कपड़े से गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले इसी इलाके में करीब 8 साल तक किराए पर रह चुका था, जिसके चलते उसे घर के रास्तों और आसपास की पूरी जानकारी थी। इसी जानकारी का इस्तेमाल कर उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 153 ग्राम सोना बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 27 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की अन्य पहलुओं से भी जांच जारी है।

# बंगाल चुनाव के बीच मर्डर, आसनसोल में कांग्रेस समर्थक को पीट-पीटकर मार डाला, तृणमूल पर आरोप

» पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के बाद आसनसोल में हिंसा हुई. 90% से अधिक मतदान के दो दिन बाद कांग्रेस समर्थक देवदीप चटर्जी को घर में घुसकर पीट-पीटकर मार डालने का आरोप है. कांग्रेस इस हत्या के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रही है. मृतक की पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें टीएमसी पार्षद के करीबियों पर आरोप लगे हैं।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. 90 परसेंट से ज्यादा लोगों ने मतदान किया. बंपर वोटिंग के दो दिन बाद पश्चिम बर्दवान के आसनसोल में एक कांग्रेस समर्थक को घर में घुसकर पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगा है. कांग्रेस मृतक का पार्थिव शरीर को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है. मृतक की पहचान देवदीप चटर्जी के तौर पर हुई है. आरोप है कि रात में घर में घुसकर उसे पीटा गया. शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई।

घटना का एक फुटेज पहले ही जारी हो चुका है. इसमें दिख रहा है कि देवदीप को घर के गेट के पास कुछ लोग जमीन पर गिराकर पीट रहे हैं. मौके पर एक महिला भी दिख रही है. यह भी दिख रहा है कि उसे जमीन पर गिराकर लात मारी जा रही है।

**कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में किया था प्रचार**

आसनसोल के इस हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के सचिव कांग्रेस उम्मीदवार प्रोसेनजीत पुइतांडी हैं. देवदीप उसी घर में रहते थे. उन्होंने कांग्रेस कैंडिडेट के कैंपेन में भी हिस्सा लिया था. कांग्रेस उनकी हत्या की घटना में तृणमूल कांग्रेस पर उंगली उठा रही है. कांग्रेस का दावा है कि उन्हें इसलिए मारा गया क्योंकि वे समर्थक थे।

**जानें क्या घटी थी घटना**

कांग्रेस उम्मीदवार प्रोसेनजीत पुइतांडी ने कहा कि देवदीप शुक्रवार रात अपनी पत्नी और बच्चे के साथ कार से घर लौट रहे थे. जब कार बीच सड़क पर चल रही थी, तो कुछ युवकों के ग्रुप से झगड़ा शुरू हो गया. फिर देवदीप ने अपनी पत्नी और बच्चे को घर के अंदर आने को कहा. जब झगड़ा बढ़ा, तो देवदीप ने कहा, 'मैं शंकुदा (प्रोसेनजीत पुइतांडी) को बुलाऊंगा.' यह सुनकर, युवकों ने कथित तौर पर देवदीप को जमीन पर गिरा दिया और उसे पीटना शुरू कर दिया. देवदीप की पत्नी ने पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. आरोप तृणमूल पार्षद अनिमेष दास के करीबी लोगों पर लगे हैं. जब अनिमेष दास से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वह आसनसोल से बाहर हैं और उन्हें घटना के बारे में कुछ नहीं पता है।

## संक्षिप्त खबरें


### मेधावियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान





**सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में कस्बे के किसान इण्टर कॉलेज के इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग के छात्र रुद्रांश पाण्डेय ने अपनी शानदार सफलता का परचम लहराते हुए 86.2 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।अपनी सफलता के श्रेय उन्होंने कुशल शिक्षकों का मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास को देते हुए बताया कि निकट भविष्य में वैज्ञानिक बनने का सपना है।गौरतलब है कि रुद्रांश पाण्डेय इसी कॉलेज के रसायन शास्त्र प्रवक्ता वीरेंद्र पांडेय के सुपुत्र हैं। जबकि आंचल 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल की वहीं अदिति मिश्रा 80% अंक प्राप्त तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों के शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय गुप्ता, अनिल मिश्र, रामायण मिश्र, शर्मा ,डॉ सत्येंद्र मिश्र सुनील पाण्डेय, के सी पाठक, सर्वेश उपाध्याय, अशोक यादव, राम दरश, अंब्रीश मिश्र, कृष्ण कुमार पाठक, राजेश यादव, शिव कुमार, अनिल चौबे, गणेश शुक्ल आदि ने शुभकामनाएं ज्ञापित किया

### श्रीमदभागवत कथा श्रवण से प्रशस्त होता है मोक्ष का मार्ग- सत्येन्द्रमणि




**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूरे नेवाजी में चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास सत्येन्द्रमणि त्रिपाठी ने कथा प्रसंग में बताया कि कलियुग में सच्चे मन से कथा का श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। उन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है। कथा के दौरान राधेकृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। मुख्य आयोजक अमरावती देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर छोटे लाल शुक्ल, रामआसरे शुक्ल, रविकांत पाण्डेय, उषा देवी, सुशील पाण्डेय, मनीष, आशीष, सचिन आदि ने कथा श्रवण किया।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम, डायट परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों एवं निगरानी प्रणाली की गहन समीक्षा की गई।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाएं पूर्ण सतर्कता के साथ सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अभ्यर्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। साथ ही, परीक्षा के दौरान सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश पत्र जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# बीडीओ को ज्ञापन देकर प्रधान संगठन ने समस्या समाधान के लिए उठाया आवाज

**●खंड विकास अधिकारी उसका बाजार कार्यालय पर ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय उसका बाजार सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय पंचायती राज संगठन के आह्वान पर ग्राम प्रधानों की बैठक प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष श्रीश प्रताप यादव की अध्यक्षता में हुई। ग्राम प्रधानों ने एकजुटता से आवाज बुलंद करते हुए 6 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता को सौंपा।

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा ने कहा कि गावं के विकास में प्रधानों का योगदान काफी अहम है। बैठक में सभी प्रधानों ने एकजुटता से आवाज़ बुलंद कर सरकार से समस्या निदान करने की मांग की। कहा कि 26 मई के बाद ग्राम प्रधान को ही प्रशासक बनाया जाए अथवा कार्यकाल को बढ़ाया जाए। ग्राम पंचायत में कराये गये मनरेगा, ग्राम निधि के कार्यों का अविलम्ब भुगतान कराया जाए। चुनावी वर्ष होने के कारण गांव में ग्राम चौपाल का कार्य रोका जाये। खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा पंचायत में कराये जाने हेतु कार्यों में अड़ंगा न डाला जाये। ग्राम निधि, मनरेगा की आईडी तत्काल जनरेट करते हुये कार्य जारी रखा जाये। प्रधान संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष ताक़िब रिज़वी ने कहा कि ग्राम प्रधानों की समस्या पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। इस दौरान प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष श्रीश प्रताप यदव, लवकुश राजभर, कालिका दूबे, जय प्रकाश, सतीश चंद आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस समाधान दिवस हुआ संपन्न

**●मौके पर ही चार शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया गया निस्तारण शेष के लिए टीम गठित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद के शुकुल बाजार थाना परिसर में शनिवार को थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस/समाधान दिवस का आयोजन सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जहां उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।समाधान दिवस के दौरान कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से निस्तारण कर दिया गया। शेष 4 शिकायतों के समाधान हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर भेजा गया, ताकि मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से फरियादियों में संतोष एवं विश्वास का माहौल देखने को मिला।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखें, जिससे आम जनता का पुलिस एवं प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके।

समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। उनके बैठने के लिए समुचित व्यवस्था के साथ-साथ जलपान की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह व्यवस्था प्रशासन की संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।इस अवसर पर कानूनगो संतराम, पीएलवी अंकित शर्मा सहित थाना स्टाफ एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने समन्वय बनाकर कार्य करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समाधान दिवस जैसे आयोजनों से आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मंच मिलता है, जहां उनकी बात को गंभीरता से सुना जाता है और त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस प्रकार के प्रयास प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत करते हैं।

### सोनभद्र जिले के 41 वें जिलाधिकारी के रूप में चर्चित गौड़ ने किया कार्यभार ग्रहण



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** नवागत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शनिवार को जिले के 41वें जिलाधिकारी के रूप में जिला कोषागार के डबल लॉक में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवागत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जायेगा, विधि एवं शांति व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा और विकासपरक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। नवागत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ वर्ष-2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा आई0ए0एस0 कैडर के अधिकारी हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर थे , इसके पूर्व आगरा में उपाध्यक्ष आगरा विकास प्राधिकरण, फिरोजाबाद में मुख्य विकास अधिकारी पद पर पर तैनात रह चुके हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0 ) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी( न्यायिक ) रमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव, ओ0 एस0 डी0जिलाधिकरी राम आधार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, कोषागार के रामवृक्ष सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## निदेशक तकनीकी ने किया अनपरा तापीय परियोजना दौरा

**●अभियंताओं तथा संगठनों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत**

**प्रतिनिधियों ने मांगपत्र देकर ज्वलंत समस्याओं पर की चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र-** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के नवागत निदेशक तकनीकी इं एसएन त्रिपाठी ने अनपरा तापीय परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर राख निस्तारण तथा इकाइयों के परिचालन एवं अनुरक्षण का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने अ, ब तथा द ताप विद्युत गृह के कंट्रोल रूम, विभिन्न साईट तथा बेलवादह ऐश डाइक का निरीक्षण भी किया फिर बीटीपीएस कमेटी रूम में परियोजना के अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक इं अजय कुमार कटियार, महाप्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुर्वेदी, महाप्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी, महाप्रबंधक तापीय परिचालन इकाई इं अनिल पाण्डेय, महाप्रबंधक इं एसपी यादव, महाप्रबंधक इं प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक सिविल इं निशीथ शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं,सुरक्षा, राख निस्तारण इत्यादि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया तथा गर्मी के मौसम में बढ़ते विद्युत की मांग के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।वहीं दामिनी अथितिगृह में अभियंताओं तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने नवागत निदेशक तकनीकी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने उन्हें बिजली कार्मिकों के ज्वलंत समस्याओं से अवगत भी कराया।निदेशक तकनीकी ने कहा कि परियोजना भ्रमण के दौरान जो समस्याएं इंगित की गई हैं, उनका समाधान जल्द निकाला जाएगा। जिससे कि निर्बाध रूप से बिजली उत्पादन सुनिश्चित हो सके।उन्होंने कहा कि कुछ प्रमुख प्लांट पैरामीटर्स जैसे सहायक संयंत्र खपत,विशिष्ट तेल खपत इत्यादि यूपीईआरसी मानक से कम प्राप्त कर अनपरा तापीय परियोजना को और बेहतर बनाने का प्रयास करते रहना है।

इस दौरान मुख्य रूप से इं कर्मेंद्र सिंह, इं महेंद्र सिंह, इं उत्पल शंकर,आरपी मल्ल, इं वीके सिंह, इं आरके सिंह, इं अदालत वर्मा, इं बीआर पटेल, इं मनोज यादव, इं संजय महतो, इं नवीन कुमार, इं संतोष कुमार, अभिषेक सिंह, श्याम बिहारी सिंह, मुकेश जायसवाल, राजकुमार यादव, बृज बिहारी यादव, एसी सिंह, वीरेंद्र वर्मा, विकाश कनौजिया, विष्णु पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पहले दिन विभिन्न पदों पर नौ प्रत्याशियों ने किया नामांकन, चुनावी गहमागहमी तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन के पहले दिन शनिवार को विभिन्न पदों पर नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तहसील परिसर में समर्थकों के साथ प्रत्याशियों को गाजे बाजे के बीच साथी अधिवक्ताओं से सम्पर्क करते हुए लाइब्रेरी हाल पहुंचते देखा गया। अधिवक्ताओं के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया को लेकर स्थानीय पुलिस को भी परिसर में तैनात देखा गया। यहां प्रत्याशियो ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष समर्थकों व प्रस्तावकों के साथ अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि नामांकन करने वालो में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अबरार अहमद खान व जयकरन सिंह तथा महामंत्री पद पर लाल स्नेहांश प्रताप सिंह अंकित, कोषाध्यक्ष पद पर अतुल सिंह, प्रचार मंत्री पद पर अमन द्विवेदी एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए चंद्रप्रकाश, वकील अहमद, राजकुमार मिश्र व प्रशांत कुमार पटेल ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये हैं। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में चुनाव समिति के शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुर्वेदी व संतोष पाण्डेय को मशक्कत करते देखा गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान परिसर से लेकर चुनाव समिति के कार्यालय तक चुनावी गहमागहमी तेज दिखी। एहतियातन कोतवाली के एसएसआई अरूण सिंह भी फोर्स के साथ नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुस्तैद दिखे। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अगले सप्ताह 27 एवं 28 अप्रैल को भी प्रत्याशियों का नामांकन जारी रहेगा।

### 8 मई तक नि:शुल्क राशन वितरण




**देवरिया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत मई माह के लिए नि:शुल्क राशन वितरण 24 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जो 8 मई तक जारी रहेगा। जिला पूर्ति अधिकारी संजय पांडेय ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न ( 10 किग्रा गेहूं एवं 25 किग्रा चावल ) वितरित किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न ( 1 किग्रा गेहूं एवं 4 किग्रा चावल ) उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में अपने निकटतम उचित दर दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर लें।

### मिशन शक्ति 5.0: महिलाओं को जागरूक करने सड़कों पर उतरी पुलिस

**देवरिया।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर जिले में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कस्बों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थानों पर पहुंचकर टीमों ने महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए और उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। **भाटपार रानी में चला विशेष अभियान** थाना भाटपार रानी की टीम ने बाजार क्षेत्र में महिलाओं और छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। **बरहज घाट पर भी पहुंची टीम** थाना बरहज की टीम ने घाट पर पूजा करने आई महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी और जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

**बताए गए प्रमुख हेल्पलाइन नंबर**

112 - आपातकालीन सेवा

1090 - वुमेन पावर लाइन

1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन

181 - महिला हेल्पलाइन/वन स्टॉप सेंटर, 1076 - सीएम हेल्पलाइन

## अनामिका पाठक बनी सरस्वती शिशु मंदिर की टॉपर

**●सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सनातन संस्कृत का भी दिया जाता है ज्ञान**

**●विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों के मार्गदर्शन का दिखा प्रभाव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार,अमेठी।** हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाई। इसी क्रम में कस्बा शुकुल बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की छात्रा अनामिका पाठक ने हाई स्कूल परीक्षा में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।कस्बा बाजार शुक्ल निवासी अनामिका पाठक ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने साबित कर दिया कि लगन और समर्पण के साथ की गई पढ़ाई निश्चित रूप से सफलता दिलाती है। अनामिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिल रही है।सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एक ऐसा शिक्षण संस्थान है, जो न केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करता है बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी सहेजने का कार्य करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अनामिका शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और जिम्मेदार रही हैं। उनकी लगन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों से भी परिपूर्ण बनाना है, जिसका परिणाम इस वर्ष के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अनामिका के अलावा अमरेश, प्रभाकर, असरफ और समीर ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने अनामिका पाठक सहित सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धियां न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात हैं।

## महिला जन आक्रोश अभियान प्रेस वार्ता को प्रभारी मंत्री ने किया संबोधित

**●यह अभियान नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज में व्यापक जनजागरण उत्पन्न करने का सशक्त माध्यम है, तथा भारतीय जनता पार्टी सदैव मातृशक्ति के अधिकारों की रक्षा हेतु कृतसंकल्पित रही है और रहेगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**गौरीगंज, अमेठी।** 'महिला जन आक्रोश प्रदर्शन अभियान' के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, गौरीगंज में एक गरिमामयी एवं प्रभावपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अभियान की प्रासंगिकता एवं उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज में व्यापक जनजागरण उत्पन्न करने का सशक्त माध्यम है, तथा भारतीय जनता पार्टी सदैव मातृशक्ति के अधिकारों की रक्षा हेतु कृतसंकल्पित रही है। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं दृढ़ नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद के दोनों सदनों में पारित होकर विधि का स्वरूप प्राप्त कर चुका है। इस ऐतिहासिक निर्णय का राष्ट्रव्यापी अभिनंदन हुआ तथा देश की समस्त मातृशक्ति ने इसे उत्सव रूप में अंगीकार कर सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।उन्होंने आगे कहा कि यह अधिनियम लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के समुचित प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया था, किन्तु समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों द्वारा इसके प्रति अपनाया गया गैर-जिम्मेदाराना एवं नकारात्मक रवैया अत्यंत खेदजनक है। विपक्ष का यह आचरण नारी अधिकारों के प्रति घोर अन्याय एवं उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण का द्योतक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस व्यवहार से देशभर की महिलाओं के मन में गहन आक्रोश व्याप्त है।

इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, जिला मंत्री एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह, प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख राकेश विक्रम सिंह सहित पार्टी के अन्य गणमान्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, समाजोत्थान एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति पुनः दृढ़ संकल्प के साथ हुआ।

## विपक्ष ने किया नारी शक्ति का अपमान, महिलाएं हुईं आक्रोशित- सतीश शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गौरीगंज, अमेठी।** जिले के गौरीगंज स्थित महाविद्यालय परिसर में 'महिला जन आक्रोश प्रदर्शन अभियान' के अंतर्गत एक भव्य एवं गरिमामयी जिला महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई हजारों महिलाओं की सशक्त उपस्थिति ने आयोजन को ऊर्जा और व्यापकता प्रदान की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री तथा अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'विपक्ष ने लगातार नारी शक्ति का अपमान किया है, जबकि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।' उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की, जबकि संयोजन जिला महामंत्री विषुव मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री आशा बाजपेई ने प्रभावी ढंग से किया। सम्मेलन के पश्चात महिलाओं ने एक संगठित एवं अनुशासित 'जन आक्रोश मार्च' निकाला। इस दौरान महिलाओं ने समाज में व्याप्त अन्याय एवं विपक्षी दलों की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। मार्च के समापन के बाद राज्य मंत्री के प्रस्थान उपरांत महिलाओं ने सपा, कांग्रेस, टीएमसी सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया।इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री गीता सिंह, रानी शांभवी सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं। सभी ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया और समाज में महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम ने न केवल नारी शक्ति के जागरण का संदेश दिया, बल्कि संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया।

### काशीराम कॉलोनी में पानी संकट गहराया, एक हैंडपंप पर टिकी सैकड़ों लोगों की उम्मीद

कानपुर। कानपुर के रामादेवी क्षेत्र स्थित सनिगवां की काशीराम कॉलोनी फेस-2 ( वार्ड 31 ) में इन दिनों पानी की गंभीर समस्या सामने आई है। कॉलोनी की जनता पीने के पानी के लिए जूझ रही है और पूरे इलाके में केवल एक हैंडपंप ही लोगों का सहारा बना हुआ है। सुबह से ही पानी भरने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पाइपलाइन से आने वाला पानी साफ नहीं है, बल्कि उसमें नाले का गंदा पानी मिल रहा है, जिससे स्थिति और भी खराब हो गई है। लोगों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें वही गंदा पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है या फिर एकमात्र हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने वार्ड 31 के पार्षद पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई और पार्षद कभी मौके पर आकर समस्या का जायजा भी नहीं लेते। एक ओर जहां सरकार द्वारा प्रदेश में बिजली-पानी की व्यवस्था सुधारने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस कॉलोनी की स्थिति उन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द साफ पेयजल की व्यवस्था कराई जाए, पाइपलाइन की जांच कर समस्या दूर की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें इस परेशानी से राहत मिल सके।

## जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**●अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी द्वारा सम्बन्धित थानों पर सुनी गयी जनता की समस्याएं**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** शनिवार दिनांक 25.04.2026 को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना करमा पर जन समस्याओं को सुना गया तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारीगण द्वारा सम्बन्धित थानों पर जनता की समस्याएं सुनी गयी। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 10 व राजस्व से सम्बन्धित 85 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 72 प्रार्थना पत्रों में से 73 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा थाना करमा का निरीक्षण।




निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना करमा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना, बैरक एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने एवं शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत में तीन नामित सभासदों ने ली शपथ



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने शासन की ओर से नामित तीन सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नामित सभासद राजेश कुमार निर्मल, गिरजा शंकर बाजपेई और दीपा सिंह ने शपथ ली। शपथ के बाद तीनों ने जनसेवा और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नव नामित सभासदों को बधाई दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि तीनों सभासद अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि ये सभी नगर पंचायत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह, डॉ. अविनाश सिंह, अखिलेश बाजपेई, शिवशंकर मिश्रा, मनोज दीक्षित, वीरेंद्र यादव, ऋतिक मिश्रा, सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी, अतुल शर्मा, बबलू तिवारी और राजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### महमूदाबाद की अंशिका वर्मा ने रचा इतिहास, यूपी बोर्ड में कला वर्ग में किया टॉप



**महमूदाबाद-** सीतापुर यूपी बोर्ड परीक्षा में सीता इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा अंशिका वर्मा ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कला वर्ग में प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अंशिका की इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बाराबंकी जिले के ररिया हसनपुर गांव निवासी अंशिका वर्मा के पिता भोलानाथ वर्मा पेशे से शिक्षक हैं, जबकि माता संगीता वर्मा गृहणी हैं। अंशिका ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर संस्कृत में 97, हिंदी में 96, गृह विज्ञान में 96, भूगोल में 93 और शिक्षाशास्त्र में 90 अंक प्राप्त किए। अंशिका की इस सफलता पर एजुकेशन टेक कंपनी अरिविहान की ओर से उसे 51 हजार रुपये की नकद धनराशि और एक लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन आर. के. वाजपेयी, डिप्टी डायरेक्टर आंजनेय आशीष और वागीश दिनकर सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बीएलओ ड्यूटी में लगे शिक्षकों को जनगणना कार्य से मुक्त करने की मांग ,खंड शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र



**महमूदाबाद-सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (इकाई महमूदाबाद) ने बीएलओ कार्य में लगे शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने की मांग को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर को संबोधित पत्र खंड शिक्षा अधिकारी महमूदाबाद को सौंप कर समस्या के समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष हंसराज वर्मा एवं मंत्री ज्ञानेश मिश्र द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है। कि विकास खंड के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं पहले से ही बीएलओ के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य भी चल रहा है। ऐसे में उन्हीं शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी में भी लगा दिया गया है, जिससे एक साथ दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कठिन हो रहा है। पत्र में कहा गया है कि दोहरी ड्यूटी के कारण कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता प्रभावित होने की आशंका है। संघ ने प्रशासन से मांग की है। कि बीएलओ कार्य में पहले से तैनात शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त किया जाए, ताकि दोनों कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें,संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो शिक्षक हित में आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल उजागर, मरम्मत के नाम पर धन निकासी

● ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद/ लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में इन दिनों भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मिलीभगत कर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बेहद खराब हैं। सबसे बड़ा आरोप सरकारी हैंडपंपों और नलों की मरम्मत को लेकर लगाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत में कई सरकारी नल और हैंडपंप वर्षों से खराब पड़े हुए हैं, जिससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके, पंचायत के रिकॉर्ड में इनकी नियमित मरम्मत दर्शाकर लाखों रुपये का भुगतान निकाला जा रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर वास्तव में मरम्मत कराई गई होती, तो आज उन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उन्होंने इस समस्या को लेकर प्रधान और सचिव से शिकायत की, लेकिन हर बार उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया। इतना ही नहीं, कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब भी कोई व्यक्ति पंचायत में हो रहे कार्यों पर सवाल उठाता है या किसी विकास कार्य की मांग करता है, तो उसे धमकाया जाता है और चुप रहने के लिए दबाव बनाया जाता है। इस वजह से गांव में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि पंचायत में पारदर्शिता पूरी तरह से खत्म हो चुकी है और आम जनता की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच रहा है, जबकि कागजों में सब कुछ सही दिखाया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, गांव में खराब पड़े सभी सरकारी नलों और हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी, तो वे जिला प्रशासन को शिकायत करने को मजबूर होंगे। फिलहाल इस मामले में संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करेगा।

## मलिहाबादः पुरानी रंजिश में पल्सर सवार युवक ने किया जानलेवा हमले का प्रयास, पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

● .....रामपुर बस्ती में सनसनीः आरोपी ने बाइक से कुचलने की कोशिश की, पुलिस के पहुंचने से पहले हुआ फरार, दहशत में ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ (मलिहाबाद)।** मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के रामपुर बस्ती गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की जान लेने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित आदित्य प्रताप सिंह जब अपने चचेरे भाई के घर के बाहर खड़े थे, तभी गांव के ही दबंग आरोपी प्रमोद कुमार ने अपनी तेज रफ्तार पल्सर बाइक (Px2 LJ 3581) से उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मारकर जान से मारने का प्रयास किया। गनीमत रही कि आदित्य ने किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित की पत्नी का आरोप है कि आरोपी पहले भी उनके परिवार को फर्जी मुकदमों में फंसा चुका है और अब जान से मारने की धमकियां देते हुए रात के समय गांव के बाहर अपने साथियों के साथ घेराबंदी भी कर रहा है।

घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम के आने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। गौरतलब है कि पीड़ित के जेठ की पूर्व में हत्या हो चुकी है, जिससे परिवार की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़िता ने प्रशासन से आरोपी के ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के कागजों की जांच सहित कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी को टाला जा सके।

## दो दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को आर्थिक सहायता की संस्तुति




**लखनऊ।** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने दो दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को मुख्यमंत्री कोष से आर्थिक सहायता दिए जाने की राज्य सरकार से संस्तुति की है। लखनऊ के मुख्य धारा के दो पत्रकारों विधि सिंह और मोहम्मद इरफान का दो माह पूर्व असमयिक निधन हो गया था। यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी एवं लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरन सिंह ने उक्त दोनों स्वर्गीय पत्रकारों के परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आर्थिक सहायता दिए जाने का अनुरोध किया था। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने यूनियन के उसी अनुरोध पत्र पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता दिए जाने की संस्तुति की है।

# युवती का आठ सालों से शारीरिक शोषण कर रहा है मंदिर का महंत

●तहरीर देने के बाद भी पीड़िता की फरियाद नहीं सुन रही है पुलिस

●पीड़िता ने कहा न्याय न मिला तो मुख्यमंत्री की जनता अदालत में सीएम से करेगी न्याय की फरियाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज-रायबरेली।** लालगंज नगर के सर्राफा मंडी स्थित एक मंदिर के महन्त एक युवती को बीते 8 वर्षों से ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़ित महिला कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मंहत के काले कारनामे उजागर किया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस ने मूंक रवैया अख्तियार किया हुआ है। मंदिर का मंहत बीते आठ सालों से न पीड़िता शीलू निवासी शांतीनगर लालगंज के साथ जबरन अबैध सम्बध बना रखा है। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बांटे गये प्रसाद में नशीला पदार्थ खिला कर न केवल बेहोश कर दिया बल्कि दुराचार कर उसी नग्न वीडियो बना कर सालों से अपना उल्लू सीधा कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया तो पति व उसके बच्चों की हत्या की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ हो रहे अत्याचार में उसकी मां की भूमिका संदिग्ध है। महंत अयोध्या की एक गद्दीधारी मंहत का शिष्य भी है। पीड़िता का कहना है कि इसने उसकी मां को विश्वास में लेकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा है। इस महंत ने उसकी शादी अयोध्या में अपने भतीजे के साथ करा कर वहां भी उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। महंत के काले कारनामे उजागर होने के बाद मंहत पर भरोसा करने वाले उनके शिष्यों के पैरों के तले से जमीन खिसक गयी है। इस महंत के खिलाफ लोगों में खांसा आक्रोश है। घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गयी है लेकिन पीड़िता की नहीं सुन रही है। पीड़िता ने बताया कि कोतवाली के महिला डेस्क पर घटना की समूची जानकारी लिखित तौर पर दी है। महिला डेस्क ने उससे जल्द ही न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। मगर तहरीर देने के तीन दिन बाद भी न तो उसकी प्राथमिकी दर्ज की है और न ही कोई जांच ही शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक और महिला पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का दावा कर रहे हैं वहीं रायबरेली जिले की लालगंज कोतवाली पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय उन्हे टहला रही है। आठ साल से शरीरिक शोषण का शिकार महिला मानसिक उत्पीड़न के दौर से गुजर रही है। मगर कोई सुनने वाला नहीं है। पीड़िता शीलू का कहना है कि मंहत आये दिन जान से मारने की धमकी इस लिए दे रहा है कि वह अपना मुंह बंद कर ले। पीड़िता ने कहा कि पुलिस ने उसके साथ घटित घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई न की तो वह मुख्यमंत्री की जनता अदालत पंहुच कर न्याय की फरियाद करेगी।

## हनुमान मंदिर परिसर में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश




**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर की व्यापक साफ सफाई की गई। मंदिर के पुजारी, सेवादार और सफाई कर्मियों ने मिलकर श्रमदान किया। परिसर में फैले कूड़े को एकत्र किया गया। इसके बाद कूड़े का समुचित निस्तारण कराया गया। मंदिर के आसपास की साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मंदिर के पुजारी ने आने वाले श्रद्धालुओं से भी साफ सफाई बनाए रखने की अपील की गई। मंदिर के पुजारी पं. सत्यम द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता से ही पवित्रता बनी रहती है। नियमित सफाई से मंदिर का वातावरण अच्छा रहता है। इस मौके पर शिवम मिश्रा, लक्ष्मी बाबा, शिवम और सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# मजदूरी मांगने पर युवती समेत चार श्रमिकों को लाठी डंडों से पीटा, केस दर्ज




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के झाऊलाल का पुरवा गांव में शनिवार को मजदूरी मांगना चार श्रमिकों को भारी पड़ गया। काश्तकार व उसके परिजनों ने युवती समेत चार लोगों को लाठी-डंडों से पीट दिया। इससे सभी घायल हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बहाई गांव निवासी वीरू, अंकित, तनुजा और ऋषि पासी ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वे लोग गेहूं की कटाई करने झाऊलाल का पुरवा गांव गए थे। काम पूरा होने के बाद मजदूरी मांगने पर काश्तकार से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात पर देशराज, उसका बेटा पंकज और अवधेश भड़क गए। तीनों ने खेत में लगे बांस और डंडे उखाड़ लिए। इसके बाद चारों श्रमिकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। एक एक कर सभी को बेरहमी से पीट दिया।मारपीट में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख पुकार मच गई।आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मजदूरी मांगने पर ही उन्हें निशाना बनाया गया। घटना के बाद श्रमिकों में दहशत का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अलीगढ़ में सड़क धंसने से मजदूर की मौत; सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में पाइपलाइन मरम्मत के दौरान दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत का संज्ञान लिया है। मामले के लिए जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति घटना की सम्पूर्ण जांच कर 3 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही मृतक मजदूर के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक मदद घोषित की गई है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि अलीगढ़ नगर निगम द्वारा रेलवे रोड क्षेत्र में संचालित सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत सड़क, सीवर एवं नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में अप्सरा सिनेमा के सामने क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य जलकल विभाग द्वारा कराया जा रहा था। कार्यस्थल पर सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत और सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। बावजूद इसके पाइपलाइन जोड़ने के दौरान अचानक सड़क का एक हिस्सा ढह गया, जिससे एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर निगम ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है।

# मलिहाबाद में महिला ने पति पर लगाए गंभीर आरोप, जान से मारने की धमकी का भी आरोप

● पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद/लखनऊ।** लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने ही पति पर मारपीट, अवैध संबंध और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरावा गांव निवासी गुड़िया सोनवानी (पत्नी वीरेंद्र कुमार) ने थाना मलिहाबाद में दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब 17 वर्ष पहले हिंदू रीति-रिवाज से वीरेंद्र कुमार के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसका पति उसकी सौतेली बहन के साथ अवैध संबंध रखता है और उसे भी जबरन घर में रखे हुए है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 22 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 बजे उसके पति ने उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी पति ने उसे लात-घूंसे और डंडे से बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, जब महिला ने बचाव में डंडा छीन लिया तो पति ने जेब से धारदार हथियार निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की। पीड़िता के अनुसार, उसके शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया, लेकिन जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी दी। महिला के शरीर पर चोट के कई निशान बताए जा रहे हैं और वह इस घटना से बेहद डरी और सहमी हुई है। महिला का कहना है कि अगर उसके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार उसका पति होगा। पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में पुलिस से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।




# लखनऊ की सलोनी ने लगाई ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की उड़ान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सलोनी का विश्व विख्यात ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एमबीए प्रोग्राम के लिए हुआ एडमिशन सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष डॉ0 पुष्पलता अग्रवाल की पोती एवं सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के प्रबंध निदेशक एवं निर्माणाधीन ज्ञानशिला विश्वविद्यालय के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की बेटी है सलोनी सेंट जोसेफ मॉन्टेसरी स्कूल राजीपुरम की एलुमिनाई सलोनी अग्रवाल ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम मे एमबीए कोर्स में एडमिशन लेकर अपने माता पिता एवं पूरे विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। सलोनी के पिता सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल हैं और शिक्षा के क्षेत्र में विगत 28 वर्षों से अनवरत कार्य कर रहे हैं। अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर सलोनी की माता नम्रता अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सलोनी की अथक मेहनत और निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने और उसे प्राप्त करने की लगन की वजह से ही उसे आज यह उपलब्धि प्राप्त हुई है, हम सब बहुत खुश हैं। सलोनी ने अपनी बैचलर्स की पढ़ाई यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन से कर एवं विश्व की अकाउंटिंग की प्रथम 4 कंपनियों में से एक प्राइसवाटरहाउस कूपर क्व्ट में दो वर्षों से कार्य कर रही है। आज उसने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एमबीए कोर्स मैं एडमिशन लेकर यह साबित किया कि यदि कोई लक्ष्य निर्धारित कर लिया जाए, तो उसे पाना असंभव नहीं है, बस उसके लिए कठोर परिश्रम की आवश्यकता है। सलोनी की दादी सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर पुष्पलता अग्रवाल है और उन्हें अपनी पोती के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एडमिशन की बेहद प्रसन्नता है। उन्होंने कहा, जल्दी ही सलोनी अपना कोर्स करके वापस आएगी और जो ज्ञानशिला विश्वविद्यालय निर्माणाधीन है उसमें अपने पिता अनिल अग्रवाल का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि सलोनी का भाई सृजन अग्रवाल भी किंग्स कॉलेज लंदन से अपना एमबीए कर रहा है और वह भी जल्दी ही विद्यालय के कार्यों को देखेगा और संस्था को आगे बढ़ाएगा। यह नाम




सलोनी की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। जिन शिक्षक शिक्षिकाओं ने सलोनी को पढ़ाया था, वे सभी अत्यधिक उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सलोनी शुरुआत से ही अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहती थी और जो ठान लेती थी वो करके दिखाती थी सलोनी विद्यालय की हर गतिविधियों में भाग लेती थी। उसके ऑलराउंडर होने की प्रतिभा ने ही यह दर्शा दिया था कि वह अपने जीवन में कुछ न कुछ बड़ा करेगी। आज उसने विश्व की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेकर यह बात साबित कर दी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या लीना शर्मा ने कहा कि लंदन से लौटने पर सलोनी का विधिवत सम्मान सेंट जोसेफ विद्यालय समूह द्वारा किया जाएगा।

# एक क्लिक से बच सकती है जानः सेफ्टी वीक में सीट बेल्ट को लेकर जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से 'सेफ्टी वीक 2026' के तहत सीट बेल्ट के महत्व को लेकर सुएज द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि एक छोटी-सी आदत–सीट बेल्ट लगाना–जीवन और मृत्यु के बीच बड़ा अंतर बना सकती है। अभियान में आम धारणा (मिथ) और वास्तविकता (फैक्ट) के बीच का फर्क स्पष्ट किया गया है। अक्सर लोग मानते हैं कि दुर्घटना के समय सीट बेल्ट उन्हें वाहन में फंसा सकती है, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि सीट बेल्ट तेजी से खुलने के लिए ही डिजाइन की जाती है और यह व्यक्ति को वाहन से बाहर फेंके जाने से बचाती है, जो अधिक खतरनाक होता है। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्रों में कई लोग सीट बेल्ट को अनावश्यक समझते हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार अचानक ब्रेक या फिसलन की स्थिति में बिना सीट बेल्ट के वाहन से बाहर फेंके जाने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यहां तक कि 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर भी बिना सीट बेल्ट गंभीर या जानलेवा चोट लग सकती है। विशेषज्ञों ने यह भी स्पष्ट किया कि अनुभवहीनता या अनुभव–दोनों ही दुर्घटनाओं को नहीं रोक सकते, लेकिन सीट बेल्ट चोट के खतरे को काफी हद तक कम कर देती है।

इस अवसर पर सुएज के हेल्थ एंड सेफ्टी मैनेजर पंकज सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को यात्रा से पहले सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुएज लखनऊ में अपनी विभिन्न साइटों पर इस अभियान को सक्रिय रूप से चला रहा है और अपने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस विषय में जागरूक कर रहा है। 'सीट बेल्ट–एक क्लिक जो सब कुछ बदल दे,' यही संदेश इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

## पशु स्वास्थ्य से किसान समृद्धिः धूमधाम से मना विश्व पशु चिकित्सा दिवस

**देवरिया।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीवीओ डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने की। इस अवसर पर प्रोग्राम मैनेजर राजन विश्वकर्मा, मोबाइल वेटनरी यूनिट 1962 के पशु चिकित्सक डॉ. अंकित, डॉ. बलवन्त, डॉ. प्रजेश नारायण, डॉ. वेंकटेश्वर, डॉ. पारसनाथ सहित एमटीएस व चालकगण उपस्थित रहे। सदर पशु चिकित्सालय से राकेश भारती, सत्येंद्र, रामप्रताप व धन्वन्तरि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सीवीओ डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पशु चिकित्सक समाज के मूक सेवक हैं। पशुओं का स्वास्थ्य सीधे किसानों की आय और जनस्वास्थ्य से जुड़ा होता है। उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करने और मोबाइल वेटनरी यूनिट 1962 के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पशु सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराया।

# नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय टिकरा में धूम-धाम से सम्पन्न हुआ विदाई समारोह

●एन0के0के0सी0 में विदाई समारोह का आगाज

●नन्द किशोर कैलाश चन्द्र पी0जी0 कॉलेज टिकरा का ऐतिहासिक रहा फेयर-वेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां/ सीतापुर-** आज नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय, टिकरा, बिसवां, सीतापुर में बी0एस0सी0 एवं बी0कॉम0 तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का फेयर-वेल (विदाई समारोह) महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह, उमंग और आत्मीयता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गेम्स तथा सम्भाषण के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया, वहीं विद्यार्थियों द्वारा व्यक्त किए गए अनुभवों ने वातावरण को भावुक भी बना दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आत्मीय संवाद ने समारोह को विशेष बना दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक एवं शिया पी0जी0 कॉलेज लखनऊ के प्रोफेसर डॉ सुधाकर वर्मा, महाविद्यालय के डायरेक्टर सन्तोष वर्मा, ओ0एस0डी0 डॉ राहुल वर्मा, चीफ प्रॉक्टर पुष्पेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवांशु राठौर, अंकित वर्मा, ओम प्रकाश, मनीष वर्मा तथा शिक्षक वकार अहमद अंसारी, कोमल वर्मा, महक शुक्ला, तेज पाल एवं प्रदीप वर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संरक्षक डॉ सुधाकर वर्मा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आज का यह विदाई समारोह केवल एक अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से जो ज्ञान, अनुशासन और जीवन मूल्य प्राप्त किए हैं, वही उनके भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी सिद्ध होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने, परिवार और समाज का नाम रोशन करने तथा ईमानदारी और मेहनत के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह के अंत में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा एक-दूसरे को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। भावनाओं और स्मृतियों से भरा यह विदाई समारोह महाविद्यालय परिवार के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय पल बन गया।

# श्री लक्ष्मणपुरी (लखनऊ) में बड़ा मंगल




लखनऊ में ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले मंगलवार का दिन प्राणी मात्र के मंगल से जुड़ा हुआ दिन होता है। अपने मंगल के साथ- साथ सृष्टि के जड़, चेतन, स्त्री - पुरुष, पशु- पक्षी, कीट- पतंग एवं सम्पूर्ण जगत के मंगल की कामना की जाती है यही हिन्दुत्व की विशेषता है। यही हमारी भारतीय संस्कृति है जो सबके साथ समान व्यवहार की बात करती है। इन मंगलवार के दिनों में यहां संपूर्ण नगर के कोने -कोने में आम जनमानस द्वारा भंडारों का आयोजन किया जाता है। इन भंडारों की परम्परा लखनऊ में लगभग 400 वर्ष पुरानी है। यहां मंगल, जिसे बड़ा मंगल भी कहा जाता है, भगवान हनुमान को समर्पित एक हिंदू त्योहार है, जिसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार लखनऊ की एक अनूठी परंपरा है और नगर की सामाजिक , सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जो हिंदू धर्म के सभी मत - जैन, बौद्ध, सिक्ख और मुस्लिम संस्कृतियों के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को दर्शाता है। लखनऊ अलीगंज में स्थित श्री हनुमान मंदिर से यह परंपरा प्रारम्भ हुई मानी जाती है। हिंदू माह ज्येष्ठ के प्रत्येक मंगलवार ( आमतौर पर मई या जून में) को मनाया जाने वाला बड़ा मंगल, भगवान राम और हनुमान जी के मिलन की याद में मनाया जाता है। बड़ा मंगल मनाने की परंपरा अवध के नवाब सआदत अली खान ( 1798-1814) के शासनकाल से चली आ रही है। जनश्रुति कथाओं के अनुसार, नवाब के पुत्र मोहम्मद अली शाह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और तमाम प्रयत्नों के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। किसी ने उन्हें लखनऊ के अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी से आशीर्वाद लेने का सुझाव दिया । आशीर्वाद लेने के बाद पुत्र चमत्कारिक रूप से ठीक हो गए। कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, नवाब की पत्नी बेगम आलिया ने मंदिर का जीर्णोद्धार (पुनर्निर्माण) कराने का वादा किया। ज्येष्ठ माह में मंदिर का निर्माण पूरा हुआ और तब से बड़ा मंगल मनाया जाता है। लखनऊ से प्रारम्भ हुई इस बड़े मंगल की परम्परा आज वैश्विक पहचान को स्थापित कर रही है। बड़े मंगल के भंडारे अब उत्तर भारत के लगभग प्रत्येक जनपदों में लगाए जाते हैं। यह भंडारे आध्यात्मिक, धार्मिक भावना के साथ - साथ सांझी विरासत को भी अपनाए हुए हैं। लखनऊ के मोहल्लों में आयोजित होने वाले यह सभी भंडारे सभी भेदों से दूर बंधुत्व भाव, सामाजिक, सांस्कृतिक सौहार्द के पर्याय हैं। यहां कोई भी जाति, पंथ, संप्रदाय, मजहब का भेद नहीं है। सभी साथ मिलकर भंडारों का आयोजन करते हैं। यहां पर प्रसाद पाने वाले अमीर से लेकर गरीब तक, बड़ी- बड़ी कार मालिक से लेकर पैदल तक, बाल, युवा, प्रौढ़, वृद्ध से लेकर पशु - पक्षियों तक, मजदूर से लेकर प्रतिष्ठित उद्योगी तक, आश्रयहीन से लेकर बहुखंडी इमारतों तक और इस चेतन जगत में सभी को समान रूप से भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने की स्वतंत्रता हैं। सभी के लिए यहां के भक्त श्री हनुमानजी की प्रेरणा से सुचारू रूप से व्यवस्था संपादित करते हैं। इन भंडारों को आयोजित करने वालों से लेकर पंक्ति की कतार में खड़े प्रसाद लेने वाले भक्तों में कभी किसी के प्रति कोई भेद नहीं दिखता, कोई किसी की जाति नहीं पूछता सभी प्रेम से भक्ति से आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं। लखनऊ में सामाजिक समरसता की यह बड़े मंगल का अनूठा उदाहरण बनकर देश को समरसता का संदेश दे रहा है।

**इन भंडारों में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाता है।**

ज्येष्ठ माह के इन मंगलवारों में लगने वाले भंडारे केवल लोगों की भूख ही शांत नहीं करते बल्कि बदलते जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। यहां अनेकों स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के भी उपक्रम चलाए जाते हैं। पूरे नगर में एक दिन में हज़ारों की संख्या में भंडारे संचालित होते हैं जिनकी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को ध्यान में रखकर व्यवस्था करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं प्लास्टिक मुक्त भंडारा, हरित भंडारा, जैसे विभिन्न प्रकार के अभियान चलाकर लकड़ी के चम्मच का प्रयोग, पारम्परिक पत्तल और कटोरियों का प्रयोग, जल के लिए मिट्टी के कुल्हड़ का प्रयोग किए जाने का जगह -जगह पर उपक्रम होते हैं। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी सामान्यतः ज्येष्ठ माह में ही आता है उस दिनांक को हरित भंडारा के स्लोगन के साथ , भारी संख्या में लोगों से वृक्षारोपण का निवेदन किया जाता है तथा कई स्थानों पर पौधों का निःशुल्क वितरण भी होता है। इन भंडारों में भक्तों, आयोजकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा आस पास का वातारण, कार्यक्रम स्थल स्वच्छ एवं भक्तिमय रहे इस लिए कई प्रकार के अन्य स्वच्छता के उपक्रम किए जाते हैं, जहां प्लास्टिक मुक्त परिसर, जल का अपव्यय रोकना, गीला और सूखा कचरा रखने के लिए अलग- अलग कूड़ेदान का प्रयोग एवं आए श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने के लिए विनम्र निवेदन किया जाता है। इस प्रकार यह ज्येष्ठ माह के सभी मंगल ही नहीं बल्कि पूरा ज्येष्ठ माह ही श्री हनुमानजी की भक्ति में डूबा रहता है। कहते हैं कि यह आयोजन इतने बड़े स्तर पर होता है कि पूरे नगर में कोई भूखा न रहे यही सबका पुण्य होता है।

**बाल भास्कर मिश्र**

# मासूमियत पर हमलाः सूरत की घटना ने झकझोरा समाज तीन साल की बच्ची के साथ दरिंदगी ने उठाए सुरक्षा, संस्कार और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल



सूरत जैसे विकसित और व्यस्त शहर में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे समाज को भीतर तक हिला दिया है। एक तीन साल की मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि हमारे सामाजिक ढांचे, पारिवारिक सतर्कता और नैतिक मूल्यों पर भी गहरी चोट पहुंचाती है। यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं है, बल्कि यह उस सोच का प्रतिबिंब है जिसमें इंसान अपनी इंसानियत खोकर दरिंदगी की हद तक गिर जाता है। जिस उम्र में एक बच्ची ठीक से बोलना भी नहीं सीख पाती, उस उम्र में उसके साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार समाज के लिए शर्मनाक और चिंताजनक है। घटना का विवरण जितना दुखद है, उतना ही भयावह भी है। बच्ची अपने ही घर में सुरक्षित समझी जाने वाली जगह पर थी, लेकिन एक दरिंदे ने मौके का फायदा उठाकर उसकी मासूमियत को रौंदने की कोशिश की। यह सवाल उठता है कि आखिर एक व्यक्ति किस हद तक संवेदनहीन हो सकता है कि उसे एक छोटी बच्ची पर भी दया नहीं आती। यह केवल एक व्यक्ति की विकृत मानसिकता का मामला नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक गिरावट का संकेत भी है जहां इंसान अपने नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। इस घटना ने माता-पिता की जिम्मेदारी पर भी चर्चा को जन्म दिया है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में अक्सर ऐसा होता है कि छोटे बच्चों को कुछ समय के लिए अकेला छोड़ दिया जाता है, यह सोचकर कि वे घर के अंदर सुरक्षित हैं। लेकिन यह घटना बताती है कि खतरा केवल बाहर नहीं, बल्कि आसपास भी हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा केवल दरवाजे बंद करने से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसके लिए निरंतर निगरानी और सतर्कता आवश्यक है। अभिभावकों को यह समझना होगा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। हालांकि, इस मामले में बच्ची की मां की सतर्कता ने एक बड़ी अनहोनी को रोका। समय पर पहुंचकर उन्होंने आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया, जिससे यह साबित होता है कि जागरूकता और त्वरित प्रतिक्रिया कितनी महत्वपूर्ण होती है। लेकिन हर मामले में ऐसा संभव नहीं होता, इसलिए समाज को मिलकर ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। इस घटना ने पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। जिस क्षेत्र में आरोपी बिना किसी किरायानामा के रह रहा था, वहां की निगरानी व्यवस्था कितनी कमजोर थी, यह स्पष्ट होता है। यदि किरायेदारों का सही रिकॉर्ड रखा जाता और नियमित जांच होती, तो शायद ऐसे अपराधियों पर पहले ही नजर रखी जा सकती थी। पुलिस को केवल घटना के बाद कार्रवाई करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें पहले से ही ऐसे संभावित खतरों को पहचानने और रोकने की दिशा में काम करना चाहिए। समाज में बढ़ते अपराधों के पीछे एक बड़ा कारण बदलती जीवनशैली और तकनीक का गलत उपयोग भी है। मोबाइल और इंटरनेट ने जहां दुनिया को जोड़ा है, वहीं यह कई बार गलत दिशा में भी ले जा रहा है। अश्लील सामग्री की आसान उपलब्धता और उस पर नियंत्रण की कमी ने कुछ लोगों की सोच को विकृत कर दिया है। हालांकि हर व्यक्ति पर इसका नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जिनकी मानसिकता पहले से कमजोर होती है, वे इससे प्रभावित होकर गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। यह भी जरूरी है कि हम बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार सुरक्षा और जागरूकता के बारे में सिखाएं। भले ही तीन साल की बच्ची इतनी समझदार नहीं होती कि वह खुद को बचा सके, लेकिन बड़े होते बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में जानकारी देना बेहद जरूरी है। इससे वे किसी भी असामान्य स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं और अपने माता-पिता को बता सकते हैं। इस घटना के बाद समाज में गुस्सा और आक्रोश स्वाभाविक है। लोगों द्वारा आरोपी की पिटाई करना उनके भीतर के आक्रोश को दर्शाता है, लेकिन यह भी समझना जरूरी है कि कानून अपने तरीके से काम करता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसे अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि यह दूसरों के लिए एक उदाहरण बन सके। पॉक्सो एक्ट जैसे कानून इसी उद्देश्य से बनाए गए हैं, लेकिन इनका प्रभाव तभी दिखेगा जब उनका सख्ती से पालन किया जाए। इस घटना ने यह भी दिखाया है कि समाज में सामूहिक जिम्मेदारी की कितनी आवश्यकता है। केवल पुलिस या सरकार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। हर व्यक्ति को अपने आसपास के माहौल पर नजर रखनी होगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देनी होगी। पड़ोसियों के बीच आपसी संवाद और सतर्कता भी ऐसे मामलों को रोकने में मदद कर सकती है। अंततः यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। क्या हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां बच्चे सुरक्षित नहीं हैं? क्या हमारी प्रगति केवल आर्थिक और तकनीकी तक सीमित रह गई है, जबकि नैतिक और सामाजिक मूल्य पीछे छूटते जा रहे हैं? इन सवालों के जवाब हमें खुद तलाशने होंगे। जरूरत इस बात की है कि हम इस घटना को केवल एक खबर की तरह न देखें, बल्कि इससे सीख लें और अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। अभिभावक अधिक सतर्क रहें, समाज अधिक जागरूक बने और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए। तभी हम एक ऐसा वातावरण बना पाएंगे जहां हर बच्चा सुरक्षित और निश्चिंत होकर अपना बचपन जी सके। इस तरह की घटनाएं केवल पीड़ित परिवार को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को घायल करती हैं। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम मिलकर ऐसे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं और एक सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। तभी हम सच्चे अर्थों में मानवता को बचा पाएंगे और आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य दे सकेंगे।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## राघव चड्ढा की बगावत और आम आदमी पार्टी का भविष्य क्या यह एक राजनीतिक मोड़ है या टूट की शुरुआत



भारतीय राजनीति में दल बदल और आंतरिक बगावत कोई नई बात नहीं है लेकिन जब किसी उभरती हुई पार्टी के भीतर इस तरह का बड़ा घटनाक्रम सामने आता है तो उसके दूरगामी असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हाल ही में राघव चड्ढा और उनके साथ कई राज्यसभा सांसदों का आम आदमी पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी में जाने का फैसला एक बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत देता है। यह केवल व्यक्तियों का दल बदल नहीं बल्कि एक संगठन की आंतरिक स्थिति और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आम आदमी पार्टी ने अपने गठन के समय खुद को एक वैकल्पिक राजनीति के रूप में प्रस्तुत किया था। ईमानदारी पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को केंद्र में रखकर इस पार्टी ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की। दिल्ली में लगातार जीत और पंजाब में सरकार बनाना इस बात का प्रमाण था कि जनता ने इस पार्टी को स्वीकार किया है। लेकिन अब जिस तरह से पार्टी के भीतर असंतोष और टूट सामने आ रही है वह यह संकेत देता है कि अंदरूनी ढांचे में कहीं न कहीं कमजोरी मौजूद है। राघव चड्ढा का पार्टी से अलग होना अचानक नहीं हुआ। पिछले कुछ वर्षों से उनके और पार्टी नेतृत्व के बीच दूरी की खबरें सामने आती रही थीं। महत्वपूर्ण बैठकों में अनुपस्थिति सोशल मीडिया पर अलग पहचान बनाने की कोशिश और संगठनात्मक गतिविधियों से दूरी यह सभी संकेत पहले से मौजूद थे। जब उन्हें राज्यसभा में उपनेता पद से हटाया गया तो यह स्पष्ट हो गया कि संबंध सामान्य नहीं रहे हैं। इसके बाद उनका इस्तीफा और फिर भाजपा में शामिल होना एक तय दिशा की ओर बढ़ता कदम प्रतीत होता है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है दो तिहाई सांसदों का गणित। भारतीय संविधान के तहत दल बदल कानून यह कहता है कि यदि किसी पार्टी के दो तिहाई सांसद एक साथ दूसरी पार्टी में शामिल होते हैं तो उनकी सदस्यता सुरक्षित रहती है। यही कारण है कि राघव चड्ढा ने अपने साथ पर्याप्त संख्या में सांसदों को जोड़ने का प्रयास किया। यह केवल राजनीतिक निर्णय नहीं बल्कि एक रणनीतिक कदम भी था जिससे उनकी संसदीय स्थिति बनी रहे। यहां सवाल उठता है कि क्या यह केवल व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का मामला है या फिर पार्टी की कार्यप्रणाली में वास्तविक समस्याएं हैं। जब एक दो नहीं बल्कि कई सांसद एक साथ पार्टी छोड़ते हैं तो यह संकेत देता है कि असंतोष व्यापक है। स्वाति मालीवाल जैसे नेताओं का पहले से असहज होना और अन्य नेताओं का अचानक अलग होना यह दर्शाता है कि संवाद और विश्वास की कमी रही है।

अब तुलना शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से की जा रही है। इन दोनों दलों में भी इसी तरह की टूट देखने को मिली थी जहां दो तिहाई विधायकों के अलग होने से पार्टी का नियंत्रण बदल गया। हालांकि वर्तमान स्थिति में आम आदमी पार्टी के मामले में यह टूट राज्यसभा तक सीमित है इसलिए सरकार पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। लेकिन यदि यही स्थिति पंजाब विधानसभा तक पहुंचती है तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। पंजाब इस समय आम आदमी पार्टी का सबसे मजबूत आधार है। यदि वहां भी इसी तरह का असंतोष पैदा होता है और बड़ी संख्या में विधायक अलग होते हैं तो पार्टी की पहचान और अस्तित्व दोनों पर खतरा आ सकता है। इसलिए यह घटनाक्रम केवल एक संसदीय बदलाव नहीं बल्कि भविष्य की संभावनाओं का संकेत भी है। भारतीय जनता पार्टी के लिए यह घटनाक्रम कई मायनों में लाभकारी है।

पहला राज्यसभा में उसकी संख्या बढ़ेगी जिससे विधायी प्रक्रिया में उसे मजबूती मिलेगी। दूसरा पंजाब जैसे राज्य में उसे नए चेहरों और नेटवर्क का फायदा मिलेगा। तीसरा राघव चड्ढा जैसे युवा और लोकप्रिय नेता का जुड़ना पार्टी की छवि को भी प्रभावित कर सकता है खासकर युवाओं के बीच। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा असर आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर पड़ता है। जिस पार्टी ने खुद को वैकल्पिक और साफ सुथरी राजनीति का प्रतीक बताया था उसके भीतर इस तरह की टूट यह संकेत देती है कि सिद्धांत और व्यवहार में अंतर हो सकता है। विपक्षी दलों को अब यह कहने का मौका मिलेगा कि यह पार्टी भी अन्य दलों की तरह ही आंतरिक संघर्ष और स्वार्थ की राजनीति से अछूती नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि राजनीति में व्यक्तित्व और संगठन दोनों का संतुलन जरूरी होता है। यदि नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद कमजोर हो जाए तो असंतोष बढ़ता है। आम आदमी पार्टी के मामले में यही स्थिति दिखाई देती है जहां कुछ नेताओं को लगता है कि उनकी भूमिका कम हो रही है या उनकी बात नहीं सुनी जा रही। आगे की राह आम आदमी पार्टी के लिए आसान नहीं है। उसे सबसे पहले अपने संगठन को मजबूत करना होगा और बचे हुए नेताओं के बीच विश्वास कायम करना होगा। साथ ही उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। इसके लिए पारदर्शी संवाद और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया जरूरी है।

दूसरी ओर यह भी संभव है कि यह संकट पार्टी के लिए एक अवसर साबित हो। कई बार संकट संगठन को आत्ममंथन का मौका देता है और नई दिशा तय करने में मदद करता है। यदि आम आदमी पार्टी इस स्थिति से सीख लेकर अपने ढांचे को सुधारती है तो वह फिर से मजबूत होकर उभर सकती है।

अंत में यह कहना गलत नहीं होगा कि राघव चड्ढा की बगावत केवल एक राजनीतिक घटना नहीं बल्कि एक संकेत है। यह संकेत है कि किसी भी संगठन में आंतरिक संतुलन और विश्वास कितना महत्वपूर्ण होता है। यह भी दिखाता है कि राजनीति में सिद्धांतों के साथ साथ व्यावहारिक रणनीति भी उतनी ही जरूरी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि आम आदमी पार्टी इस चुनौती का सामना कैसे करती है और क्या वह अपने मूल आदर्शों को बनाए रखते हुए खुद को फिर से संगठित कर पाती है या नहीं। वहीं भारतीय राजनीति में यह घटनाक्रम एक और उदाहरण के रूप में दर्ज होगा जहां सत्ता संतुलन और रणनीति ने एक नई दिशा तय की।

**कांतिलाल मांडोत**

## कविता




**संजीव-नी।**

शून्य सा मैं।

मेर वजूद आपको
भला नही लग सकयता,
जैसे किसी शांत कमरे में
अचानक रख दी गई
एक अनसुनी धड़कन।

मेरे शब्द आपको
चुभ भी सकते ,
मानों काँच पर चलती हुई धूप

थोड़ी देर के लिए
आँखों को असहज करती
पर वही धूप
धीरे-धीरे गुनगुनी लगने लगती ।

मैं सोचता हूँ,
क्या सचमुच मैं ही हूँ
उस असहजता का मूल
या फिर मेरे शब्दों में
कुछ ऐसा बचा रह गया
जो अभी तक पूरी तरह
चुप नहीं हुआ।

आपकी चुप्पी,दूरी
मेरे भीतर एक मिट्टी की
कोमल पगडंडी बना देती
जहाँ मैं खुद के साथ
चल पाता, खुद से बतियाता,
बिना किसी शोर के
बिना किसी सहमती
और अवसर के।

यह एक अबूझ शुरुआत
इसमें शून्य होने में भी
एक बीज की तरह
और भीतर कहीं
जिजीविषा का छोट
सा अंकुर पनपता ।

अब आपको मनाने की जगह
आप के भीतर उगने लगा
जैसे कोई पेड़
चुपचाप अपनी जड़ों के
विश्वास के साथ पनपता।

शायद किसी पल
मेरी उपस्थिति
आपको चुभे नही
बल्कि
किसी ठंडी छाया की तरह
थोड़ी देर थम जाने जैसी
भली लगने लगे।


**संजीव ठाकुर**

# भारतीय गणितीय मेधा का संघर्ष और उनका विश्वव्यापी प्रभाव

भारत की पावन धरा अनादि काल से ही ज्ञान और विज्ञान की जननी रही है। इस भूमि ने समय समय पर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है जिन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से न केवल राष्ट्र को गौरवान्वित किया बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त किया। इन्हीं दैदीप्यमान नक्षत्रों में से एक नाम है श्रीनिवास रामानुजन का। वे एक ऐसे गणितज्ञ थे जिनकी मेधा ने आधुनिक काल में पूरे विश्व को विस्मय में डाल दिया। उनका जीवन इस शाश्वत सत्य का जीवंत उदाहरण है कि यदि मनुष्य के भीतर अटूट लगन, अदम्य साहस और तीव्र जिज्ञासा हो तो वह अभावों के अंधकार को चीरकर सफलता के सूर्य तक पहुँच सकता है। रामानुजन ने अपनी अल्पायु में ही गणित के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए वे आज भी शोधार्थियों के लिए पहेली और प्रेरणा बने हुए हैं। उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के इरोड नामक एक छोटे से स्थान पर हुआ था। उनके पिता का नाम के. श्रीनिवास अयंगार था जो एक साधारण मुनीम के रूप में कार्य करते थे और माता का नाम कोमलतम्मल था। उनका परिवार अत्यंत सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंध रखता था जिसके कारण बचपन से ही उन्हें भौतिक सुख सुविधाओं की कमी खलती रही पर उनकी मानसिक संपदा इतनी धनी थी कि बाहरी बाधाएँ उन्हें अधिक समय तक रोक न सकीं।

रामानुजन का प्रारंभिक जीवन कुंभकोणम की गलियों में बीता जहाँ उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। बचपन से ही उनके व्यवहार में एक विशेष प्रकार की गंभीरता और एकाग्रता देखी जा सकती थी। जब उनके आयु के अन्य बालक खेलकूद में व्यस्त रहते थे तब रामानुजन संख्याओं के रहस्यों को सुलझाने में लीन रहते थे। उनका मन विद्यालयी पाठ्यक्रम की सीमाओं को लांघकर गणित की उस अनंत गहराइयों में उतरने के लिए व्याकुल रहता था जहाँ केवल शुद्ध तर्क और सूत्र विद्यमान थे। कहा जाता है कि मात्र 13 वर्ष की आयु में उन्होंने उच्च गणित के उन सिद्धांतों को समझ लिया था जिन्हें सामान्यतः स्नातक स्तर के विद्यार्थी भी कठिन मानते हैं। उनकी रुचि इतनी गहरी और एकाग्र थी कि वे अन्य विषयों की ओर ध्यान ही नहीं दे पाते थे। यही कारण था कि उनकी औपचारिक शिक्षा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। वे गणित की परीक्षा में तो शत प्रतिशत अंक प्राप्त करते थे परंतु इतिहास, भूगोल और अंग्रेजी जैसे विषयों में उनकी रुचि न होने के कारण वे असफल हो जाते थे। इस कारण उनकी छात्रवृत्ति भी रुक गई और उन्हें कई बार महाविद्यालय छोड़ना पड़ा। यह उनके जीवन का एक कठिन दौर था जहाँ समाज उन्हें एक असफल विद्यार्थी के रूप में देख रहा था परंतु उनके भीतर के गणितज्ञ को स्वयं पर पूर्ण विश्वास था।

शिक्षा अधूरी रहने के बाद भी रामानुजन ने अपने शोध कार्य को कभी थमने नहीं दिया। वे निरंतर अपनी पुस्तिकाओं में नए नए सूत्रों को अंकित करते रहते थे। उनके पास अध्ययन के लिए न तो कोई श्रेष्ठ पुस्तकालय था और न ही कोई अनुभवी मार्गदर्शक। वे स्वयं ही अपने शिक्षक थे और स्वयं ही शिष्य। उनके पास लिखने के लिए कागज की भी कमी रहती थी इसलिए वे एक स्लेट पर अपनी गणनाएं करते और अंतिम परिणाम को अपनी पुस्तिका में लिख लेते थे। यही वे पुस्तिकाएं थीं जो बाद में चलकर गणितीय जगत की सबसे बड़ी निधि बनीं। आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में एक साधारण लिपिक की नौकरी कर ली ताकि परिवार का भरण पोषण हो सके। इसी दौरान उनके अधिकारियों ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें प्रोत्साहित किया। रामानुजन के जीवन में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब उन्होंने इंग्लैंड के विख्यात गणितज्ञ जी. एच. हार्डी को पत्र लिखा। उस पत्र में उन्होंने अपने द्वारा खोजे गए लगभग 120 जटिल सूत्र और प्रमेय संकलित किए थे। हार्डी उन सूत्रों को देखकर स्तब्ध रह गए क्योंकि उनमें से कई सूत्र ऐसे थे जिनकी कल्पना भी उस समय के श्रेष्ठ यूरोपीय गणितज्ञों ने नहीं की थी। हार्डी ने तुरंत पहचान



लिया कि यह किसी साधारण व्यक्ति का कार्य नहीं है बल्कि एक दुर्लभ प्रतिभा का प्रमाण है।

हार्डी के निमंत्रण पर 1914 में रामानुजन इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय पहुँचे। वहां का वातावरण, संस्कृति और खानपान उनके लिए पूर्णतः भिन्न था। एक शाकाहारी और धार्मिक व्यक्ति होने के नाते उन्हें वहां कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा परंतु उनका लक्ष्य अटल था। उन्होंने हार्डी के साथ मिलकर शोध कार्य प्रारंभ किया। वहां उनकी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह पहचान मिली जिसके वे वास्तविक हकदार थे। उन्होंने संख्या सिद्धांत, अनंत श्रेणियों, विभाजन सिद्धांत और निरंतर भिन्नों के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किए। उनकी कार्यशैली बहुत अद्भुत थी। वे अक्सर बिना किसी लंबी प्रक्रिया के सीधे परिणाम प्रस्तुत कर देते थे। जब उनसे पूछा जाता कि ये सूत्र उनके मन में कैसे आते हैं तो वे बड़ी विनम्रता से कहते थे कि उनकी कुलदेवी उन्हें स्वप्न में ये सूत्र प्रदान करती हैं। यह उनकी श्रद्धा और मानसिक एकाग्रता का चरमोत्कर्ष था। उनकी खोजें इतनी सूक्ष्म थीं कि उन्हें सिद्ध करने में अन्य विद्वानों को दशकों का समय लग गया। 1918 में उन्हें रॉयल सोसाइटी का सदस्य निर्वाचित किया गया जो उस समय किसी भी भारतीय के लिए अपूर्व सम्मान था। इसी वर्ष उन्हें ट्रिनिटी महाविद्यालय के अधिछात्र के रूप में भी चुना गया।

इंग्लैंड की विषम जलवायु और द्वितीय विश्व युद्ध के समय उपलब्ध भोजन की सीमाओं ने उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। वे शाकाहारी थे और स्वयं खाना बनाकर खाते थे पर कार्य की अधिकता के कारण वे स्वास्थ्य की उपेक्षा करते रहे। उन्हें तपेदिक जैसी गंभीर बीमारी ने घेर लिया। अस्वस्थता की स्थिति में भी उनका मस्तिष्क निरंतर संख्याओं के बीच विचरण करता रहता था। उनके जीवन की एक बहुत ही प्रसिद्ध घटना उनके और हार्डी के बीच की बातचीत है जिसे आज 1729 की संख्या के रूप में जाना जाता है। जब हार्डी उनसे मिलने चिकित्सालय पहुँचे तो उन्होंने उल्लेख किया कि जिस वाहन से वे आए उसका अंक 1729 था जो कि एक अत्यंत ही निरर्थक और साधारण सा अंक प्रतीत होता है। रामानुजन ने तुरंत उत्तर दिया कि यह संख्या साधारण नहीं है बल्कि बहुत ही विशेष है क्योंकि यह सबसे छोटी ऐसी संख्या है जिसे दो अलग अलग तरीकों से दो घनों के योग के रूप में व्यक्त किया जा सकता है। उनके अनुसार 1729 को 1 के घन और 12 के घन के योग के रूप में भी देखा जा सकता है और 9 के घन तथा 10 के घन के योग के रूप में भी। इस घटना ने विश्व को बताया कि उनके लिए संख्याएं केवल प्रतीक नहीं थीं बल्कि वे उनके सजीव मित्रों के समान थीं।

स्वास्थ्य में सुधार न होने के कारण वे 1919 में भारत लौट आए। भारत आने पर उनका भव्य स्वागत हुआ परंतु उनकी शारीरिक स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही थी। वे अपने अंतिम समय तक भी बिस्तरे पर लेटे लेटे गणित के नए सूत्र लिखते रहे। अंततः 26 अप्रैल 1920 को मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में इस महान आत्मा ने पार्थिव शरीर त्याग दिया। रामानुजन का जीवन भले ही छोटा रहा हो लेकिन उनकी उपलब्धियां सदियों तक जीवित रहेंगी। उन्होंने आधुनिक गणित को जो दिशा दी उसका उपयोग आज कंप्यूटर विज्ञान, भौतिकी और यहाँ तक कि अंतरिक्ष विज्ञान में भी किया जा रहा है। उनके द्वारा छोड़ी गई अप्रकाशित पुस्तिकाओं पर आज भी विश्व भर के श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में शोध कार्य चल रहा है। भारत सरकार ने उनके अद्वितीय योगदान को सम्मान देते हुए उनके जन्मदिवस 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया है ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।

रामानुजन की कहानी केवल गणित की सफलता की कहानी नहीं है बल्कि यह मनुष्य की जिजीविषा और तपस्या की गाथा है। उन्होंने सिद्ध किया कि ज्ञान की साधना के लिए सुख सुविधाओं का होना अनिवार्य नहीं है बल्कि आंतरिक प्रकाश ही सबसे बड़ा मार्गदर्शक होता है। उनके जीवन के संघर्ष यह संदेश देते हैं कि असफलताएं केवल एक विराम हैं अंत नहीं। यदि वे अपनी परीक्षा की विफलताओं से हार मान लेते तो आज विश्व उनके महान सिद्धांतों से वंचित रह जाता। उनकी विनम्रता, सरलता और अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम उन्हें एक पूर्ण मानव बनाते हैं। आज जब हम आधुनिक युग की नई तकनीकी प्रगति को देखते हैं तो हमें उस महान गणितज्ञ का स्मरण अवश्य करना चाहिए जिसने अपनी कल्पना की शक्ति से शून्य से अनंत की यात्रा पूर्ण की। उनकी स्मृति हमारे हृदय में सदैव बनी रहेगी और उनकी प्रतिभा का आलोक पीढ़ियों को गणित की गूढ़ता को समझने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनका जीवन सदैव यह सिखाता रहेगा कि सच्ची लगन से असंभव को संभव बनाया जा सकता है। भारत की इस महान विभूति को शत शत नमन है जिनके कार्यों ने देश का मस्तक पूरे विश्व में गर्व से ऊंचा कर दिया।

**महेन्द्र तिवारी**


स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पति से फोन पर अनबन के बाद विवाहिता ने पिया कीटनाशक


**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरनहवा में शनिवार को एक विवाहिता ने घरेलू कलह के आवेश में आकर जहरीला पदार्थ पी लिया। बरनहवा निवासी राकेश कुमार की 24 वर्षीय पत्नी का अपने पति से फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। राकेश रोजगार के सिलसिले में करीब एक सप्ताह पूर्व ही पंजाब गया है। दूर देश में रह रहे पति के साथ हुई इस तीखी कहासुनी से क्षुब्ध होकर महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। विवाहिता का तबीयत बिगड़ता देख परिजन उसे तत्काल रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया जिससे महिला की स्थिति में सुधार हुआ। समय रहते चिकित्सीय सहायता उपलब्ध होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और उपचार के बाद स्वस्थ होने पर महिला को घर भेज दिया गया।

### अंतिमा तिवारी बनीं कॉलेज में टॉपर, अंशिका ने हासिल किया द्वितीय स्थान



**गोंडा (संवाददाता):** जनपद गोंडा के भवानीपुर उपाध्याय स्थित शिव कात्यानी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहद उत्कृष्ट रहा। छात्रा अंतिमा तिवारी ने 600 में से 542 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं अंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंतिमा तिवारी के पिता उत्तर प्रदेश डायल 112 सेवा में चालक हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अंतिमा ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका ने भी कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि दोनों छात्राएं शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी। इस उपलब्धि से न केवल छात्राओं के परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गोरखपुर में फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने किया बड़ा खुलासा



**गोरखपुर,** थाना चिलुआताल पुलिस ने धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर वादी की जमीन को अवैध तरीके से बेच दिया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद थाना चिलुआताल में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विनोद सिंह पुत्र परशुराम सिंह निवासी ग्राम रामूडीहा थाना एम्स तथा अनिल यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी नारायनपुर थाना एम्स के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना चिलुआताल में मु0अ0सं0 130/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सुरज सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अजय, कांस्टेबल महेश चौबे, अनिल यादव और सचिन्द्र शाह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्यवाही जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य संभावित लोगों की भी जांच की जा रही है।

# गोरखपुर में मनरेगा योजना ठप, 225 करोड़ से अधिक का बकाया बना संकट

- गोरखपुर में 1112 पंचायतों में मनरेगा कार्य ठप।
- योजना पर 225 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया।
- डिजिटल हाजिरी से मजदूरों की संख्या में गिरावट।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में कभी ग्रामीण रोजगार का मजबूत सहारा रही मनरेगा योजना आज गंभीर संकट से गुजर रही है। हालात यह हैं कि जिले की 1273 ग्राम पंचायतों में से 1112 पंचायतों में योजना पूरी तरह ठप पड़ चुकी है। जहां कभी गांव-गांव में निर्माण कार्य चलते थे और गरीब मजदूरों को अपने ही गांव में रोजगार मिलता था, वहीं अब अधिकांश जगहों पर काम बंद है और मजदूर बेरोजगार बैठे हैं। इस संकट की सबसे बड़ी वजह भुगतान का भारी बकाया है। मजदूरी, मैटरियल और कर्मचारियों के भुगतान मिलाकर 225 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया हो चुका है। इनमें सबसे अधिक 148.36 करोड़ रुपए मटेरियल का बकाया है, जो वर्ष 2024-25 और 2025-26 से लंबित है। लगातार बढ़ते बकाए ने योजना की रीढ़ तोड़ दी है। भुगतान न मिलने से ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों की रुचि योजना में लगभग खत्म हो चुकी है। वहीं मैटरियल सप्लायर भी उधार पर सामान देने को तैयार नहीं हैं। परिणामस्वरूप नए कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं और जो कार्य चल रहे थे, वे भी अधर में लटक गए हैं। वर्तमान में केवल 161 पंचायतों में ही मनरेगा के तहत काम चल रहा है, वह भी छोटे स्तर पर। यहां करीब 3600 लेबर काम कर रहे हैं।

मजदूरों की स्थिति भी चिंताजनक है। गांव-गांव में यह बात फैल चुकी है कि मनरेगा में काम करने के बावजूद मजदूरी समय पर नहीं मिल रही। यही कारण है कि काम उपलब्ध होने के बावजूद भी मजदूर काम करने को तैयार नहीं हैं। कई जगहों पर मजदूर ने पंचायत और ब्लाक स्तर पर विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं तो कर्मचारियों ने भी बकाया भुगतान को लेकर अपनी नाराजगी जताई है।

**कोरोना काल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा बना था मनरेगा**

कोरोना काल में यही मनरेगा योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा साबित हुई थी। जब दिल्ली, मुंबई और पंजाब जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर अपने गांव लौटे थे, तब इसी योजना ने उन्हें तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया था। उस समय गांवों में बड़े पैमाने पर कार्य हुए और मनरेगा ने संकट की घड़ी में सहारा दिया। लेकिन आज वही योजना अपने अस्तित्व के लिए जूझती नजर आ रही है।

**डिजिटल हाजिरी से भी घटी मजदूरों की संख्या**

एक मार्च से लागू की गई फेस रिकग्निशन प्रणाली ने भी योजना की कार्यप्रणाली को प्रभावित किया है। नई व्यवस्था के तहत मजदूरों की उपस्थिति अब पंचायत सहायक द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन दर्ज की जा रही है। इसमें मजदूर के चेहरे और आंख के रेटिना को पंजीकृत फोटो से स्कैन कर मिलान किया जाता है। सत्यापन के बाद ही उपस्थिति मान्य होती है। इस तकनीकी बदलाव के बाद मजदूरों की संख्या में अचानक गिरावट आई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पहले उपस्थिति दर्ज करने में गड़बड़ी की संभावना थी, जिसे अब नई प्रणाली ने काफी हद तक रोक दिया है। फेस रिकग्निशन प्रणाली पारदर्शिता बढ़ाने और फर्जीवाड़ा रोकने में प्रभावी साबित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही काम की गति भी धीमी पड़ी है।

**विभाग में कर्मचारियों का ब्योरा-** 13 एपीओ, 15 कंप्यूटर आपरेटर, 13 लेखा सहायक, 733 ग्राम रोजगार सेवक

### ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को मनबढ़ो ने पीटा तीन नामजद तथा आधा दर्जन पर केस दर्ज




**सहजनवा** तहसील के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवडार तुला निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को रास्ते में साइड न देने को लेकर मनबढ़ो ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के देवडार तुला निवासी दिलीप सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह जो ग्राहक सेवा केंद्र चलाते है।वह बैंक बंद कर अपनी गाड़ी से डुमरैला के रास्ते घर आ रहे थे।रास्ता पतला होने पर गाड़ी नीचे उतार लिया और साइड दे दिया। इसके बाद मनबढ़ गाली गुप्ता देने लगे। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ो ने मारपीट कर घायल पर दिया और गले से सोने की चैन भी लेकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गुड्डू,सूरज यादव,शेरू यादव तथा 5 से 6 अज्ञात के खिलाफ बलवा,मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी अभिरक्षा में



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** थाना एम्स क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और डंडा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 को अभियुक्तों ने वादी और उसके भाई पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की और फिर चाकू व लाठी-डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना एम्स में मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभके निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक एम्स की टीम ने कार्रवाई करते हुए सद्दाम हुसैन, अलाउद्दीन और अब्दुल जब्बार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मु0अ0सं0 103/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक गौरव तिवारी, उपनिरीक्षक राजकुमार, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह, कांस्टेबल शुभम सिंह और कांस्टेबल शैलेन्द्र वर्मा शामिल रहे।

# गोरखपुर का गौरव संग्रहालय, पूर्वांचल की समृद्ध विरासत को जीवंत करेगा यह नया केंद्र

- 1899 की म्यूनिसिपल बिल्डिंग बन रही गौरव संग्रहालय।
- 37.92 करोड़ की लागत से पूर्वांचल का इतिहास प्रदर्शित।
- वैदिक काल से स्वतंत्रता संग्राम तक की यात्रा दिखेगी।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पुलिस लाइन के सामने 1899 की ऐतिहासिक म्यूनिसिपल बिल्डिंग इन दिनों एक नए रूपांतरण की साक्षी बन रही है। कभी प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र रही यह इमारत अब पूर्वांचल की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत को संजोने वाले 'गौरव संग्रहालय' के रूप में आकार ले रही है। करीब 1.6 एकड़ क्षेत्र यह संग्रहालय 37.92 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है।

परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। पहले चरण में 23.36 करोड़ रुपये की लागत से भवन का ढांचा लगभग तैयार कर लिया गया है, जबकि आंतरिक साज-सज्जा और प्रदर्श व्यवस्था के लिए शासन से 18 करोड़ 42 लाख रुपये की स्वीकृत धनराशि की पहली किस्त पांच करोड़ रूपये भी जारी हो चुकी है। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल तेजी से इसे अंतिम रूप देने में जुटी है, जिससे जल्द ही यह संग्रहालय आमजन के लिए खुल सके। इस संग्रहालय की परिकल्पना इसे पारंपरिक प्रदर्श स्थल से आगे ले जाती है। यहां इतिहास को केवल देखा नहीं जाएगा, बल्कि उसे महसूस किया जा सकेगा। वैदिक काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक की यात्रा को अलग-अलग सात गैलरियों में इस तरह प्रस्तुत किया जाएगा कि दर्शक समय के विभिन्न पड़ावों से गुजरने का अनुभव करें।

बुद्ध काल, जैन परंपरा, नाथ पीठ और संत कबीर की विचारधारा को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। संग्रहालय में म्यूरल्स, फ्रेंस्को, स्कल्पचर्स, पेंटिंग्स और टेराकोटा मूर्तियों के जरिए पूर्वांचल की समृद्ध कलात्मक परंपरा को उकेरा जाएगा। वहीं डिजिटल डिस्प्ले, साउंड-लाइट इफेक्ट और इंटरएक्टिव गैलरियां इसे एक आधुनिक संग्रहालय का स्वरूप देंगी, जहां हर उम्र का दर्शक अपने तरीके से इतिहास से जुड़ सकेगा। परिसर में केवल प्रदर्श ही नहीं, बल्कि सुविधाओं का भी व्यापक ख्याल रखा गया है। लाइब्रेरी, कैफेटेरिया, डॉर्मिटरी, कॉन्फ्रेंस हॉल, पार्किंग और स्मरणिका स्टॉल जैसी व्यवस्थाएं इसे एक पूर्ण पर्यटन केंद्र का रूप देंगी।

**500 दर्शक देख सकेंगे कार्यक्रम**

संग्रहालय के प्रथम तल पर पर एक लघु प्रेक्षागृह भी होगा, जिसमें करीब 500 दर्शक बैठकर किसी कार्यक्रम को देख सकेंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए भूमि तल पर लाइब्रेरी, कैफेटेरिया, डारमेंट्री, कान्फ्रेंस हाल, पार्किंग, स्मरणिका स्टाल आदि की भी समुचित व्यवस्था होगी। भूमि तल का ग्रीन बेल्ट कुसम्ही जंगल में होने का अहसास कराएगा। प्रदर्श के तौर पर सजाई गई टेराकोटा मूर्तियां जिले की शिल्प समृद्धि का आईना होंगी।

**गैलरी और उसके प्रदर्श**

गैलरी-1 : वैदिक काल को समर्पित
गैलरी-2 : बुद्ध काल को समर्पित
गैलरी-3 : जैन काल को समर्पित
गैलरी-4 : नाथ पीठ को समर्पित
गैलरी-5 : संत कबीर को समर्पित
गैलरी- 6 व 7 : स्वतंत्रता संग्राम में पूर्वांचल

### एनडीआरफ की टीम ने किया नगर पंचायत उनवल में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम



**खजनी गोरखपुर** एन डी आर एफ के डी आई जी मनोज कुमार शर्मा के आदेश से नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उनवल में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया तथा सबको जागरुक किया गया नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उनवल में दिनांक 25.04.2026 को संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी एवं ग्रामीण लोगों को राहत व बचाव के लिए जागरूक किया गया। तथा उन्हें एनडीआरफ के टीम द्वारा आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए ट्रेनिंग भी दी गई। इस दौरान एनडीआरफ इंस्पेक्टर दीपक मण्डल नगर पंचायत अध्यक्ष श्री महेश कुमार दुबे जी सभासद प्रतिनिधि श्री योगेंद्र साहनी आपदा मित्र श्री मनोज कुमार चौरसिया उनवल प्रशिक्षण में भाग लिया और कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया।

### नवागत जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने जिले का पदभार संभाला





- जिलाधिकारी ने कहा शासन की योजनाओं का क्रियान्वय और सुशासन कायम रखना होगी पहली प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में आज भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी ईशा प्रिया ने जिलाधिकारी के रूप में कलेक्ट्रेट के कोषागार के डबल लॉक में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागत जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट आगमन पर गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गण सहित अन्य अधिकारियों से पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा अन्य आवश्यक जानकारी ली।

नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन, शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनकेंद्रित प्रशासन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने विशेष रूप से कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, राजस्व कार्यों में तेजी लाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वि0/ रा0 ज्योत्स्ना बंधु, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में व्यापारियों की सुरक्षा पर मंथन, एसएसपी ने सुनी समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर,** जनपद गोरखपुर में व्यापारियों की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ कौस्तुभ ने शनिवार को गोलघर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में गोलघर व्यापार मंडल के व्यापारी, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, अध्यक्ष व महामंत्री शामिल हुए। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी दैनिक समस्याओं, सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आसपास पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। एसएसपी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा।

इस दौरान जनपद में बाहर से आने वाले व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, बाजार क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। एसएसपी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। बैठक में यह भी विचार किया गया कि प्रशासन, पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण कैसे किया जा सकता है। एसएसपी ने व्यापारियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस अधीक्षक यातायात भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, जिससे व्यापारिक माहौल सुरक्षित और अनुकूल बना रहे।

## मेवालाल चौराहे पर अव्यवस्थित बस संचालन से हादसे का खतरा

- व्यापार मंडल ने उठाई व्यवस्था सुधार की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज** नैनी क्षेत्र के मेवालाल चौराहे पर बसों के अनियमित संचालन के कारण यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने सड़क परिवहन मंत्री, जिला अधिकारी प्रयागराज एवं यातायात विभाग से इस समस्या के समाधान की मांग की है।उन्होंने बताया कि मेवालाल चौराहे पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सरकारी बसों का इंतजार करते हुए बीच सड़क पर खड़े या बैठे नजर आते हैं। कई बार यात्री बस रोकने के लिए सड़क के बीच तक चले जाते हैं, इसके बावजूद भी बस चालक वहां बस नहीं रोकते।चौंकाने वाली बात यह है कि चौराहे से कुछ ही दूरी पर विधिवत बस स्टैंड बना हुआ है, लेकिन अधिकांश सरकारी और प्राइवेट बसें वहां नहीं रुकतीं। इस वजह से यात्री इधर-उधर भागते हैं, कुछ लोग अपने सामान पर बैठकर इंतजार करते हैं, तो कई बार थकान के चलते वहीं सो भी जाते हैं। घनश्याम जायसवाल ने चेतावनी दी कि यह स्थिति किसी भी दिन बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकती है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच इस तरह की अव्यवस्था यात्रियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है। सभी सरकारी एवं प्राइवेट बसों का ठहराव केवल निर्धारित बस स्टैंड पर सुनिश्चित किया जाए।मेवालाल चौराहे पर बसों के रुकने पर प्रतिबंध लगाया जाए।क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए।व्यापार मंडल ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील करते हुए कहा है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह आम नागरिकों और यात्रियों की जान के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

### जल ही जीवन इसकी कीमत पहिचानें : सोनाली जैन

**ललितपुर।** जीवन में जल अनमोल है इसकी कीमत की पहिचान जरूरी है। भीषण गर्मी में प्यासे को पानी मिले और पानी की बरबादी न हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि जल के अपव्यय को रोकें। उन्होंने स्थान-स्थान पर प्याउ लगाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया। उन्होंने सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति गर्मी के मौसम में भरपूर पानी पिए। उक्त विचार नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा जैन अटा मंदिर के मुख्य द्वार पर आयोजित प्याउ के शुभारम्भ पर व्यक्त किए। नगर के गल्ला व्यापारी समाजसेवी प्रकाश नारायण माहेश्वरी की स्मृति में प्रदत्त वाटर कूलर का पालिका अध्यक्ष ने स्वस्तिक लेखन एवं मंत्रोच्चार के साथ शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन पंचायत से डा.अक्षय टडैया ने की। आकाश जैन ने संचालन करते हुए कहा जैन पंचायत का प्रयास है कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक प्याऊ लगाई जाए जिससे हर प्यासे को पानी मिल सके। इस मौके पर पार्षद आलोक जैन मयूर, संयोजक सनत जैन, प्रबंधक मनोज जैन, अजय जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मनोज जैन, अंकित जैन, प्रभात जैन, देवेन्द्र जैन, डा.सुनील खजुरिया, जितेन्द्र जैन, मनोज जैन, रमाकांत तिवारी, अनीता मोदी, उमा जैन, कविता जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला आरक्षण बिल जातिगत-गणना के बाद परिसीमन लागू हो-ध्रुवचद जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज** केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करे कि जब जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा तो जाति आधारित जनगणना कराकर ही परिसीमन केंद्र सरकार लागू करें महिला आरक्षण बिल जाति-आधारित जनगणना के बाद परिसीमन हो उसके बाद महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू हो जिससे संपूर्णमहिला समाज जिसमें सवर्ण पिछड़ी दलित आदिवासी अल्पसंख्यक सहित सभी महिलाओं को 33 % आरक्षण का लाभ मिल सके7 स्मरण रहे कि आधी आबादी मे लगभग 85% आबादी पिछड़ी दलित एवं आदीवासी महिलाओं की जनसंख्या है उनका हक नही छीना जा सकता है मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वंय महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान अपने भाषण मे कहां जो महिलाएं घर में झाड़ू लगाती थी वह अब लोकसभा एवं विधानसभाओं में आने के लिए कतार में खड़ी है उनका कथन सत्य-प्रतिशत सही है।27 सितंबर 2023 मे महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति अधिनियम पास किया गया था मै महासभा की ओर से ब्याज जारी किया था कि केंद्र सरकार पिछड़ों दलितों आदिवासियों की महिलाओं का हक छीना लिया यूपी के कई अखबारों में प्रकाशित भी हुआ था। किन्तु ईश्वर की कृपा से उक्त बिल लागू नहीं हुआ काफी विरोध को देखते हुए केंद्र सरकार ने 2023 में ही घोषणा किया कि जाति आधारित गणना करायेगी उसके बाद परिसीमन होगी।

किंतु पहले घर/आवास की गणना हो रही है जबकि पहले जाति आधारित गणना कराई जानी चाहिए जिससे 2028 तक जनगणना कार्य पूरा हो जाए तो सवर्ण, पिछड़ों दलितों, आदिवासियों सहित सभी महिलाओं को भी 33 % महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए परिसीमन मे सीधे तौर पर आरक्षण से लाभ मिलेगा स्मरण रहे कि केंद्र सरकार ने अचाानक महिला आरक्षण बिल मे संसोधन करते हुए 2011 के जनगणना के आधार पर परिसीमन कराने का नया बिल लाया गया था किन्तु पुनः ईश्वर की कृपा से सम्पूर्ण विपक्ष ने बिल पास नही होने दिया7 उक्त ब्यान अखिल भारतीय कलवार कलाल कलार जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय महासचिव ध्रुवचन्द जायसवाल ने जारी किया।ध्रुवचन्द जायसवाल ने केन्द्र सरकार जनसंख्या के आधार पर परिसीमन करना चाहती है तो जाति आधार आधारित गणना कराकर जनसंख्या अनुसार पिछड़ों दलितों आदिवासियों की महिलाओं को भी आरक्षण दी जाय तथा परिसीमन लागू करने की मांग महासभा जनहित में कर रही है इसलिए 2029 के लोग समय और चुनाव के पूर्व 2028 में ही हर हाल में जाति आधारित जनगणना कर ली जाए परिसीमन करके महिलाओं के लिये महिला आरक्षण बिल पास कराकर 2029 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों मे 33 % सीटों पर आरक्षित कर दी जाय जिससे सवर्ण पिछड़ों दलितों आदिवासी सहित सभी महिलाओं को सांसद एवं विधायक बनने का सुअवसर प्राप्त हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### एस एस टी पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**बरेली/** विकासखंड भदपुरा के एस एस टी पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में सर्वोच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ाया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र वीर सिंह गंगवार ने कक्षा 10 की छात्रा अनुष्का देवी 91.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए कक्षा 10 के छात्र मनीष कुमार 89.66 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यहीं पर कक्षा 10 के छात्र राहुल ने 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र वीर सिंह गंगवार एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार सिंह गंगवार ने सभी मेधावियों को मिष्ठान खिलाकर फूल मलाई पहनकर सम्मानित किया और उनको बधाई दी साथ ही उनके परिजनों एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक गणों को भी बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### इस्लाम में महिलाओं के मस्जिद प्रवेश पर कोई रोक नहीं: मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी



**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि इस्लाम धर्म में महिलाओं के मस्जिद में प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर समाज में कई तरह की गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। मौलाना ने बताया कि इस्लामी इतिहास के अनुसार पैग़ंबर-ए-इस्लाम के समय महिलाएं नियमित रूप से मस्जिदों में जाया करती थीं और पुरुषों के साथ जमात में नमाज अदा करती थीं। यह परंपरा उस समय सामान्य थी और इसे धार्मिक रूप से स्वीकार किया गया था। बाद के समय में कुछ मस्जिदों से शिकायतें आने के बाद तत्कालीन खलीफा ने एहतियात के तौर पर महिलाओं को घर पर नमाज पढ़ने की सलाह दी थी। यह निर्णय परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया था, न कि किसी स्थायी धार्मिक प्रतिबंध के रूप में। इस्लाम में महिलाओं को नमाज पढ़ने का पूरा अधिकार है, चाहे वे घर पर पढ़ें या मस्जिद में जाकर। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका का जिक्र करते हुए कहा कि इस विषय को उठाने वाले व्यक्ति को इस्लाम की सही जानकारी नहीं है। ऐसे मुद्दों को उछालकर समाज में भ्रम और भय पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जो उचित नहीं है।

### समर स्पेशल में ट्रेनों में सैकड़ों बर्थ खाली, लेकिन इन दो वजहों से यात्री बना रहे हैं इनसे दूरी

**बरेली।** यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेलवे की ओर से समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है लेकिन अधिक किराया और लेटलतीफी की वजह से यात्री इनमें सफर करने से बचते हैं। यही वजह है कि इन ट्रेनों में सीटें भी रिक्त रह रही हैं। रेलवे की ओर से रिक्त सीटों की सूची भी लगातार जारी की जा रही है। बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को समर स्पेशल ट्रेनों समेत कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ के मुताबिक 05060 लालकुंआ-कोलकाता समर स्पेशल में 30 अप्रैल को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 30 एवं तृतीय इकोनामी श्रेणी में 109 बर्थ, 05031 कोलकाता-गोरखपुर में 27 अप्रैल को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में आठ, द्वितीय श्रेणी में 46 एवं तृतीय श्रेणी में 135 बर्थ, 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली में 25 अप्रैल को वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी में 442 बर्थ उपलब्ध हैं। इसके अलावा 05010 लालकुंआ-गोरखपुर में 25 अप्रैल को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 14, द्वितीय श्रेणी में 72 एवं तृतीय श्रेणी में 225 बर्थ, 05056 गोरखपुर-अलीपुर में 25 अप्रैल को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, द्वितीय श्रेणी में 64, तृतीय श्रेणी में 479 और शयनयान श्रेणी में 46 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं 05156 छपरा-कोलकाता में 27 अप्रैल को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, तृतीय श्रेणी में 188 और तृतीय इकोनामी श्रेणी में 14, 05057 गोरखपुर-दिल्ली में 30 अप्रैल को वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी में 780, 04315 गोरखपुर-योगनगरी ऋषिकेष में 29 अप्रैल को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में पांच एवं शयनयान श्रेणी में 205 बर्थ उपलब्ध हैं। इसी तरह से अन्य ट्रेनों में भी सीटें उपलब्ध हैं।

# मैलानी में एफआईआर के लिए बदल दी जाती हैं तहरीर, पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

**● आखिर क्यों नहीं कराया गया रेप पीडिता का मेडिकल परीक्षण और मजिस्ट्रेट के सामने कलम बंद बयान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** जिले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पीड़ितों को अपनी ही तहरीर बदलनी पड़ती या खुद बदलदी जाती हैं।कई थानों से ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं जहां पुलिसकर्मी पीड़ित की लिखी पहली तहरीर को दरकिनार कर अपने हिसाब से तहरीर लिखवाते हैं, तभी केस दर्ज करते हैं। एसपी से लेकर डीजीपी तक के स्पष्ट निर्देश हैं कि एफआईआर न लिखने वाले थानाध्यक्ष पर कार्रवाई होगी। इसके बावजूद जिले में हाल के दिनों में किसी भी पुलिसकर्मी पर एफआईआर दर्ज न करने की लापरवाही पर कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी वजह से थानों में मुंशी, दीवान और दरोगा स्तर पर हीला-हवाली के आरोप लग रहे हैं।

**अपनी मजदूरी का पैसा लेने गई पीडिता को अगवा कर दुष्कर्म का आरोप**

ताजा मामला मैलानी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार एक महिला अपने भतीजे के साथ मजदूरी का पैसा लेने गई थी वापस आने पर रास्ते में एक सफेद कार उसके पास आकर रुकी और पीडिता को पकड़ लिया मुह दवा कर कार में डाल लिया और गोला की तरफ चल दिये।जंगल में ले जा कर तमंचा लगाकर उससे दुष्कर्म किया फिर गोला विकास चौराहा पर छोड़ कर भाग गए। इधर पीडिता के 12 वर्षीय भतीजे ने घर जाकर घटना की जानकारी दी। परिजनों ने पीडिता को ढूढ़ना शुरू किया और गोला विकास चौराहा पर मिली अपनी छोटी भाभी (भैहो )को घर लाए पीडिता ने अपने साथ घटित घटना बताई और 12/04/26 को थाना चौकी बांके गंज में तहरीर दी और रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि खलील और उसके 03 अन्य साथियों ने रिपोर्ट करने और किसी को बताने पर पूरे परिवार को मार डालने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी को चौकी लाकर मामूली से दफा में चालान कर मोटी रकम वसूल कर ली।पीडिता का यह भी आरोप है कि पुलिस उसके घर पर दो बार दबिश दे चुकी हैं और मोबाइल भी उठा ले गई और मोबाइल से वीडियो डिलीट करने के बाद ही मोबाइल देने की बात कर रही हैं और सुलह न करने के साथ-साथ ऊपर शिकायत करने पर मोतीपुर की घटना में नाम बढ़ाकर जैल भेजने की धमकी देने के आरोप चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी मैलानी पर लगाये है।आरोप है कि इस तरह की घटनाएं जिले के अधिकांश थानों में आम हो गई हैं। अधिकतर मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बजाय शांति भंग में चालान कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अफसरों की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि पहले भी ऐसा होता था, लेकिन इधर घटनाएं काफी बढ़ गई हैं और इस पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को आप बीती सुनाते हुए बलात्कार की घटना की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। पीडिता की जुबानी सत्य माने तो उक्त खलील पीडिता से हरक़त करते हुए पीछा किया करता था अकेले पाकर उसने घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस उक्त को संरक्षण दे रहीं हैं जिससे विपक्षी गणों के हौसले बुलंद है! पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करने की बजाय उल्टा पीडिता और उसके परिवार पर दबाव बना रही हैं पीडिता गाव से पलायन करने को विवश है।

**आखिर नामजद आरोपी पर कार्रवाई क्यों नहीं**

पीडिता का आरोप है कि चौकी प्रभारी द्वारा अब भी लीपापोती का खेल खेल रहीं हैं शायद उन्हें पुलिस अधीक्षक खीरी का जरा सा भी डर नहीं है।पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद बांके गंज चौकी प्रभारी द्वारा नामजद आरोपी खलील पुत्र खालिद को हिरासत में लेने से बच रहीं हैं और 3 अन्य अज्ञात लोगों को चौकी में बैठाये रखा गया है द्य लकिन खलील को उठाने में क्या दिक्कत आ रहीं हैं पीडिता ने घटना के नामजद आरोपी खलील को भी गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की है।अब देखना होगा कि पुलिस पीडिता का मेडिकल परीक्षण कराकर मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराए जाएंगे।और उसके बाद घटना में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा । चौकी प्रभारी बांके गंज ने बताया कि मामले में 151 की कार्रवाई की जा चुकी हैं।

**क्या कहते है प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश मौर्या**

इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश मौर्य से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच के बाद दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# इन दिनों जिले में डीजल-पेट्रोल की किल्लत, फ्यूल पंपों पर भीड़



**● लोग बोले- ब्लैक में बिक रहा 150 रुपये से 200 रुपए /लीटर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** जनपद के विकास खंड फूलबेहड़ क्षेत्र में डीजल, पेट्रोल और गैस का संकट गहराता जा रहा है। पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति बाधित होने से लंबी कतारें लग रही हैं। लोगों का आरोप है कि इलाके में डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी हो रही है।150 रुपये से लेकर 200 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा है। वहीं डीजल न मिलने से किसान अपनी सूखती फसलों को लेकर परेशान हैं।पेट्रोल पंपों पर डीजल की कमी है। फूलबेहड़ सैदापुर साडा और महेवागंज पंप तो तेल न होने के कारण बंद हैं। सैदापुर के पंप पर लोग पेट्रोल टैंक आने पर शाम चार बजे से लाइन में लग गए। फ्यूल पंपों पर डीजल और पेट्रोल न मिलने से किसान, वाहन चालक और आम लोग परेशान हैं। सैदापुर पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में अधिकतम 100 रुपये और कार में 500 रुपये का ही पेट्रोल और किसान को 1000 रुपए तक दिया जा रहा है।

**गांवों में कालाबाजारी**

लौकिहां, सरवा, फूलबेहड़, और मील पुरवा सहित कई गांवों में कुछ लोग डीजल और पेट्रोल की कालाबाजारी कर रहे हैं। वे इसे लगभग 150रुपये से 200प्रति लीटर में कालाबाजारी कर बेच रहे हैं।घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को निराशा हाथ लग रही है।

**किसान की झेल रहा दिग्गज लोगों की चांदी**

क्षेत्र के कई किसानों, लोगों कहना है कि गन्ने और केले व सब्जियां की हरी-भरी फसलों को पानी की सख्त जरूरत है। डीजल न मिलने से खेतों में खड़ी फसलें सूखती जा रही हैं कुछ खेतों में गन्ना बुआई गेहूं कटाई, जिससे उन्हें भारी नुकसान का डर है। लेकिन शासन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगता ऐसे ही चलता रहा तो लोगों को भूखे पेट सोना पड़ेगा क्योंकि जब नहीं होगा अन्न का दाना तो लोग क्या करेंगे। गैस एजेंसियों पर लंबी लंबी कतारें लगी हुई है लेकिन ब्लेक मे सिलेंडर तुरंत मिल जाता है तो क्या सिलेंडर की कमी या कालाबाजारी करने का जरिया। ग्रामीणों के अनुसार, घरेलू गैस सिलिंडर 1800 रुपये में चोरी-छिपे बिक रहे हैं।

# गिद्धों और कुत्तों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों से आखिर कब उठेगा पर्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नित्यानंद बाजपेई

**लखीमपुर खीरी-** वन रेंज भीरा के अंतर्गत सिमरिया गाव में चंद दिन पहले हुयी गिद्धों की मौत का रहस्य बरकरार है और जिम्मेदार मौन साधे बैठे हैं।लोगों का कहना है कि आखिर कब सुलझेगी ,गिद्धों की मौत की अनसुलझी गुत्थी,कहीं ठंडे बस्ते में तो नहीं पहुंच गया मामला ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं।भीरा रेंज के अंतर्गत सिमरिया गाव में हुई चंद दिन पहले कुत्तों और गिद्धों की मौत से पर्दा उठता नजर नहीं आ रहा हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं जिम्मेदार मामले की लीपापोती करके जांच के नाम पर इतनी बड़ी घटना को काग़ज़ों में दफन करने में तो नहीं लगे हैं ।गिद्धों और कुत्तो की मौत आज भी विभाग और लोगों के लिए पहेली बनी है।सबाल यह पैदा होते हैं कि यदि हम विभाग की ही बात मान ले की कुत्तो का मांस खाने से गिद्धों की मौत हुई तो कुत्तो की मौत कैसे?यदि बकरी का मांस खाने से कुत्तो की मौत हुई तो बकरी किसकी थी? यक्ष प्रश्न बना है? फिर बकरी पर जहर डाला किसने,और क्यों? सूत्र बताते हैं कि यहां पर वन दरोगा और वन रक्षक की लापरवाही साफ नजर आती है




यदि सुबह 11 या 12 बजे तक भी पहुंच जाते उक्त लोग और मिल जाता पर्याप्त इलाज तो कई गिद्ध बचाए जा सकते थे ।जिम्मेदारों की लापरवाही और आरामतलबी,बनी इतने गिद्धों की मौत का कारण पता न लग पाना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है।ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो 4 बजे तक वन दरोगा और फॉरेस्ट गॉर्ड लतीफ खां साहब घटना स्थल पर नहीं पहुंचे या फिर अपने रसूख के चलते जाना उचित नहीं समझा गया।केवल वाचर लोगों को भेज कर खाना पूर्ति का खेल काफी समय तक चलता रहा।यदि वन दरोगा और फॉरेस्ट गॉर्ड जरा सा भी होते वन्य जीवों के प्रति संजीदा,तो कई गिद्धों की बच.सकती थी जान।समय पर पर्याप्त इलाज न मिल पाने और विभागीय लापरवाही के चलते गई गिद्धों की जान जाने की चर्चा जोरों पर है।अब देखना है कि गिद्धों की मौत से पर्दा उठता है या फिर यू ही लीपापोती के खेल में मामले को दफन कर दिया जाएगा।

# 'गैस माफिया' का खेल! एजेंसी पर दलालों का कब्जा

**● सड़क पर जाम ,गरीब उपभोक्ता बेहाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज खीरी।** क्षेत्र की भारत गैस एजेंसी इन दिनों गंभीर आरोपों के घेरे में है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर दलालों और जमाखोरों का इतना दबदबा हो गया है कि आम जनता को गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

**बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर-** उपभोक्ताओं का आरोप है कि नियमों के मुताबिक बुकिंग के बाद समय पर डिलीवरी होनी चाहिए, लेकिन यहां हालात इसके उलट हैं। बुकिंग के बावजूद लोगों को खाली हाथ लौटाया जा रहा है।

**दो-तीन दिन बाद आना' का झांसा-** एजेंसी पर मौजूद कर्मचारी उपभोक्ताओं को बार-बार 2-3 दिन बाद आने को कहकर टाल रहे हैं। कई लोग हफ्तों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं मिल रहा।

**ब्लैक में गैस बेचने के गंभीर आरोप-** स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडरों की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। आरोप है कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से बुकिंग कर रखी है, उनके सिलेंडर रोक दिए जाते हैं, जबकि 'खास' लोगों को तुरंत उपलब्ध करा दिए जाते हैं।




**चेहरा देखकर मिल रही सुविधा-** सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि एजेंसी के कुछ कर्मचारी अपने परिचितों, दलालों और चहेतों को प्राथमिकता दे रहे हैं। आम जनता लाइन में खड़ी रह जाती है, जबकि कुछ लोग बिना इंतजार सिलेंडर लेकर निकल जाते हैं।

**हर रोज आती है गाड़ी, फिर भी गरीब वंचित-** उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की सप्लाई गाड़ी लगभग रोज एजेंसी पर पहुंचती है, लेकिन मजदूर और गरीब परिवारों को नजरअंदाज कर सिलेंडर दलालों और जमाखोरों को दे दिए जाते हैं।

**सड़क पर जाम, आवागमन बाधित-** एजेंसी के बाहर अव्यवस्था के कारण मैगलगंज से औरंगाबाद जाने वाले मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। छोटे-बड़े वाहनों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित-** इस पूरे खेल का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है, जिनके लिए रसोई गैस ही खाना बनाने का मुख्य साधन है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग-** क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों, दलालों और जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**बड़ा सवाल:-** क्या जिम्मेदार अधिकारी इस 'गैस खेल' पर लगाम लगाएंगे, या यूं ही गरीब जनता परेशान होती रहेगी?

### हैदराबाद पुलिस टीम ने शान्तिभंग मे चार अभियुक्तो को किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.04.2026 को शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 04 अभियुक्तगण 1.अमर सिह पुत्र तेजराम उम्र करीब 22 वर्ष 2. बहादुरलाल पुत्र तेजराम उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण ग्राम अमिलाहार 3.संजय कुमार पुत्र गंगाराम उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बाबरपुर 4 .महेश कुमार पुत्र प्रभूदयाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम बाबरपुर को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/ 126/ 135 बीएनएसएस में वास्ते विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया, अभियुक्तो की गिरफ्तारी करने बाली पुलिस टीम मे आरक्षी आकाश यादव, धर्मेन्द्र कुमार, व आरक्षी मोहित कुमार थाना हैदराबाद प्रमुख रूप से सामिल रहे।

## भ्रष्टाचार के आरोप और सत्ता के दुरुपयोग की चर्चा का केंद्र बनी खीरी नगर पंचायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खीरी टाउन खीरी-** नगर पंचायत खीरी इन दिनों विकास कार्यों के बजाय,भ्रष्टाचार के आरोपों और सत्ता के दुरुपयोग को लेकर चर्चा का केंद्र बनी हुई है। कस्बे में लोकतांत्रिक व्यवस्था को ताक पर रखकर 'अध्यक्ष' के बजाय पूरे परिवार का राज' चलने के गंभीर आरोप लग रहे हैं।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर रंजिश-** नगर पंचायत में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जब दो सभासदों ने शासन स्तर पर जांच की मांग की, तो पारदर्शिता की उम्मीद रखने वाले इन जनप्रतिनिधियों को न्याय के बजाय धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार दबाने के लिए सभासदों से जबरन या प्रलोभन के जरिए शपथ पत्र लेने के भी आरोप लगे हैं। वर्तमान में शासन स्तर पर जो कारवाई या जांच चल रही है, उससे बौखलाए अध्यक्ष प्रतिनिधि और उनके परिजन अब वार्डों में भी जाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पद एक है और कई दावेदार' सत्ता की मलाई और पैसे की बंदरबांट जम कर की जा रही है नगर पंचायत की नियमावली स्पष्ट है कि निकाय का संचालन सिर्फ निर्वाचित अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (EO) के ताल मेल से होगा। परंतु, खीरी नगर पंचायत में स्थिति इसके बिल्कुल अलग है। आरोप है कि अध्यक्ष नगर पंचायत खीरी उजमा बी के देवर सालों से अपनी दबंगई के बल पर नगर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा है और कर्मचारियों पर दबाव बनाना अपने मन माफिक काम करवाना उनकी आदत है सफाई कर्मियों और अन्य कर्मचारियों को सस्पेंड करने की धमकी देना और सभासदों के काम रोकने का आदेश देना अब आम बात हो गई है।कस्बे में चर्चा है कि अध्यक्ष के पति और देवर अलग-अलग अपनी सत्ता चला रहे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो नगर पंचायत में 'अध्यक्षों की बाढ़' आ गई है


**विकास के नाम पर विनाश:-** कब्जे और भेदभाव की राजनीति में ये सब माहिर है उन गंभीर मुद्दों को भी उठाया गया है जिनसे कस्बे का भविष्य दांव पर है: अवैध कब्जे तो कहीं तालाबों को पाट कर उसपे प्लाटिंग की जा रही है, तो कहीं अंजुमन इस्लामिया की बेशकीमती जमीन पर पानी की टंकी के नाम पर कब्जे की कोशिशें हो रही हैं।तो वहीं दूसरी तरफ छोटी बिरादरियों के कब्रिस्तान जैसी संवेदनशील जगहों पर पार्क बनाने के नाम पर जनभावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है।जिन वार्डों से समर्थन नहीं मिला,या नगर पंचायत अध्यक्ष को वोट नहीं मिला या कम वोट मिला वहां विकास कार्य ठप करने और केवल 'नाली-नाला' निर्माण तक सीमित रहने की बात सामने आ रही है। अब आइना दिखाने का समय है भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले सभासदों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। अधिशासी अधिकारी भी इस मामले में केवल झूठे आश्वासन दे रहे है के बैठकर बात कर लेगे, जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लाज़मी है अब जबकि कार्यकाल के केवल दो वर्ष शेष बचे हैं, खीरी की जनता को विचार करना होगा। क्या हम विकास के नाम पर हो रहे इस 'मलाई और लुट तंत्र' को सहते रहेंगे? वक्त आ गया है कि कस्बे के सही विकास और अपनी जमीनों व हक की रक्षा के लिए ऐसे भ्रष्ट तत्वों को आइना दिखाया जाए। कस्बा के लोगों काआरोप 'नगर पंचायत किसी की जागीर नहीं, यह जनता की अमानत है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है। '

## सरकारी नर्सरी की दीवार में ईंट की गुणवत्ता कम

**सफेदपोशों का 'कमीशन' ज्यादा!**

**लखीमपुर खीरी।** जिले की मितौली तहसील के ग्राम पंचायत बबौना में सरकारी धन को ठिकाने लगाने का एक बड़ा खेल उजागर हुआ है। यहाँ स्थित राजकीय पौधशाला की बाउंड्री वॉल (सीमा सुरक्षा दीवार) के निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में बेहद घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। सीमेंट की जगह रेत (बालू) की मात्रा अधिक होने से दीवार अभी से दम तोड़ती नजर आ रही है।राजकीय पौधशाला की सुरक्षा के लिए बन रही इस बाउंड्री वॉल में तकनीकी मानकों का रत्ती भर भी पालन नहीं किया जा रहा। तहसील प्रशासन और संबंधित विभाग की नाक के नीचे चल रहे इस 'पीले ईंटों वाले खेल' पर जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं, जिससे उनकी संलिप्तता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि सरकारी नर्सरी, जो पौधों के संरक्षण के लिए है, खुद भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। बबौना स्थित इस पौधशाला में बन रही दीवार की गुणवत्ता इतनी खराब है कि यह किसी भी समय धराशायी हो सकती है। सवाल यह उठता है कि क्या उच्चाधिकारी इस पर संज्ञान लेंगे या 'कमीशन' के इस खेल में सब हाथ धोते रहेंगे?सरकारी खजाने पर डाका डालने वालों की अब खैर नहीं! बबौना की जनता अब इस घटिया निर्माण की शिकायत सीधे शासन से करने की तैयारी में है।

## नशे में धुत डॉक्टर की थार ने ली किसान की जान; ऑटो के उड़े परखच्चे, लोगों ने डॉक्टर को बीच सड़क पर पीटा




**बरेली।** शराब के नशे में डाक्टर ने अपनी तेज रफ्तार कार से आटो में टक्कर मार दी। हादसे में आटो के परखच्चे उड़ गए। उसमें बैठे किसान की मौत हो गई, जबकि आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके एकत्र हुई भीड़ ने आरोपित डाक्टर को पकड़ा और जमकर पीट दिया। कैंट पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, कैंट के चनहेटी निवासी अमन कुमार आटो में सवारियां लेकर जा रहे थे। वह बभिया स्थिति ग्रामीण बैंक के पास पहुंचे थे। आटो में मिर्जापुर निवासी ओमकार बैठे थे। आरोप है कि सामने से फरीदपुर के लोंगपुर गांव निवासी डाक्टर तौफीक अंसारी शराब के नशे में अपनी तेज रफ्तार थार कार से आया और अमन के आटो में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि आटो के परखच्चे उड़ गए। अमन गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि सवारी ओमकार की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के स्वजन ने बताया कि ओमकार किसान थे। उनके पांच बच्चे हैं वह खेती किसानी से अपना पालन पोषण करते थे। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर का कहना है कि थार और आटो को जब्त कर लिया है। मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शिकायती पत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## थाना दिवस तहसील दिवस केवल नाम के लिए चल रहे नहीं पहुंच रहे जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**बरेली/** नवाबगंज तहसील में खाना देवास तहसील दिवस के फरियादियों को हाथ लगती है केवल मायुसी क्यों लड़ियां मैं आयोजित होने वाले थाना दिवस में कई महीनो से नहीं आ रहे अधिकारी कर्मचारियों ने भी आना बंद कर दिया जिसके तहत आज थाना दिवस में मात्र एक लेखपाल योगेश कुमार उपस्थित हुए। और किसी ने भी आने की हिम्मत नहीं जुटाई जिसके कारण आए फरियादी बैयरिंग लौट गए इसी तरह तहसील दिवस में भी शिकायत करने पर फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है जिस अधिकारी आंख नीचे कर स्वीकार कर लेते हैं और आप विकासखंड की ग्राम पंचायत अलैहया निवासी लाल चक मार्ग से कब्जा हटवाने के लिए आठ बार तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुके हैं परंतु फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। दबंगों द्वारा उसमें भरी गई नींव कोहट वाने के लिए राजस्व को सुविघा सुलक की आवश्यकता है जिसे फरियादी द्वारा न दिए जाने पर आठ बार तहसील दिवस में शिकायत करने के बाद आज भी प्रस्ताव बंद पड़ा है प्रदेश के मुख्यमंत्री चाहे लाख कोशिश कर ले परंतु सरकारी जगह से कब्जा हटवाने में तहसील प्रशासन पूरी तरह असफल होता नजर आ रहा है। इसी पर है क्यों लड़ियां थाना दिवस का भी यही हाल है प्रभारी निरीक्षक लेखपालों को शिकायती प्रार्थना पत्र उपलब्ध करवा दिया जाता है परंतु उसे पर गोल-गोल रिपोर्ट लगाकर नियुक्त किया जाता है यदि इसकी कविता से जांच की जाए तो अनेकों प्रार्थना पत्र लंबित भी पड़े होंगे परंतु इस पर भी प्रशासनिक अधिकारी की कोई जिम्मेदारी निर्धारित नहीं है। जिसके कारण कर्मचारी अपनी मनमानी का डंका बज रहे हैं आज क्यों लड़िया थाना दिवस में मात्र एक लेखपाल योगेश कुमार उपस्थित हुए सरकारी जमीन पर निर्माण करने की शिकायत की गई जिसे थाना दिवस में बैठे वरिष्ठ उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर ने लेखपाल को सौंप दी गई मित्रों के अनुसार कब्जेदार ने पूर्व में भी कब्जा कर सरकारी जमीन को भेज दिया गया है यह जानकारी ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराई गई देखना यह है आखिर कब्जेदार के विरुद्ध क्या कार्यवाही होती है। तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया प्रशासनिक कार्यो की वजह से कोई नहीं पहुंच पाया है शासन की अनदेखी नहीं की जा सकती कार्यवाही अवश्य होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस सुरक्षा में हुआ मृतक का अंतिम संस्कार, कुल्हाड़ी से हत्या के बाद गांव में पसरा मातम

**तालबेहट।** थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम विजयपुरा में मामूली विवाद में युवक की कुल्हाड़ी से हुई हत्या के बाद शुक्रवार देर रात पुलिस सुरक्षा और गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया। बताया गया है कि गुरुवार देर शाम 20 वर्षीय आशीष कुशवाहा की गांव में ही मामूली कहासुनी के बाद चार लोगों कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी।उक्त घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने तालबेहट के पूराकलां तिराहे पर शव रखकर जाम लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया था। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने काफी देर तक समझाइश कर लोगों को शांत कराया। अधिकारियों ने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद शुक्रवार देर रात पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। मृतक की शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी और उसकी 9 माह की एक मासूम बेटी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतक के घर के बाहर महिलाओं और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है, परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है ...बाकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### बसपा में संजय कुमार चौधरी की वापसी

**नेताओं की मौजूदगी में पुनः किया गया शामिल**

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी में एक बार फिर संगठन विस्तार के तहत स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाते हुए भीमनगर, नदीपुरा निवासी संजय कुमार चौधरी को पुनः पार्टी में शामिल किया गया है। यह निर्णय पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की संस्तुति पर लिया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शामिलीकरण मुख्य मंडल जोन प्रभारी अखलेश अम्बेडकर, लालाराम अहिरवार एवं रामबाबू चिरगइयां, साथ ही मंडल प्रभारी केहर गौतम एवं तन्सूराम अहिरवार की सहमति से किया गया है। उन्होंने बताया कि संजय कुमार चौधरी की घर वापसी से पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलेगी और संगठन को आगे बढ़ाने में सहयोग प्राप्त होगा। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि वह बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बसपा लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय कार्य कर रही है और समर्पित कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोडने् का अभियान जारी रहेगा।

### पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोची गई महिला वन रक्षक

**» एण्टी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई**

**» लकड़ी से भरे ट्रक निकालने के नाम पर मांगी जा रही थी सुविधा शुल्क, वॉचर सहित दो हिरासत में**

ललितपुर। जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने महरौनी क्षेत्र में तैनात एक महिला वन रक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि भी बरामद की है। इस कार्रवाई से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले के अनुसार, एंटी करप्शन संगठन झांसी के निरीक्षक व ट्रैप टीम प्रभारी शादाब खान की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता दयपाल सिंह निवासी ग्राम मिदरवाहा थाना महरौनी ने आरोप लगाया था कि वन विभाग की महिला वन रक्षक प्रिया कुमारी द्वारा लकड़ी से भरे ट्रक को निकलवाने के नाम पर सात हजार रुपये की मांग की जा रही थी, जो बाद में पांच हजार रुपये में तय हुई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। 24 अप्रैल को शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोट देकर तय स्थान पर भेजा गया। जैसे ही महिला वन रक्षक के कहने पर उसका सहयोगी (वॉचर) जाहर ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान बरामद नोटों को केमिकल टेस्ट में सही पाया गया। टीम ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ललितपुर लाया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 व 12 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे भी संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक पर अभद्र व्यवहार के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


डीएम को शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण

**ललितपुर।** जखौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीपहाड़ी में स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक के खिलाफ ग्रामीणों और अभिभावकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान प्रधानाध्यापक का व्यवहार बच्चों और अभिभावकों के प्रति ठीक नहीं है। आरोप लगाया गया है कि कक्षा में बच्चों को बार-बार अपशब्द कहे जाते हैं और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है, जिससे बच्चों का मनोबल गिर रहा है। इसके चलते कई बच्चे डर के कारण विद्यालय आने से कतराने लगे हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय का शैक्षिक वातावरण पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। शिकायत करने पर भी प्रधानाध्यापक के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार मौखिक रूप से समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य और विद्यालय के स्वस्थ माहौल को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्रधानाध्यापक का तत्काल स्थानांतरण किया जाए तथा किसी योग्य और संवेदनशील शिक्षक की नियुक्ति की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की है। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान मथुरा प्रसाद, विजय, भोलाराम, जगभान, रामप्रकाश, अनिल, विकास, मदन, भक्तू, कमल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

### खेत विवाद में मारपीट, कुल्हाड़ी से हमला, चार पर मुकदमा



**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के ग्राम सरखड़ी के मजरा चपचर में खेत से जुड़े विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामलाल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि वह अपने खेत पर था, तभी झांकरवारी के विवाद को लेकर फूलचन्द्र, वंशी, हीरालाल व दीपक कुशवाहा ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आई उसकी मां मुन्नी कुशवाहा को भी आरोपियों ने पीट दिया। आरोप है कि हीरालाल ने कुल्हाड़ी से वार कर श्यामलाल को घायल कर दिया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ संबंधितधाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोहियावाद के सजग समर्थक थे बृजभूषण तिवारीः चंद्रभूषण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** डुमरियागंज के पूर्व सांसद, समाजवादी विचारक, लेखक एवं प्रखर संसदविद् स्वर्गीय बृजभूषण तिवारी लोहियावाद के सजग और समर्पित समर्थक थे। इसी कारण उन्हें 'सीमांत लोहिया' के रूप में भी जाना जाता था। उक्त विचार सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित बृजभूषण तिवारी स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान तिवारी जी को डॉ. राम मनोहर लोहिया को निकट से सुनने, देखने और उनसे संपर्क में आने का अवसर मिला, जिसके बाद उन्होंने अपना जीवन समाजवादी विचारधारा को समर्पित कर दिया। यादव ने यह भी याद किया कि समाजवादी पार्टी के गठन के बाद मुलायम सिंह ने बृजभूषण तिवारी को देवरिया का संगठन प्रभारी बनाया था। उस दौरान उनके साथ किए गए संगठनात्मक कार्यों को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि तिवारी जी दल, नीति, नेता और संगठन के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे और आज की समाजवादी पीढ़ी के लिए एक आदर्श हैं। इस अवसर पर डॉ. दिनेश चंद यादव, सतेंद्र यादव, मार्कण्डेय नाथ तिवारी, सुरेश नारायण सिंह, व्यास यादव, गोविंद यादव, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, लोरिक यादव, अशोक यादव, रामप्यारे यादव, दयानंद यादव, मुरलीधर, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, श्यामसुंदर प्रसाद, बेलभद्र गोंड, सचिन कुमार, संतोष मद्धेशिया आदि ने समाजवादी पुरोधा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

### डीजे विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई पर मुकदमे दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
पुलिस 112 आपात सेवाएं

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरखड़ी और ग्राम कडेसराकलां में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में दो अलग-अलग मामलों में जमकर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना में कडेसरा कलां निवासी राकेश ने आरोप लगाया कि वह शादी समारोह में शामिल होने सरखड़ी गया था, जहां डीजे पर गाना बजाने को लेकर प्रिंस, धर्मेन्द्र, देवेन्द्र व राजा साहब सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए लोगों को भी पीटा गया और चार मोटरसाइकिल, एक बोलेरो व कुर्सियों में तोड़फोड़ कर दी गई। दूसरे मामले में सरखड़ी निवासी धर्मेन्द्र सिंह बुंदेला ने तहरीर देकर बताया कि रात करीब डेढ़ बजे डीजे के विवाद को लेकर राजवेन्द्र यादव, अमर सिंह यादव, महेन्द्र यादव व शिशुपाल यादव ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीजे की तेज आवाज और फूहड़ गानों से बढ़ी परेशानी

तालबेहट क्षेत्र में शादियों और आयोजनों में डीजे की तेज आवाज अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे बजाने और फूहड़ गाने चलाने को लेकर विवाद बढ़ रहे हैं, जो कई बार मारपीट तक पहुंच जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज आवाज से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी होती है। वहीं, फूहड़ गानों को लेकर भी अक्सर आपसी तनाव की स्थिति बन जाती है। नियमों के मुताबिक निर्धारित समय और ध्वनि सीमा का पालन करना अनिवार्य है, लेकिन कई स्थानों पर इनका खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। इससे कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है और पुलिस के लिए चुनौती बनता जा रहा है।

### कार-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

**तालबेहट।** झांसी-ललितपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना तालबेहट क्षेत्र के मोहल्ला रानीपुरा निवासी लखनलाल विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने बताया कि 24 अप्रैल की रात करीब 8 बजे उनका 23 वर्षीय पुत्र नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा मोटरसाइकिल यूपी 94 जे0281 से टेकरी कट से घर लौट रहा था। इसी दौरान पार्वती गार्डन के पास सामने से आ रही फोर्ड कार यूपी 93 बी वाई 6916 के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे 102 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक नरेंद्र एक रिटायर्ड फौजी का इकलौता पुत्र था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्मः आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में धर्म छिपाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान इरफान खान उर्फ आदित्य पुत्र सनाउल्लाह खान निवासी ग्राम तेतरी के रूप में हुई है। उसे शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने अपना नाम और धर्म छिपाकर खुद को 'आदित्य' बताया था। उसने पीड़िता का विश्वास जीता और उसे गोवा ले जाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद उससे झूठी शादी का नाटक किया। कुछ समय बाद वह पीड़िता को छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता जब आरोपी की तलाश में उसके गांव तेतरी पहुंची, तब उसे पता चला कि 'आदित्य' नाम से पहचान बनाने वाला व्यक्ति वास्तव में इरफान खान है और वह पहले से ही शादीशुदा है। इसके बाद पीड़िता ने त्रिलोकपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। इस टीम में उपनिरीक्षक गणेश कुमार, हेड कांस्टेबल रवि कुमार, कांस्टेबल सत्यबीर यादव, कांस्टेबल सोनू शर्मा, कांस्टेबल सागर जायसवाल और कांस्टेबल नितिन पाठक शामिल रहे। पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

## टीबी मरीजों के स्वस्थ होने की राह हुई आसान

**● बांटी गई पोषण सामग्री, मरीजों को गोद लेने की अपील**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


पोषण पोटली का वितरण करते सीएमओ

**ललितपुर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें टीबी मरीजों को पोषण सामग्री (पोषण पोटली) का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह कार्यक्रम मरीजों को दवा के साथ-साथ बेहतर पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि वह शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकें। पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने जानकारी दी कि टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। आम नागरिक, अधिकारी और समाजसेवी संस्थाएं निक्षय मित्र बनकर मरीजों के पोषण में सहयोग कर सकते हैं और सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने स्पष्ट किया कि टीबी एक पूर्ण रूप से इलाज योग्य बीमारी है। इसके लिए आवश्यक है कि मरीज नियमित रूप से अपनी दवा का सेवन करें और उचित पोषण प्राप्त करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस अभियान की पूर्ण सफलता के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह, डीपीटीसी मनोज गुप्ता और टीबीएचवी विकास कुमार श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दीक्षांत परेड के उपलक्ष्य में रिजर्व पुलिस लाइन्स में बड़ा खाना व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**● डीएम सत्य प्रकाश व एसपी मो. मुश्ताक ने प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ किया सामूहिक भोज, दी सेवा व अनुशासन का संदेश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


पोषण पोटली का वितरण करते सीएमओ

**ललितपुर।** प्रशिक्षु आरक्षीगण के दीक्षांत परेड/समारोह के उपलक्ष्य में रिजर्व पुलिस लाइन्स में भव्य बड़ा खाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं प्रशिक्षु आरक्षियों को भोजन परोसकर उन्हें पुलिस सेवा की परंपराओं, अनुशासन एवं सेवा भावना का प्रत्यक्ष अनुभव कराया। इस दौरान अधिकारियों एवं प्रशिक्षुओं ने सपरिवार सामूहिक भोज में सहभागिता कर सौहार्दपूर्ण वातावरण का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रशिक्षु आरक्षियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, कवितापाठ एवं लोकगीत जैसी विभिन्न विधाओं में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक एवं आधुनिक रंगों से सजी इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु आरक्षियों की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से पुलिस बल में आपसी समन्वय, उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

### बसपा की अहम बैठक आज

**संगठन को मजबूत करने पर होगी चर्चा**

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहिन मायावतीजी के निर्देशानुसार जनपद में पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 26 अप्रैल 2026 रविवार को सुबह 11 बजे जिला बसपा कार्यालय पर संपन्न होगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल जोन इंचार्ज रामबाबू चिरगइयां उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी केहर गौतम एवं तन्सूराम अहिरवार भी शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिला कमेटी, दोनों विधानसभा कमेटियों (महरौनी व ललितपुर) के पदाधिकारी, बीबीएफ कमेटी के सदस्य, पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारी तथा सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से बैठक को सफल बनाने की अपील की गई है।

## विश्व मलेरिया दिवस सतर्कता का संदेश, सीएमओ बोले, बरसात में जलजमाव न होने दें



अधिकारियों को शपथ दिलाते सीएमओ


**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में 25 अप्रैल 2026 को विश्व मलेरिया दिवस जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय (थीम) मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं, और अब हमें करना ही होगा निर्धारित किया गया था। गोष्ठी में जिला मलेरिया अधिकारी अनिल किस्टोफर मैसी ने विस्तार से बताया कि मलेरिया एक सूक्ष्म परजीवी के संक्रमण से होने वाला तेज ज्वर का रोग है। उन्होंने जानकारी दी कि मलेरिया परजीवी की मुख्य रूप से चार प्रजातियां होती हैं, जिनमें प्लाज्मोडियम वाइवेक्स, फैल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम मलेरी और प्लाज्मोडियम ओवेल। यह बीमारी संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य के शरीर में परजीवी के प्रवेश के 14 से 21 दिनों के भीतर बुखार आता है, जिसमें तेज कंपकपी के साथ बुखार आना और पसीने के साथ उतरना मुख्य लक्षण हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को सलाह दी है कि बुखार आने पर घबराएं नहीं और किसी नीम हकीम के पास जाने के बजाय सीधे सरकारी अस्पताल में जाएं। सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान पानी के जलजमाव के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि होती है, जिससे मलेरिया, डेंगू और चिकुनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कहीं भी पानी जमा न होने दें और जनमानस को बचाव के प्रति जागरूक करते रहना अत्यंत आवश्यक है। गोष्ठी में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना सहित विभाग के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल द्वारा पाहों में हुआ 1100 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**सीखड़ मीरजापुर।** बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल मिर्जापुर द्वारा पाहों में भुवनेश्वर द्विवेदी के आवास पर 1100 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया मंडल द्वारा बताया गया कि हम हिंदुओं को भारत को हिंदू राष्ट्र



बनाना है इसलिए घर-घर सुंदरकांड, हर घर सुंदरकांड का पाठ होना चाहिए मंडल का उद्देश्य है कि हर गांव में मंडल का गठन हो। सुंदरकांड मंडल गठन का आयोजन बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से किया जा रहा है क्षेत्र में मंडल का गठन सीखड़, फुलहां, गोरैयां भागीरथपुर पाहों में हो चुका है पाहों के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक सिंह कछवां सूर्यकांत उपाध्याय व्यास जी नवीन पांडे फुलहां ऋषिकांत पांडे फुलहां दिनेश मिश्रा फुलहा, चंद्रबली चौबे मकोई मिश्रा अशोक तिवारी, अवध बिहारी पांडे, ज्ञानधर शुक्ला आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## गौशालाओं में गौवंश प्रबंधन के इंतजामों की समीक्षा के लिए सीडीओ ने ली बैठक

**● गौशालाओं में पर्याप्त जल, हरा चारा, भूसा, साईलेज आदि की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को दी जिम्मेदारी**

**● समय-समय पर निरीक्षण कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग करेंगे अधिकारी : सीडीओ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते सीडीओ

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के अस्थायी/स्थायी गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवेंशों के भरण पोषण आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने हेतु सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीडीओ ने नोडल अधिकारियों से गौशालाओं में गोवंश संरक्षण, भूसा, साईलेज, चूनी, ताजा पानी व हरे चारे की समीक्षा की गई, उन्होंने कहा कि आने वाली गर्मी से गौवंशों को छायादार स्थान, सभी गौवंश को दिन में कम से कम तीन बार पानी, संतुलित आहार एवं हरा चारा दिया जाए, जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे, इसके लिए सभी नोडल अधिकारी समय-समय पर गौशाला का निरीक्षण करते रहे। इसके अलावा गौवंशो के लिए हरे चारे का विकल्प तलाशने पर भी चर्चा हुई, निर्देश दिए गए कि यदि गौशालाओं के आसपास सरकारी जमीनों को चिन्हित कर उन पर हरा चारा उगाया जाए। सभी गौशालाओं में संस्था का नाम, नंबर आदि विवरण की वाल पेंटिंग कराई जाए, ताकि नोडल अधिकारी निरीक्षण के समय समन्वय कर सकें। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालों में भूसे व हरे चारे की कोई कमी न रहे, इसके लिए वह स्वयं गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। बैठक में सीवीओ डा.भगवान सिंह, डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, एडीएफओ सत्येंद्र तोमर, डीएसओ उमेश चंद्र मिश्र, डीआईओ के अलावा सभी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तिलहर- शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाना खुदागंज के गांव चरखौला निवासी संजीव कुमार और उसके बेटे कार्तिक के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। महिला के अनुसार, दोनों आरोपी ठेके पर मजदूरी के दौरान उनके घर आते-जाते थे। इसी दौरान उन्होंने उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गए। काफी तलाश के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार




**ब्यूरो प्रयागराज-** थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम संदलपुर मलेथूया में 01 युवती का शव मिलने की सूचना पर पुलिस उपायुक्त गंगानगर, सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर व फील्ड यूनिट द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय पुलिस द्वारा मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी । उक्त प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-129/26 धारा-103(1) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कर घटना के सफल अनवारण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-129/26 धारा-103(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त 1. मोनिस पटेल पुत्र लाल बहादुर पटेल 2. विकास पटेल पुत्र लालबहादुर पटेल 3. लालबहादुर पटेल पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद निवासीगण संदलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-24.04.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत परासिनपुर स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मोनिस पटेल उपरोक्त का मृतका के साथ पिछले करीब 2 वर्षो से प्रेम सम्बंध था तथा एक दूसरे से फोन पर बात-चीत करते थे। अभियुक्त मोनिस पटेल उपरोक्त के परिजनों द्वारा किसी दूसरे लड़की के साथ मोनिस की शादी तय कर दी गयी थी जिसको लेकर मृतका मोनिस से नाराज रहती थी व अभियुक्त मोनिस व उसके परिजनों पर शादी का दबाव बना रही थी । इसी बात को लेकर उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा दिनांक-22/23.04.2026 की रात्रि में योजनाबद्ध तरीके से मृतका का गला दबा कर हत्या कर दिया गया और शव को उसके मकान के बगल स्थित खण्डहर मे नीम के पेड की नीचे फेक दिया था।

### माधव ज्ञान केंद्र के छात्रों का इंटर स्कूल चेस कंपटीशन में चैंपियनशिप पर कब्जा



**नैनी, प्रयागराज।** आर.आर.बी. पब्लिक स्कूल नैनी में इंटर स्कूल चेस कंपटीशन का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के आठ विद्यालयों ने प्रतिभाग किया इसमें सरस्वती विद्या मंदिर ज्ञान केंद्र नैनी के छात्रों ने 30.5 अंक प्राप्त करके ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा किया द्व विद्यालय के अंडर- 13 में हर्ष कुमार , आदमय चंद , आयुष तिवारी ,पीयूष पांडे , सात्विक द्विवेदी एवं आलोक सिंह और अंडर -17 में अनंत कुशवाहा ,अनन्या कुशवाहा ,दिव्यांश सिंह ,प्रखर पांडे, शिखर द्विवेदी एवं शौर्य शर्मा ने प्रतिभाग किया यह सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में प्रतियोगिता की तैयारी किया द्व विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनायें एवं ढेर सारा आशीर्वाद दिया।

### वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स एसोसिएशन की बैठक में, संगठन मजबूती पर जोर

**नैनी,प्रयागराज।**'दि' वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे सीओडी रोड स्थित श्रीराम वाटिका में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना और सदस्यों के बीच समन्वय को बढ़ाना रहा।इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों को संगठन के परिचय पत्र वितरित किए गए।वक्ताओं ने संगठन की एकजुटता और मजबूती पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी सदस्य मिलकर पत्रकारिता के हितों की रक्षा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बैठक में नरेंद्र श्रीवास्तव, शिवमूरत केसरवानी, राजीव वर्मा, हजारीलाल कुशवाहा, गौरव केसरवानी, राजीव जायसवाल, श्याम कुमार वर्मा, राहुल जायसवाल, अखिलेश कुमार शुक्ला, मो. नसीम अहमद, राहुल कुशवाहा, उमाशंकर गुप्ता, दिलीप जायसवाल और रामबाबू सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# अब बुलडोजर चलाने से पहले देना होगा नोटिस, इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

● यदि जमीन निजी है, तो वहां किसी भी तोड़फोड़ से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सिद्धांतों और प्राकृतिक न्याय के नियमों का पालन करना होगा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हुए एक अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रशासन किसी भी व्यक्ति की निजी संपत्ति पर बुलडोजर चलाने या निर्माण गिराने से पहले कानूनी प्रक्रिया का पालन करने के लिए बाध्य है। बिना नोटिस और सुनवाई के की गई कोई भी कार्रवाई अवैध मानी जाएगी। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने गोपाल कृष्ण व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किए। हाईकोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा कि किसी भी निजी जमीन पर बने निर्माण को गिराने से पहले संबंधित व्यक्ति को 'कारण बताओ नोटिस' देना अनिवार्य है। केवल नोटिस देना ही काफी नहीं है, बल्कि उस व्यक्ति को अपनी बात रखने और सुनवाई का पूरा अवसर भी मिलना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि भले ही विकास प्राधिकरण को मास्टर प्लान के उल्लंघन पर कार्रवाई का हक है, लेकिन वे कानून से ऊपर नहीं हैं। यह विवाद मुख्य रूप से जमीन की पैमाइश और सीमा विवाद से जुड़ा था। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के मुताबिकःप्लाट संख्या 27ः यह 'नवीन परती' यानी सरकारी भूमि घोषित है।

प्लाट संख्या 28ः यह एक निजी स्वामित्व वाली भूमि है। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि प्रशासन उनकी निजी संपत्ति पर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर रहा है। वहीं, प्रयागराज विकास प्राधिकरण का तर्क था कि कार्रवाई केवल उसी निर्माण पर की गई जो स्वीकृत नक्शे या योजना के अनुरूप नहीं था। सरकारी बनाम निजी भूमि पर नियमःकोर्ट ने दोनों स्थितियों में फर्क स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकारी भूमि (प्लाट 27): यदि सरकारी जमीन पर कोई अतिक्रमण किया गया है, तो उसे नियमानुसार हटाया जा सकता है। निजी भूमि (प्लाट 28): यदि जमीन निजी है, तो वहां किसी भी तोड़फोड़ से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सिद्धांतों और प्राकृतिक न्याय के नियमों का पालन करना होगा। हाईकोर्ट ने यह भी साफ किया कि यदि दो पक्षों के बीच जमीन की सीमा या मालिकाना हक को लेकर कोई निजी झगड़ा है, तो उन्हें सक्षम सिविल कोर्ट जाना चाहिए। प्रशासन को ऐसे मामलों में जल्दबाजी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। न्यायालय ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में किसी भी निजी निर्माण पर कार्रवाई से पहले विधिवत नोटिस जारी किया जाए। यह फैसला उन लोगों के लिए बड़ी राहत है जो बिना पूर्व सूचना के प्रशासनिक कार्रवाई का डर महसूस करते हैं। कोर्ट ने साफ कर दिया कि 'कानून का राज' प्रक्रिया के पालन में ही निहित है।

### द्वारा दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो प्रयागराज।** उतरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-75/2026 धारा-65(2) भा0न्या0सं0 व 5m/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)V एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दीपचन्द्र साहू पुत्र फूलचन्द्र साहू निवासी ग्राम पकरी पोस्ट मोतिहाँ थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को आज दिनांक-24.04.2026 को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरौना चौराहे के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म करने के सम्बंध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना उतरांव पर मु0अ0सं0-75/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

## राघव चड्ढा भाजपा में शामिल, दो तिहाई सांसदों के साथ होने का किया दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।**आप के राज्यसभा के 10 सांसदों में से सात सांसद भाजपा में शामिल हो गए. आप सांसद राघव चड्ढा अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुए. संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सांसद राघव चड्ढा ने कहा, 'हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे. 'पिछले कुछ महीनों से चड्ढा को लेकर ऐसी खबरें मीडिया में आ रही थीं. राघव चड्ढा ने कहा कि उनके साथ हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी भी शामिल हैं. उन्होंने कहा कि हमने राज्यसभा सचिवालय को भी इसकी सूचना दे दी है। सांसद राघव चड्ढा ने कहा, 'राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सांसद हैं, जिनमें से दो तिहाई से अधिक इस मामले में हमारे साथ हैं. उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं और आज सुबह हमने हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज राज्यसभा अध्यक्ष को सौंप दिए हैं... उनमें से तीन आपके सामने उपस्थित हैं. हमारे अलावा, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल भी हैं। ' उन्होंने आगे कहा, 'मैं आपको पार्टी की गतिविधियों से खुद को अलग करने का असली कारण बता रहा हूं. मैं उनके गुनाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहता था. मैं उनकी दोस्ती के लायक नहीं था, क्योंकि मैं उनके अपराध में शामिल नहीं था. हमारे पास सिर्फ दो ही विकल्प थे - या तो राजनीति छोड़ दें और पिछले 15-16 सालों में किए गए अपने जनसेवा के काम को त्याग दें या फिर अपनी ऊर्जा और अनुभव से सकारात्मक राजनीति करें. इसलिए, हमने फैसला किया है कि राज्यसभा में आप के दो-तिहाई सदस्य भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे।

## ज्ञानेश कुमार को हटाने को लेकर 73 सांसदों ने किए दस्तखत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के संदर्भ में शुक्रवार को राज्यसभा को नया नोटिस सौंपा। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने बताया कि संसद के उच्च सदन के 73 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी को दिया गया है। जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राज्यसभा के 73 विपक्षी सदस्यों ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 15 मार्च, 2026 को और उसके बाद किए गए कामों और चूक के आधार पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 (5) के साथ पठित अनुच्छेद 124 (4), धारा 11 (2) तथा मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत पद से हटाने की प्रार्थना करते हुए प्रस्ताव का नोटिस राज्यसभा महासचिव को सौंपा है।'' उन्होंने कहा कि सीईसी के खिलाफ अब नौ विशिष्ट आरोप हैं जिन्हें काफी विस्तार से दस्तावेजीकृत किया गया है और इन्हें आसानी से नकारा या खारिज नहीं किया जा सकता । जयराम रमेश ने दावा किया, ''सीईसी संविधान पर हमला जारी रखे हुए हैं। यह अत्यंत अपमानजनक है कि वह व्यक्ति प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आदेशों का पालन करने के लिए पद पर बने हुए हैं।'' इससे पहले लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 विपक्षी सदस्यों ने बीते 12 मार्च को दोनों सदनों में कुमार के खिलाफ नोटिस सौंपा था। हालांकि राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने छह अप्रैल को इसे अस्वीकार कर दिया था। विपक्षी सांसदों ने अपने पहले के नोटिस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार पर ''कार्यपालिका के इशारे पर काम करने'' का आरोप लगाया था। इसके अलावा, उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को ''बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करने'' का भी आरोप लगाया था।

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025' की परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु प्रशासन मुस्तैद रहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** 'उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025' की परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने जाने हेतु कन्ट्रोल रूम एवं परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।*होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 परीक्षाः पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सख्त, कंट्रोल रूम व केंद्रों का निरीक्षण किया गया। प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025' परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रयागराज प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), जिलाधिकरो 6 पुलिस उपायुक्त (अपराध) द्वारा संयुक्त रूप से कंट्रोल रूम तथारि विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा नकल-विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, वहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखी जा रही थी।

अधिकारियों ने विशेष रूप से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर ही दिए। प्रशासन की सख्ती और सतर्कता के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होती नजर आई, जिससे अभ्यर्थियों में भी भरोसा कायम हुआ।

### राघव चड्ढा की बगावत पर भगवंत मान का तंज, सिर्फ मसालों से सब्जी नहीं बनती



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर परोक्ष रूप से निशाना साधा, एक दिन पहले ही चड्ढा और छह अन्य सांसद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। चड्ढा का नाम लिए बिना, मान ने पंजाबी में एक पोस्ट में पाक कला से जुड़ा उदाहरण देते हुए कहा कि अदरक, लहसुन और मसाले जैसी सामग्रियां मिलकर किसी व्यंजन का स्वाद तो बढ़ा सकती हैं, लेकिन अकेले-अकेले वे व्यंजन नहीं बना सकतीं। यह स्पष्ट रूप से अलग हुए सांसदों के समूह पर कटाक्ष था।

### ट्रैफिक नियम तोड़े तो कार्रवाई तयः सड़कों पर उतरी पुलिस, 71 वाहनों का चालान

**देवरियाः** शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में शनिवार को यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बस स्टैंड और कसया ओवरब्रिज पर चलाए गए अभियान के दौरान सड़क किनारे सवारी भरने वाले ऑटो व ई-रिक्शा, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस के चल रहे वाहन, बिना हेलमेट और तीन सवारी बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर चल रही बुलेट मोटरसाइकिलों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा।

**अभियान का असरः 71 वाहनों का ई-चालान, 5 वाहन सीज**

पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से न केवल यातायात नियमों का पालन होता है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है। स्पष्ट संदेश दिया कि नियमों का उल्लंघन किया तो कार्रवाई तय है।

## स्कूल बस परमिट पर केवल अभिभावकों से समझौता नहीं, स्कूल से अनुबंध जरूरी....हाई कोर्ट

● इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल बसों के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि बच्चों के परिवहन के लिए निजी बस संचालकों को स्कूल से औपचारिक समझौता करना अनिवार्य है। केवल अभिभावकों के साथ किया गया समझौता परमिट पाने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाएगा। जस्टिस शेखर बी. सराफ और जस्टिस अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है।

अदालत ने उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियम 1998 के नियम 222-बी का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल बस चलाने के लिए निजी बस मालिक और स्कूल प्रबंधन के बीच समझौता होना जरूरी है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल की होती है, न कि अलग-अलग अभिभावकों की। मामले में याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि उसने एक कंपनी के साथ समझौता किया, जिसके कर्मचारियों के बच्चों को एक स्कूल तक लाने-ले जाने का काम वह करता है। उसने यह भी कहा कि कुछ वाहन संचालकों को अभिभावकों से समझौते के आधार पर परमिट दिया गया, इसलिए उसे भी राहत मिलनी चाहिए। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस तर्क को खारिज किया और कहा कि नियमों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जो केवल अभिभावकों के साथ समझौते को मान्यता देती हो। अदालत ने कहा, 'नियमों में स्पष्ट है कि स्कूल ही बच्चों की सामूहिक सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। इसलिए यह जिम्मेदारी व्यक्तिगत अभिभावकों या उनके नियोक्ताओं पर नहीं डाली जा सकती। 'इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की और स्पष्ट किया कि स्कूल बस परमिट के लिए नियमों का पूरी तरह पालन करना आवश्यक है।

## सिर्फ़ एफआईआर के आधार पर हथियार का लाइसेंस रद्द नहीं किया जा सकताः इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फ़ैसला दिया कि हथियार का लाइसेंस सिर्फ़ एफआईआर के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता, जब तक कि उसमें हथियार के गलत इस्तेमाल या उसे चलाने का कोई ज़िक्र न हो। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पिछले फ़ैसले राजीव कुमार ञ्च मोनू शुक्ला बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (प्रधान सचिव, गृह और अन्य के ज़रिए) पर भरोसा करते हुए जस्टिस इरशाद अली ने कहाः 'यह बिल्कुल साफ़ है कि सिर्फ़ एफआईआर के आधार पर—जहां साफ़ तौर पर हथियार का कभी इस्तेमाल नहीं हुआ और हथियार के गलत इस्तेमाल के कोई आरोप नहीं हैं—लाइसेंस रद्द नहीं किया जा सकता। ' याचिकाकर्ता को उसके हथियार का लाइसेंस रद्द करने के संबंध में 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया, जिसका आधार यह था कि हथियार का इस्तेमाल किसी अपराध में किया गया। याचिकाकर्ता ने जवाब दिया कि उसने नोटिस में बताए गए अपराध में अपने हथियार का इस्तेमाल नहीं किया और उसे झूठा फँसाया जा रहा है। या चिकाकर्ता का लाइसेंस कथित तौर पर मामले की खूबियों पर विचार किए बिना और उसके जवाब को नज़रअंदाज़ करते हुए रद्द कर दिया गया। इससे दुखी होकर याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। यह फ़ैसला दिया गया कि यह दिखाना ज़रूरी है कि ऐसे आपराधिक मामले में शामिल होना सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए हानिकारक होगा। कोर्ट ने फ़ैसला दिया कि इस बात को साबित करने के लिए कोई सामग्री मौजूद नहीं थी कि याचिकाकर्ता द्वारा हथियार का गलत इस्तेमाल किए जाने की संभावना थी और सहायक सामग्री के अभाव में यह निष्कर्ष मनमाना है। यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता को दो आपराधिक मामलों में बरी किया गया, कोर्ट ने फ़ैसला दिया कि याचिकाकर्ता द्वारा 'हथियार अधिनियम' का उल्लंघन किए जाने का निष्कर्ष अवैध, मनमाना और ठोस कारणों पर आधारित नहीं है। तदनुसार, रिट याचिका स्वीकार की गई।

## हेड कांस्टेबल का शव रेलवे ट्रैक पर मिला, इलाके में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज-** हंडिया थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब हेड कांस्टेबल अमरनाथ यादव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरनाथ यादव मूल रूप से गाजीपुर जनपद के निवासी थे। वह पहले हंडिया थाने में तैनात रह चुके थे और वर्तमान में झूंसी थाना क्षेत्र में पीआरवी 112 पर ड्यूटी कर रहे थे। हालांकि उनका सरकारी आवास हंडिया थाना परिसर में ही था, जहां वह अपनी पत्नी और लगभग दो वर्षीय बेटी के साथ रहते थे। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने सुबह रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान कराई, जिससे मृतक की शिनाख्त हेड कांस्टेबल अमरनाथ यादव के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस आत्महत्या, दुर्घटना या किसी साजिश—तीनों ही पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल पुलिस सभी साक्ष्यों को जुटाने में लगी है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

### थाना दिवस पर ने सुनी जनसमस्याएं



**बहरिया/प्रयागराज।** बहरिया थाने में आयोजित थाना दिवस के अवसर पर थानाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। थाना परिसर में आयोजित दिवस में अपनी-अपनी समस्में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। थानाध्यक्ष ने प्रत्येक फरियादी की बात को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को कई मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। थाना दिवस में कर्मचारी तथा क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# जूसर के हैंडल से पिता ने की निर्मम हत्या,हत्यारे बाप ने बीबी के चरित्र पर संदेह का बदला बेटे की हत्या से

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। एक पिता ने अपने ही 18 वर्षीय बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या का आरोप पप्पू जायसवाल (45) पर है, जो घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है।

**रात में छत से नीचे ले जाकर किया हमला**

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात परिवार के सभी सदस्य घर की छत पर सो रहे थे। देर रात आरोपी पिता अपने बेटे प्रियंशु जायसवाल को बहाने से नीचे कमरे में ले गया। वहां उसने जूसर के हैंडल से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले की आवाज सुनकर जब मां और अन्य परिजन नीचे पहुंचे, तो कमरे का मंजर रोंगटे खड़े कर देने वाला था—चारों तरफ खून फैला था और प्रियंशु गंभीर रूप से घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा था।

**अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत**

परिजन आनन-फानन में प्रियंशु को अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी पिता ने परिवार को धमकाया और मौके से फरार हो गया।

**परिवार में सबसे बड़ा था मृतक**

मृतक प्रियंशु जायसवाल परिवार का सबसे बड़ा बेटा था और इलाके में जूस की दुकान चलाकर परिवार की मदद करता था। उसकी अचानक मौत से पूरे मोहल्ले में शोक और आक्रोश का माहौल है।

**शक बना हत्या की वजह**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पिता को अपनी पत्नी पर शक था, जिसके चलते घर में अक्सर विवाद होता था। इसी तनाव के चलते उसने अपने ही बेटे को मौत के घाट उतार दिया।

**पुलिस जांच में जुटी, आरोपी की तलाश जारी**

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मनीष कुमार शांडिल्य (डीसीपी सिटी) ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

### अखिलेश यादव का ब्छ्क्पर बड़ा हमला, बोले- इनसे बड़ा कोई गिद्ध दल नहीं



समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक नाबालिग लड़की की मौत के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक गांव से 14 अप्रैल को लापता हुई नाबालिग लड़की का शव 15 अप्रैल को गंगा नदी पर बने एक पुल के पास मिला। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर पीड़िता के पिता पर दबाव डालने का भी आरोप लगाया।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से ट्रांसफार्मर सहित केबिलें जली



**कोंच(जालौन)-** भीषण गर्मी में आसमान से बरसती आग के बीच बिजली उपकरण भी जलने लगे हैं। कस्बे में स्थित बजरिया पावर हाउस पर शुक्रवार देर रात करीब 11:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां स्थापित एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का मुख्य कारण ओवरलोडिंग बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रांसफार्मर से पहले धुआं उठता दिखाई दिया जिसके कुछ देर बाद ही आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग ने देखते ही देखते आसपास रखी बिजली की तमाम केबिलों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे सारी केबिलें जलकर खाक हो गई और विभाग को काफी नुकसान पहुंचा है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों सहित दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से इलाके की बिजली आपूर्ति भी घंटों बाधित रही जिससे गर्मी के बीच लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोडिंग और गर्मी की वजह से ट्रांसफार्मर में आग लगी है।

### लापता पति को खोजने की लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)-** शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में एक महिला ने अपने पति के घर से लापता हो जाने और ससुराल पक्ष द्वारा उसे प्रताड़ित किए जाने की शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला लाजपत नगर निवासी महिला रीना बेगम पत्नी शराफत ने वरिष्ठ उप निरीक्षक विमलेश कुमार को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति शराफत बीती 2 अप्रैल से घर से लापता हैं। पति नशे का आदि है तथा कई लोगों से उसने कर्ज भी ले रखा है। महिला ने बताया कि पति के लापता होने के बाद से कर्ज देने वाले लोग लगातार घर पर आकर उससे रुपयों की मांग कर रहे हैं इससे वह और उनके बच्चे काफी परेशान और मानसिक तनाव में हैं। महिला ने बताया कि उन्होंने कर्जदारों से कुछ समय देने की गुजारिश भी की लेकिन समस्या लगातार बनी हुई है। वहीं महिला ने अपने ससुर पर आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र में कहा कि ससुर उसे और बच्चों को धमका रहा है। ससुर उससे कह रहे हैं कि अपने पति को खोजकर लाओ नहीं तो कोतवाली में तुम्हारे खिलाफ ही रिपोर्ट कर देंगे। ससुर की इस धमकी से वह खुद असुरक्षित महसूस कर रही है। रीना बेगम ने मामले की जांच कर पति को बरामद किए जाने एवं बच्चों सहित उसकी सुरक्षा किए जाने की मांग की है। वरिष्ठ उप निरीक्षक ने शिकायती पत्र का तत्काल संज्ञान लेते हुए महिला के लापता पति की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसकी खोज शुरू कर दी है।

### चोरी की दो बाइकों सहित आरोपी गिरफ्तार




**कोंच(जालौन)-** कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक नितिश कुमार, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह तथा कांस्टेबल अभिषेक पाल क्षेत्र में गश्त, अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ दिन पहले चोरी हुई बाइक लेकर एक व्यक्ति जालौन रोड से नदीगांव की ओर जा रहा है। सूचना पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम ने पंचानन चौराहे के पास घेराबंदी की। इसके बाद पुलिसकर्मी सूरजज्ञान स्कूल के करीब झाड़ियों में छिपकर उक्त व्यक्ति का इंतजार करने लगे। कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को रोक कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम श्रीप्रकाश पुत्र स्व. लल्लूराम निवासी ग्राम अंडा बताया। आरोपी के पास से नकदी भी बरामद हुई है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें बरामद कीं हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोर गिरोह से तो नहीं जुड़ा है तथा उसके खिलाफ पहले से कोई आपराधिक इतिहास है या नहीं।

# गेहूं खरीद हेतु खुले सरकारी खरीद केंद्रों पर दुरुस्त नहीं हो पा रहीं व्यवस्थाएं, खरीद पड़ी ठप्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)-** किसानों द्वारा उपज गेहूं की खरीद के लिए संचालित सरकारी खरीद केंद्र खुले एक माह होने को हैं, लेकिन व्यवस्थाएं इतने दिन बाद भी दुरुस्त नहीं हो सकी हैं। बारदाने की कमी, गोदामों में जगह न होना और तकनीकी दिक्कतों के चलते कई केंद्रों पर खरीद ठप्प पड़ी हुई है जिससे किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, केंद्रों पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है।

नगर में खुले पांच गेहूं सरकारी खरीद केंद्रों में तीन मंडी परिसर के अंदर और दो बाहर बनाए गए हैं, लेकिन अधिकांश केंद्र किसी न किसी समस्या से जूझ रहे हैं। सबसे खराब स्थिति क्रय-विक्रय केंद्र की है जहां अब तक महज सात-आठ दिन ही खरीद हो सकी है। पिछले तीन दिनों से बारदाना न होने के कारण खरीद पूरी तरह बंद है। केंद्र प्रभारी उषा तिवारी ने बताया कि अब तक 18 किसानों से 731 कुंतल गेहूं खरीदा गया है, जबकि एक बार भी उठान नहीं हुई है। 22 अप्रैल के बाद से बारदाने की आपूर्ति नहीं होने से खरीद कार्य बाधित है। ई-पॉप मशीन में गड़बड़ी के चलते कुछ किसानों की ऑनलाइन फीडिंग भी नहीं हो सकी है। उधर, बी-पैक्स जुझारपुरा प्रथम केंद्र पर गोदाम भर जाने से शनिवार को खरीद बंद रही। केंद्र प्रभारी राजकुमार ने बताया कि 17 किसानों से 1114 कुंतल गेहूं खरीदा जा चुका है लेकिन भंडारण के लिए जगह न बचने से खरीद रोकनी पड़ी है। मंडी में एफसीआई का खरीद कार्य नीलामी चबूतरे पर हो रहा है जिससे गेहूं की बोरियां चट्टे में खुली पड़ी हैं। बंदरों और आवारा पशुओं के कारण बोरियों की सुरक्षा चुनौती बनी हुई है। केंद्र प्रभारी खुर्शीद आलम खान ने बताया कि 98 किसानों से 4357 कुंतल खरीद हुई है, जिसमें 959 कुंतल की उठान हो चुकी है जबकि करीब 7500 कुंतल गेहूं अभी भी केंद्र पर पड़ा हुआ है। आरएफसी केंद्र पर भी हालात बेहतर नहीं हैं। केंद्र प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि 126 किसानों से 6300 कुंतल खरीद हो चुकी है, लेकिन 5512 कुंतल गेहूं अब भी गोदाम में जमा है। वहीं पीसीएफ केंद्र पर ई पॉप मशीन खराब होने से फीडिंग बाधित है। केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि 15 किसानों से 1200 कुंतल खरीद की गई है, जिसमें 188 कुंतल ककी उठान हुई है जबकि 1014 कुंतल की फीडिंग लंबित है और 826 कुंतल गेहूं गोदाम में भरा है। खरीद केंद्रों पर लगातार हावी इन समस्याओं से किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।

## जनगणना अभियान के पहले चरण का प्रशिक्षण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** नगर में हाटा स्थित आईटीआई कॉलेज में शनिवार को जनगणना अभियान के पहले चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। भारत सरकार के जनगणना अभियान के पहले चरण में मकानों के सूचीकरण का काम आगामी 7 मई से शुरू होगा। यह प्रशिक्षण कोंच तहसील क्षेत्र के कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों के लिए रखा गया, जिसमें जनगणना कार्य को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर शीलनिधि शुक्ला, देवेंद्र निरंजन और विपिन वर्मा ने कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में क्षेत्र के सभी भवनों और मकानों का सर्वे किया जाएगा। इस दौरान मकानों की संख्या, उनकी स्थिति, प्रकार और उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जाएगी जिससे सटीक आंकड़े तैयार हो सकें। प्रशिक्षकों ने बताया कि 7 से 21 मई तक स्वगणना का कार्य किया जाएगा जिसमें नागरिक स्वयं अपने परिवार और मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कराएंगे। इसके बाद 22 मई से 21 जून तक प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और आंकड़ों का सत्यापन करेंगे। पहली बार यह डिजिटल जनगणना की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में एक सुपरवाइजर के साथ छह प्रगणकों की टीम तैनात की जाएगी जो निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वे कार्य पूरा करेगी। सर्वे के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि मकान आवासीय है या व्यावसायिक, कच्चा है या पक्का तथा उसमें रहने वाले परिवारों की संख्या क्या है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करें ताकि सही और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर विवेक ठाकुर, देवाशीष, अशुतोष श्रीवास्तव, आशा दोहरे, आरती दुबे, बबली निरंजन, राजर्षि, सौभाग्य, शालिनी शर्मा, विपिन पालीवाल, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत पाठशाला का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**कोंच(जालौन)-** संस्कृत बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में नगर की पुरानी शिक्षण संस्था संस्कृत पाठशाला का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि को लेकर प्रधानाचार्य जयदेव नगाइच ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देने के साथ ही आचार्यों और प्रबंध तंत्र को भी बधाई दी है। कहा कि अभावग्रस्त परिस्थितियों में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। पूर्व मध्यमा द्वितीय की परीक्षा में विद्यार्थियों नकुल यादव 469/700 (67 प्रतिशत), रविकांत 448/700 (64 प्रतिशत) तथा मोहन 447/700 (63.9 प्रतिशत) अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि तीन परीक्षार्थी धन सिंह, राज नंदिनी व अंकिता देवी परीक्षा के कुछ पेपरों में गैरहाजिर रहने के कारण अनुत्तीर्ण रहे। उत्तर मध्यमा प्रथम में महिमा और राधा को 330/600 (55 प्रतिशत) तथा शालू 310/600 (51.7 प्रतिशत) अंकों के साथ द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उत्तर मध्यमा द्वितीय में आलोक पटेरिया 717/1200 (59.7 प्रतिशत), राजीव 703/1200 (58.6 प्रतिशत), मोहित कुमार गौतम 636/1200 (53 प्रतिशत), वर्षा 590/1200 (49.2 प्रतिशत) एवं आदित्य व्यास 553/1200 (46.1 प्रतिशत) अंकों के साथ द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

## गणना कार्य के एवज में शिक्षकों ने मांगा देय अर्जित अवकाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** केंद्र सरकार के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में होने जा रही भवन एवं जनगणना कार्य में परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाए जाने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने देय अर्जित अवकाश की सुविधा प्रदान किए जाने सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर नायब तहसीलदार वैभव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक नदीगांव के अध्यक्ष अभिषेक निरंजन एवं मंत्री केशव द्विवेदी की अगुवाई में शुक्रवार को तहसील कार्यालय पर जुटे शिक्षकों ने नायब तहसीलदार को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि भवन एवं जनगणना का जो कार्य शुरू किया जा रहा है वह ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में हो रहा है। यदि ग्रीष्म अवकाश उपभोग करने वाले कर्मचारियों को ग्रीष्म अवकाश में किसी राजकीय कार्य हेतु विभागीय सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार रोका जाता है तो इस अवधि के अवकाश का आगणन देय अवकाश के बराबर ग्रीष्मकालीन अवकाश में रोके गए दिनों के अनुसार अर्जित अवकाश दिए जाने के संबंध में पूर्व में आदेशित किया जा चुका है। अतः उक्त अवधि की गणना करके देय अर्जित अवकाश की सुविधा अनुमन्य की जाए। इसके अलावा ज्ञापन में मांग की गई कि गर्भवती शिक्षिकाएं एवं बीमार व दिव्यांग शिक्षक-शिक्षिकाओं को गणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए और ग्रेड पे का ध्यान रखकर कनिष्ठता-वरिष्ठता के अनुरूप कार्यरत विद्यालयों के आसपास ही ड्यूटी लगाई जाए। इस मौके पर उपवन कुमार सिंह, कृष्णकांत वाजपेई, डॉ हरपाल यादव, जीतेंद्र कुमार गुप्ता, अंजनी निरंजन, सुबोध निरंजन, ओमप्रकाश निरंजन, सुशील कुमार निरंजन, विवेक ठाकुर, धर्मेन्द्र बबेले, जीतेन्द्र कुमार गुप्ता, राजर्षि रंजन, शैलेन्द्र मिश्रा, राजा भैया, देवेश कुमार निरंजन, ओमजी मिश्रा, छोटेराजा पटेल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पेट्रोल पम्प संचालक को निर्देश देते हुए कहा कि नियमानुसार डीजल/पेट्रोल का वितरण करे। उपस्थित लोगों से कहा कि आप लोग लाइन बनाकर वाहन में ईंधन भरवाये। जनपद में ईंधन की कमी नही है। सप्लाई चेन लगातार चल रही है। अफवाहों पर ध्यान न दे। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि ईंधन की आपूर्ति सुचारु रूप से बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता, जमाखोरी या कालाबाजारी न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर ही ईंधन उपलब्ध कराया जाए और किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिना हेलमेट के पेट्रोल न दे।

## सीमांत चौकी का उदघाटन



**मिर्जापुर** जनपद के अहरौरा थाना क्षेत्र में क्राइम और तस्करी के रोकथाम हेतु सोनभद्र सीमा से पूर्व भलदरिया स्थित नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन फीता काटकर और पीपल वृक्ष लगाकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के द्वारा किया गया। नवीन चौकी का




उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी, पशु तस्करी और तमाम गैर कानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु विकसित किया गया है।उक्त कार्यक्रम में जिला कप्तान अपर्णा रजत कौशिक, एडिशनल एसपी राजकुमार मीणा, मड़िहान नक्सल क्षेत्राधिकारी शिखा भारती, अहरौरा थाना एस एच ओ अजय मिश्रा पूरे पुलिस महकमें के साथ मौजूद रहे।

## श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई जानकी जयंती



जयन्ती अवसर पर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के तालाबपुरा स्थित प्राचीन श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर में शनिवार को माता जानकी जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गुंजायमान रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजन-अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ माता जानकी के प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया। महंत एवं पुजारियों के सानिध्य में विशेष पूजन-अर्चन संपन्न हुआ, जिसके बाद जानकीजी के जन्मोत्सव पर भजन-कीर्तन एवं मंगलगान प्रस्तुत किए गए। श्रद्धालुओं ने माता जानकी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की। पूजन उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। आयोजन में महंत रामलखन दास, बड़े पुजारी अनंत दास, राम मोहन दास, श्याम दास, राम दास, अजय दास, कल्लू पांडेय, विलास पटेरिया, राजीव बबेले, संजय डयोडिया, धर्मेंद्र रावत, हृदेश हुण्डैत, रज्जन चतुर्वेदी, अनिल सोनी, रुपेश रावत, गीता तिवारी, सुखमती शर्मा, वंशिका शर्मा, प्रगति साहू एवं रानी सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अब मीरजापुर वासियों को मिलेगा सुकून का नया ठिकाना, नील सरोवर बनेगा 'मिनी लेक व्यू स्पॉट'

- **नील सरोवर को मिनी लेक व्यू के रूप में विकसित किया जाएगा।**
- **पाथवे, हरियाली और हेरिटेज लाइटों से सुंदरीकरण होगा।**
- **महिलाओं, बुजुर्गों के लिए सुरक्षित व आकर्षक स्थल बनेगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** बरौंधा वार्ड स्थित शिवशंकरी धाम का नील सरोवर (प्रेम तालाब) अब नए स्वरूप में नजर आएगा। तालाब को पूरी तरह मिनी लेक व्यू की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। चारों ओर पाथवे, हरियाली से भरपूर वातावरण और रात में जगमगाती हेरिटेज लाइट इसे सुकून भरा सार्वजनिक स्थल बनाएंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने बताया कि नगर में जल संरक्षण को मिशन मोड में लिया गया है। अब तक पांच तालाबों का कायाकल्प किया जा चुका है और प्रेम तालाब इस कड़ी का छठा पड़ाव है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करेगी, बल्कि लोगों को शहर के भीतर ही प्रकृति के करीब समय बिताने का अवसर भी देगी।

**महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित और आकर्षक जगह**

स्थानीय लोगों के लिए यह खबर खास मायने रखती है। सुबह की सैर हो या शाम की ठंडी हवा में परिवार के साथ सुकून के पल बिताने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह सुरक्षित और आकर्षक जगह होगी।

गत दिनों विधिवत पूजन-अर्चन कर तालाब सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया है। योजना के मुताबिक काम पूरा हुआ तो आने वाले समय में प्रेम तालाब शहर का नया हॉटस्पॉट होगा, जहां लोग सिर्फ घूमने ही नहीं, बल्कि सुकून तलाशने भी पहुंचेंगे।

**हरियाली, पाथ-वे और हेरिटेज लाइट से बदलेगी तस्वीर**



प्रेम तालाब के सुंदरीकरण की योजना सिर्फ साफ-सफाई तक सीमित नहीं है। इसे इस तरह विकसित किया जाएगा कि यहां आने वाला हर व्यक्ति एक अलग अनुभव लेकर लौटे। तालाब के चारों ओर मजबूत और सुंदर पाथ-वे बनेगा, जहां लोग आराम से सुबह-शाम टहल सकेंगे।

चारों तरफ हरियाली के लिए पौधरोपण किया जाएगा, जिससे वातावरण शुद्ध और मन को सुकून देने वाला बनेगा। रात के समय पूरा क्षेत्र हेरिटेज लाइट से जगमगाएगा, जो इसे खास आकर्षण देगा। दिन में प्राकृतिक सुंदरता और रात में रोशनी की चमक से अनोखा संगम देखने को मिलेगा।

# शादी से पहले बुझ गया घर का चिराग- सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**तिलहर-शाहजहांपुर।** खुशियों से सजा एक घर पल भर में मातम में बदल गया, जब शादी की तैयारियों में जुटे एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर तिलहर क्षेत्र में नगरिया चौकी के पास जयपुरिया स्कूल के सामने शनिवार को छोटा हाथी लोडर और तेज रफ्तार ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि छोटा हाथी में सवार 26 वर्षीय हरिकांत की मौके पर ही मौत हो गई। हरिकांत, अंबेडकर नगर जिले के महरुआ थाना क्षेत्र के गांव खजूरी डी के रहने वाले थे। मृतक के भाई सूर्यकांत ने बताया कि हरिकांत की शादी आगामी 5 मई को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, और इसी सिलसिले में वह मुरादाबाद से किराए के छोटा हाथी में घरेलू और शादी का सामान लेकर लौट रहे थे। किसी ने नहीं सोचा था कि जो बेटा दूल्हा बनने वाला था, वह इस तरह हमेशा के लिए घर से दूर हो जाएगा। हादसे की खबर मिलते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, खुशियों का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। मां माधुरी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं बहन ललिता और अन्य परिजन सदमे में हैं। जिस घर में शहनाइयां बजने वाली थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। जहां कुछ ही दिनों बाद बारात निकलनी थी, वहां अब अंतिम यात्रा की तैयारी हो रही है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया गया संकट मोचन राम दरबार मंदिर का प्रथम वर्षगांठ



**चुनार, मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित संकट मोचन राम दरबार एवं प्राचीन कष्ट भंजन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाँठ शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को माला-फूल एवं विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिर परिसर में पूजा-पाठ, श्रृंगार-आरती और हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया जहाँ भक्तों ने दर्शन पूजन के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान व्यवस्था में जगदीश गुप्ता,सतीश दुबे, किशन मोदनवाल, वाई.पी. सिंह, राजकुमार गुप्ता, संजय ओझा, सुरेश गुप्ता आदि लगे रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रुपईडीह- गोण्डा

पत्रांक 85 / लेखा0 / पंचम राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त / 2025-26/ दिनांक- 20/04/2026

**अल्प कालीन निविदा**

लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत रुपईडीह को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्तावित। अनुमोदित कार्ययोजना 2025-26 में निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदाये प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 21-4-26 से 29-4-26 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर 04 बजे अपराह्न प्राप्त कर सकते हैं। निविदाये दिनांक 30/04/2026 को अपराह्न 03 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली उपस्थित निविदाताओं/प्रतिनिधि के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी। तदुपरान्त प्राप्त निविदाये उसी दिन अपराह्न 03 बजे उपस्थित निविदाताओं/प्रतिनिधि के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्रम0 | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि | निविदा फॉम का मूल्या 12% जी0एस0 टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की समयवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्लाक परिसर इंटरलॉकिंग (पी0एच0सी0) से प्रमुख कक्ष तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 8.97 | 18000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 2 | ब्लाक परिसर स्मृतिशेष पंडित सिंह जी सभागार से एन0आर0एल0एम0 कार्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 7.90 | 16000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 3 | ब्लाक परिसर के मेन बिल्डिंग से टावर तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 3.93 | 8000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 4 | ब्लाक परिसर मेन गेट से पी0एच0सी0 होते हुये मन्दिर तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 5.65 | 11500.00 | 560.00 | 03 माह |
| 5 | ब्लाक परिसर मन्दिर से ए0डी0ओ0 पंचायत कार्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 9.00 | 18000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 6 | ब्लाक परिसर में आंगनबाड़ी व बाल विकास परियोजना कार्यालय के प्रांगण में रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 9.86 | 20000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 7 | ब्लाक परिसर इंटरलाकिंग से कर्मचारी आवास तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 7.33 | 15000.00 | 560.00 | 03 माह |
| 8 | ब्लाक परिसर मेन रोड से मन्दिर तक स्बर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 8.63 | 17500.00 | 560.00 | 03 माह |
| 9 | ब्लाक परिसर गोण्डा-बहराईच मार्ग से ए0डी0ओ0 पंचायत कार्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 7.23 | 14500.00 | 560.00 | 03 माह |

**नियम एवं शर्तों का विवरण:-**

1- प्रत्येक कार्य / परियोजनाओं पर उपरोक्तानुसार कालम 05 में अंकित धरोहर की धनराशि का 02 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0 /बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा जो खण्ड विकास अधिकारी रुपईडीह के पक्ष में बंधक होगा। शेष धरोहर राशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय अथवा बिल से कटौती कर ली जाएगी।

2- निर्धारित समय सीमा के पश्चात स्वीकार नहीं की जाएगी।

3- निविदा फर्म पर किसी प्रकार की कंटिंग परिलेख मान्य नहीं होगा।

4- निविदा फर्म पर दर उल्लेख अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

5- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

6- निविदाता को निविदा के साथ टी-6 बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7- भुगतान के समय नियमानुसार टी0डी0एस0 जी0एस0टी0 एल0एफ0 की कटौती कर ली जाएगी।

(अभय कुमार)
खण्ड विकास अधिकारी
रुपईडीह - गोण्डा

बबीता सिंह
प्रमुख क्षेत्र पंचायत रुपईडीह
गोण्डा

## संक्षिप्त खबरें

### पनकी क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की दर्दनाक मौत



**कानपुर।** कानपुर के पनकी क्षेत्र में एक गंभीर सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है, हालांकि तेज रफ्तार या लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### बाबूपुरवा वार्ड 105 में जलकल कर्मी पर बदसलूकी का आरोप, बीच सड़क गाड़ी खड़ी कर किया हंगामा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

**कानपुर।** कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 105 में जलकल विभाग के एक कर्मचारी की कथित दबंगई सामने आई है। पट्टू की दुकान के पास संकरी गली में बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित करने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलकल विभाग का कर्मचारी सूरज सड़क के बीच गाड़ी खड़ी कर मोबाइल पर बात करता रहा, जिससे आने-जाने वालों को काफी परेशानी हुई। जब क्षेत्रीय पार्षद के साथ मौजूद लोगों ने उससे वाहन किनारे लगाने को कहा, तो वह कथित तौर पर भड़क गया और अभद्र व्यवहार करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कर्मचारी ने कहा– 'गाड़ी यहीं खड़ी करूंगा, जो करना हो कर लो।' इस घटना से मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए और कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। स्थानीय नागरिकों ने इस तरह की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह का व्यवहार न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के लिए असुविधा भी पैदा करता है। फिलहाल इस मामले में संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### भीषण गर्मी में परीक्षार्थियों को राहतः नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कराया जलपान का इंतजाम



**कुशीनगर।** नगर क्षेत्र में आज मानवता और जनसेवा की मिसाल देखने को मिली, जब नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में उनके आवास के निकट होमगार्ड की परीक्षा देने आए दूर-दराज के परीक्षार्थियों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था कराई गई। भीषण गर्मी और लंबी यात्रा के बाद परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विनय जायसवाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले युवा देश और समाज का भविष्य हैं। उनका मनोबल बढ़ाना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका हमेशा से जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रही है और आगे भी इसी भावना के साथ समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करती रहेगी। इस पहल में स्थानीय नागरिकों और सहयोगियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे एक सराहनीय कदम बताया। सभी ने परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सफल होने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, बृजेश शर्मा, आकाश वर्मा, अनूप गौंड, राजेश जायसवाल, संतोष चौहान, काशी राजभर एवं मदन चौधरी सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद हेतु खुले सरकारी खरीद केंद्रों पर दुरुस्त नहीं हो पा रहीं व्यवस्थाएं, खरीद पड़ी ठप्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)-** किसानों द्वारा उपज गेहूं की खरीद के लिए संचालित सरकारी खरीद केंद्र खुले एक माह होने को हैं, लेकिन व्यवस्थाएं इतने दिन बाद भी दुरुस्त नहीं हो सकी हैं। बारदाने की कमी, गोदामों में जगह न होना और तकनीकी दिक्कतों के चलते कई केंद्रों पर खरीद ठप्प पड़ी हुई है जिससे किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, केंद्रों पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है। नगर में खुले पांच गेहूं सरकारी खरीद केंद्रों में तीन मंडी परिसर के अंदर और दो बाहर बनाए गए हैं, लेकिन अधिकांश केंद्र किसी न किसी समस्या से जूझ रहे हैं। सबसे खराब स्थिति क्रय-विक्रय केंद्र की है जहां अब तक महज सात-आठ दिन ही खरीद हो सकी है। पिछले तीन दिनों से बारदाना न होने के कारण खरीद पूरी तरह बंद है। केंद्र प्रभारी उषा तिवारी ने बताया कि अब तक 18 किसानों से 731 कुंतल गेहूं खरीदा गया है, जबकि एक बार भी उठान नहीं हुई है। 22 अप्रैल के बाद से बारदाने की आपूर्ति नहीं होने से खरीद कार्य बाधित है। ई-पॉप मशीन में गड़बड़ी के चलते कुछ किसानों की ऑनलाइन फीडिंग भी नहीं हो सकी है। उधर, बी-पैक्स जुझारपुरा प्रथम केंद्र पर गोदाम भर जाने से शनिवार को खरीद बंद रही। केंद्र प्रभारी राजकुमार ने बताया कि 17 किसानों से 1114 कुंतल गेहूं खरीदा जा चुका है लेकिन भंडारण के लिए जगह न बचने से खरीद रोकनी पड़ी है। मंडी में एफसीआई का खरीद कार्य नीलामी चबूतरे पर हो रहा है जिससे गेहूं की बोरियां चट्टे में खुली पड़ी हैं। बंदरों और आवारा पशुओं के कारण बोरियों की सुरक्षा चुनौती बनी हुई है। केंद्र प्रभारी खुर्शीद आलम खान ने बताया कि 98 किसानों से 4357 कुंतल खरीद हुई है, जिसमें 959 कुंतल की उठान हो चुकी है जबकि करीब 7500 कुंतल गेहूं अभी भी केंद्र पर पड़ा हुआ है। आरएफसी केंद्र पर भी हालात बेहतर नहीं हैं। केंद्र प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि 126 किसानों से 6300 कुंतल खरीद हो चुकी है, लेकिन 5512 कुंतल गेहूं अब भी गोदाम में जमा है। वहीं पीसीएफ केंद्र पर ई पॉप मशीन खराब होने से फीडिंग बाधित है। केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि 15 किसानों से 1200 कुंतल खरीद की गई है, जिसमें 188 कुंतल ककी उठान हुई है जबकि 1014 कुंतल की फीडिंग लंबित है और 826 कुंतल गेहूं गोदाम में भरा है। खरीद केंद्रों पर लगातार हावी इन समस्याओं से किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।

### होमगार्ड परीक्षा केंद्रों का डीसीपी पूर्वी ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** दिनांक 25.04.2026 को उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा (प्रथम दिवस/प्रथम पाली) के दृष्टिगत, पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा डी.ए.वी इण्टर कालेज व कैलाश नाथ बालिका विद्यालय इण्टर कालेज स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अभ्यर्थियों की सुव्यवस्थित प्रवेश-व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, स्वच्छता एवं पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जायजा लिया गया। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, भीड़-भाड़ नियंत्रित करने एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य एलायंस क्लब इंटरनेशनल के पुनः डायरेक्टर बनाये गये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की कोलकाता में संपन्न बैठक में क्लब के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट मनीष लाखोटिया ने बहुमुखी प्रतिभा के धनी समाज में निरंतर बने रहने वाले प्रतापगढ़ के समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को पुनः सत्र 2026-27 का इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद से नवाजा गया।इंटरनेशनल प्रेसिडेंट मनीष लाखोटिया ने कहा कि रोशनलाल उमरवैश्य ने अपने सेवा कार्यों से क्लब को निरंतर नई ऊंचाईयां प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में सर्वसम्मति से बोर्ड की बैठक में रोशनलाल उमरवैश्य को इंटरनेशनल डायरेक्टर की जिम्मेदारी पुनः दी जा रही है। फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया, पूर्व प्रेसिडेंट केजी अग्रवाल, भूपेंद्र चाहवाला, सुशील अग्रवाल ने कहा कि रोशनलाल ने अपने सेवा कार्यों से इंटरनेशनल स्तर की पहचान बनाने में सफल हुए हैं।

उनके बहुमुखी सेवा कार्य से क्लब का मान बढ़ रहा है। पुनः इंटरनेशनल डायरेक्टर बनाए जाने पर क्लब के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने खुशी जाहिर की। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने कहा कि रोशनलाल को अंतरराष्ट्रीय निदेशक बनाए जाने पर पूरा प्रतापगढ़ गौरवान्वित हो रहा है। रोशनलाल ने पशु पक्षियों, वृद्धजनों के साथ महाकुंभ में जो सेवा की वह अनुकरणीय है। इस पद पर पुनः नियुक्त होने पर समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने इंटरनेशनल प्रेसिडेंट मनीष लाखोटिया, पूर्व प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला, केजी अग्रवाल, तृप्ताकौर जुनेजा, सरिता बर्मन, कमाल लाखोटिया का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आप द्वारा दी गई है इसे पूरी तरह निभाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर राजीव कुमार आर्य, विनय श्रीवास्तव, आनंद मोहन ओझा, संतोष कुमार, राजेश सिंह, अंशुमान सिंह, सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, देवानंद, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, अर्चना खंडेलवाल, रेखा उमरवैश्य, सुधा अग्रवाल, ज्योति खंडेलवाला, पूनम गुप्ता आदि ने खुशी जाहिर की।

## जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा क्षेत्र में सड़कों की बदहाली और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को जिला पंचायत सदस्य बाबूराम यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद को जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की विभिन्न जर्जर सड़कों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनके तत्काल मरम्मत की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत कैथवलिया उर्फ बरगदही मुख्य मार्ग से ओमप्रकाश पासवान के घर तक जाने वाली लगभग 280 मीटर लंबी पिच सड़क जिसे साल 2016-17 में ग्राम विकास अभिकरण द्वारा बनाया गया था। देखरेख के अभाव में अब पूरी तरह टूट चुकी है। इसी तरह बरगदही मेन रोड से खनुआ के टोला बजरडिहवा तक जाने वाली करीब 20 साल पुरानी सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं, जिससे राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। इसके अलावा बॉर्डर डेवलपमेंट योजना के तहत ग्राम पंचायत बरगदवा उर्फ गनवरिया में बनी 500 मीटर लंबी सीसी रोड भी अब बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आरोप लगाया कि बॉर्डर डेवलपमेंट के अधिकारी और संबंधित विभाग पुराने मार्गों की मरम्मत को लेकर गंभीर नहीं हैं और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य बाबूराम यादव ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन सड़कों का सुधार नहीं कराया गया तो वह जनता के साथ व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिषेक अग्रहरी, संजय सहानी, विशाल गौतम, अर्जुन, अजय यादव, करण यादव और दीपेंद्र सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मासूम से दुष्कर्म मामले में अस्पताल से भागा आरोपी पुलिस मुठभेड़ हुआ लंगड़ा



**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट मे आरोपी जलालुद्दीन उर्फ डब्बू पुत्र मोहिउद्दीन निवासी नई बाजार रहवाई कोतवाली कुंडा जो ईलाज के दौरान एसआरएन प्रयागराज से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था, वह शहजादपुर कौशांबी की तरफ से करेंटी गंगा जी पुल होते हुए अपने वकील से मिलने आ रहा है।सूचना मिलते ही एसएचओ नरेन्द्र सिंह मय हमराह एसआई अमित सिंह उमेश प्रताप सिंह आदित्य शुक्ला आदि ने करेंटी तिराहे पर सघन चेकिंग शुरू कर दिया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस वालों पर फायरिंग कर दिया।पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जलालुद्दीन उर्फ डब्बू के दोनों पैर में गोली धंस गई,जिसे ईलाज हेतु अस्पताल लाया गया और निगरानी में पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।उसके कब्जे से एक तमंचा 2 जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

## दिवंगत हवलदार प्रेमचंद्र पाण्डेय को गमजदा माहौल में दी गई अंतिम विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पहलगाम में सीआरपीएफ में तैनात हवलदार रहे प्रेमचन्द्र पाण्डेय का शनिवार को गमजदा माहौल में अन्तिम संस्कार हुआ। शुक्रवार की रात करीब दो बजे सेना के वाहन से बलिदानी प्रेमचन्द्र का शव पैतृक गांव चमरूपुर शुक्लान पहुंचा। तिरंगे में बलिदानी का शव देख परिजन बिलख पड़े। बलिदानी को अंतिम विदाई देने के लिए प्रयागराज तथा लखनऊ के केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान भी पहुंचे। नेतृत्वकर्ता कमलेश कुमार सिंह व सर्वजीत सिंह ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। वहीं पुलिस की टुकड़ी ने बलिदानी को सशस्त्र विदाई गॉड ऑफ ऑनर पेश किया। दिवंगत प्रेमचंद्र के अंतिम दर्शन को लेकर गांव तथा आसपास से भी भारी भीड़ जुटी दिखी। पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए घर से श्रृंगवेरपुर घाट के लिए ले जाते समय ग्रामीणों ने भारत माता का जयघोष लगाया। बलिदानी के सम्मान में बाजार में चौराहे पर प्रतिष्ठान भी बंद दिखे। बड़े भाई महेश पाण्डेय ने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर घाट पर दिवंगत प्रेमचन्द्र पाण्डेय को मुखाग्नि दी। क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल ने भी जवान के असमय निधन पर संवेदना प्रकट की है।

### कार्यकर्ताओं से लालगंज में आज मुलाकात करेंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को दिन में डेढ़ बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी साढ़े तीन बजे मनीपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगे। वहीं वह दिन में साढ़े ग्यारह बजे नसीरपुर, राजापुर, खानीपुर, रेहुआ लालगंज, सांगीपुर में भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## डीएम एवं एसपी ने होमगार्ड्स एनरोलमेंट परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में शनिवार से होमगार्ड्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा की शुरुआत हो गई। जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा को पारदर्शी, नकलविहीन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने डीएवी इंटर कॉलेज, लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज तथा केपी हिंदू इंटरमीडिएट कॉलेज के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा संचालन की स्थिति को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में कुछ खामियां पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक कुलश्रेष्ठ को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि कमियों को तत्काल दूर किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, सुरक्षा बलों की तैनाती और कंट्रोल रूम की सक्रियता की भी गहन जांच की।

उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सभी कैमरे निरंतर चालू रहें, जिससे हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी लगाया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

### कल्याणपुर में महिला हत्याकांड और लूट का 48 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**कानपुर।** कानपुर के वेस्ट जोन की क्राइम ब्रांच और कल्याणपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर महिला की हत्या और लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर दिया है। कुछ दिन पहले निर्मला नाम की महिला की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी और आरोपी जेवर लेकर फरार हो गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी 'छत पर ड्रोन गिरा है' का बहाना बनाकर घर में दाखिल हुआ और महिला को अकेला पाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में कानपुर देहात निवासी 19 वर्षीय आर्यन शर्मा उर्फ ईशु को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 27 लाख रुपये के जेवर बरामद किए गए हैं, जिन्हें वारदात के दौरान लूटा गया था। इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया गया है। पूरे मामले का खुलासा डीसीपी पश्चिम कासिम आबिदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## जलवायु अनुकूलन खेती आज के समय कि मांग- नसीम अंसारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** पृथ्वी दिवस सप्ताह के अवसर पर प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को स्वयंसेवी संस्था तरुण चेतना द्वारा ग्राम रामपुर बेला में पृथ्वी दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर 'तरुण चेतना' के निदेशक नसीम अंसारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पृथ्वी को बचाना अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी अनिवार्यता बन गई है।अंसारी ने जलवायु-स्मार्ट कृषि पर जोर देते हुए बताया कि यह पद्धति एक एकीकृत दृष्टिकोण है, जिसका उद्देश्य बदलते मौसम में कृषि उत्पादकता बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन विकसित करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है।

कार्यक्रम में पृथ्वी संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए संस्था के उप निदेशक श्याम शंकर शुक्ला ने कहा कि वैज्ञानिक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से हम मिट्टी की उर्वरता बनाए रख सकते हैं और जल संरक्षण को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलेगी।संस्था के उप निदेशक श्याम शंकर शुक्ला ने पृथ्वी संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन और पानी की बर्बादी रोकने के तरीकों पर चर्चा करते हुए एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शिवकुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इसी क्रम में समाजसेवी रामआसरे वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए और अपने दैनिक जीवन में ऐसे कार्य करने चाहिए जो प्रकृति के अनुकूल हों। इस मौके पर तरुण चेतना के अभियान समन्वयक हुश्नारा बानो ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण छोड़ना हमारा नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर रजनीश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलावती, संस्था के सह-निदेशक हकीम अंसारी, शोभावती मौर्या, सावित्री देवी, बृजलाल वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पडरौना नगर पालिका बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी, करोड़ों का बजट पास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद पडरौना की बोर्ड अधियाचन बैठक आज कार्यालय के सभागार में सकुशल संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने की, जिसमें नगर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में उपसमितियों के गठन की मांग पर गहन विचार-विमर्श के बाद पथप्रकाश समिति, सफाई समिति और पेयजल समिति का गठन किया गया।

बैठक के दौरान नगर के सभी वार्डों में 20 करोड़ रुपये से अधिक लागत से सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 5 करोड़ रुपये तथा पेयजल व्यवस्था के लिए 2 करोड़ रुपये का बजट भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। बरसात को ध्यान में रखते हुए बड़े नालों की सफाई, मच्छरों से बचाव के लिए एंटीलार्वा दवाओं का छिड़काव तथा भीषण गर्मी को देखते हुए सभी आरओ वॉटर प्लांट की मरम्मत से संबंधित प्रस्ताव भी पास किए गए। पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि विकसित निकाय के लक्ष्य के साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के संकल्प को पूरा करने के लिए नगर में ई-गवर्नेंस, चौराहों का सुंदरीकरण, नए पार्कों का निर्माण, बेहतर जल निकासी, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डीपीआर भी सौंपा जा चुका है और धन स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। बैठक में सभासद प्रवीण कुमार सिंह, गीता देवी, कमलावती देवी, शहनाज, मुन्नी तिवारी, प्रमिला शाही सहित अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, कर अधीक्षक हरिश्चंद्र, कर निरीक्षक रवि प्रताप सिंह, अधिष्ठान लिपिक रियाजउद्दीन, लेखाकार महेंद्र चौधरी, निर्माण लिपिक राजकुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान

**●सोनौली उपकेंद्र के भगवानपुर तथा ठूठीबारी उपकेंद्र के परसामलिक फीडर क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग बेहाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** सूरज के तीखे तेवरों और आसमान से बरसती आग ने जहां आम जनजीवन को झुलसा कर रख दिया है, वहीं विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की मुश्किलों को दोगुना कर दिया है। सोनौली उपकेंद्र के भगवानपुर फीडर तथा ठूठीबारी उपकेंद्र के परसामलिक फीडर क्षेत्र में पिछले काफी समय से जारी अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं परेशान हैं। चिलचिलाती धूप और तेजी से बढ़ते तापमान के कारण घरों के भीतर रहना दुश्वार हो गया है। ऐसे में बिजली की आंख-मिचौली ने उपभोक्ताओं के धैर्य की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है। क्षेत्रीय उपभोक्ता राजेन्द्र यादव, ओमप्रकाश यादव, राजू भारती, राजू अग्रहरी, ज्ञानमती देवी, सुरेश, राहुल, राजकुमार, विशम्भर प्रसाद, मनोज गौड़, दीपक कुमार, गोविंद भारती, रामलक्षन आदि उपभोक्ताओं का आरोप है कि दिन के समय जब कूलर और पंखों की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, ठीक उसी वक्त अघोषित कटौती का सिलसिला भी शुरू हो जाता है।

बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और घंटों तक बिजली गुल रहने से न केवल घरेलू कामकाज ठप पड़ रहे हैं, बल्कि छोटे व्यवसायों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी के कारण छोटे बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे अधिक दयनीय है। उक्त उपभोक्ताओं का कहना है कि नियमित बिल भुगतान के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उपभोक्ताओं ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बिजली विभाग को चाहिए कि वे बढ़ते लोड की समस्या का सटीक आकलन करें और जर्जर तारों या तकनीकी खामियों को समय रहते दुरुस्त करें। लोगों का कहना है कि यदि विभाग सक्रियता दिखाए और फाल्ट वाली जगहों पर तत्काल मरम्मत कार्य सुनिश्चित करे, तो आपूर्ति बहाल की जा सकती है।

### अग्निकांड में दो परिवारों की गृहस्थी हुई खाक



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अचानक अग्निकांड में दो परिवारों की गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सिलौधी गांव में शुक्रवार को अचानक गांव के अनिल कुमार दुबे तथा कृष्ण कुमार दुबे पुत्रगण शंभूनाथ के छप्परनुमा मकान में आग लग गयी। आगजनी के समय दोनों भाई घर पर मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास करने के साथ फायर बिग्रेड को सूचना भेजवायी। सूचना पर फायर बिग्रेड आननफानन में पहुंची और आग पर काबू पाया। पीड़ितो के मुताबिक आगजनी में दोनों परिवारों के घर में पंखे, कुर्सी, बर्तन व राशन जलकर राख हो गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल से नुकसान का आकलन मंगवाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिलापथार बारूवती में 19वां रंगाली बिहू सम्मेलन का आयोजन



**असम धेमाजी–** सिलापथार बारूवती में बारुवती आंचलिक युवा समाज और बारुवती गांव के लोगों द्वारा आयोजित इस 19वां रंगाली बिहू सम्मेलन कल से 12, 13 और 14 बहाग तीन दिवसीय विस्तार कार्यकमों के साथ कल से शुभारंभ किया जाएगा। तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। गांव में कई युवाओं ने मिलकर हर तरफ के तैयारियां ने लगे हुए हे , बुजुर्ग लोगों ने भी कार्य में हाथ बटाते हुए दिखाई दी ।सम्मेलन में कई सांस्कृतिक प्रतियोगिता को शामिल किया गया है जिसमें पारंपरिक जेंग बिहू, हुचरि नृत्य बत्तख पकड़ना, अंडे से लड़ना, मटकी फोड़ना शामिल रहेगा। अनुष्ठान में गांव से शादी हुए लड़कियों एवं दामादो को भी आमंत्रित किया गया। दिन में आम बैठक में जानेमाने लोगों शामिल होंगे। समिति के कार्यकर्ता बिक्रम गोगोई ने दिए जानकारी अनुसार आखिरी दिन के अनुष्ठान में असम के जानेमाने सिंगर पापरी गोगोई और कौशिक प्रियम का संगीत अनुष्ठान में भाग लेंगे। अनुष्ठान में हर वर्ग के लोगों को भाग लेकर अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए आह्वान किया।

### जनता इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

तालगांव सीतापुर परसेंडी क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज तालगांव के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने खासतौर पर शानदार प्रदर्शन किया। असमी बानो ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं मशीरह जुनेद अंसारी ने 91 प्रतिशत, अजमी ने 89 प्रतिशत, पलक जायसवाल ने 87.5 प्रतिशत तथा तैय्यबा नूर ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 23 अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर सामूहिक रूप से सफलता की नई इबारत लिखी। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर सफलता संभव है। साथ ही उन्होंने आगामी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी पूरी लगन और मेहनत से तैयारी करने का संदेश दिया। विद्यालय में इस उपलब्धि पर उत्सव जैसा माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधक मानू अंसारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले समय में और बड़े लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

# मलिहाबाद में मलिहा पासी स्मृति द्वार को लेकर बढ़ा विवाद, 26 अप्रैल को बड़े आंदोलन का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में मलिहा पासी स्मृति द्वार को दोबारा स्थापित न किए जाने को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। प्रशासन द्वारा दिए गए दो दिन के आश्वासन के बावजूद तीन दिन बीत जाने पर भी द्वार नहीं लगाए जाने से पासी समाज में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी के विरोध में अब आंदोलन की तैयारी तेज हो गई है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, विधायक जयदेवी कौशल, विकास किशोर और ब्लॉक प्रमुख मीनू वर्मा ने इस मुद्दे को लेकर सख्त रुख अपनाया है। सभी नेता मलिहाबाद में ही प्रवास पर बैठ गए हैं और साफ तौर पर कहा है कि जब तक मलिहा पासी स्मृति द्वार दोबारा स्थापित नहीं किया जाता, तब तक वे वहीं डटे रहेंगे। नेताओं के इस कदम से मामला और ज्यादा गरमा गया है। गौरतलब है कि प्रशासन ने पहले दो दिन के भीतर द्वार को पुनः स्थापित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय सीमा बीत जाने के बाद








भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे स्थानीय लोगों और पासी समाज के संगठनों में आक्रोश और बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस मामले में लापरवाही बरत रहा है और जानबूझकर देरी की जा रही है। इसी नाराजगी के चलते पासी समाज के विभिन्न संगठनों ने रविवार 26 अप्रैल को एक बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि इस आंदोलन में प्रदेश के 76 जिलों से बड़ी संख्या में पासी समाज के लोग शामिल होंगे। इसे लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं और क्षेत्र में माहौल धीरे-धीरे आंदोलनात्मक होता जा रहा है। वहीं, पासी समाज के प्रमुख संगठन सुहेलदेव आर्मी और लाखन आर्मी भी इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सुहेलदेव आर्मी के प्रमुख योगेश पासी और लाखन आर्मी के प्रमुख सूरज पासी ने समाज के लोगों से अपील की है कि वे अपने इतिहास और सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट होकर इस आंदोलन में भाग लें। उन्होंने इसे समाज की अस्मिता से जुड़ा मुद्दा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने का आह्वान किया है। दूसरी ओर, संभावित बड़े आंदोलन को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मलिहाबाद क्षेत्र में पहले से ही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कब तक सुलझा पाता है और मलिहा पासी स्मृति द्वार को लेकर जारी यह विवाद किस दिशा में आगे बढ़ता है। फिलहाल, पूरे क्षेत्र की नजरें 26 अप्रैल को होने वाले प्रस्तावित आंदोलन पर टिकी हुई हैं।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत निकली भव्य शोभा यात्रा, गूंजे 'गौ माता राष्ट्र माता' के नारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** संतों एवं गौसेवकों के नेतृत्व में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभा यात्रा पत्थर गिरिजाघर से प्रारंभ होकर हनुमान निकेतन तक पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों–संत समाज, गौसेवकों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों–की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। शोभा यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में 'गौ हत्या बंद हो' एवं 'गौ माता राष्ट्र माता' जैसे जोशीले नारों की गूंज सुनाई दी, जिसने वातावरण को धार्मिक एवं भावनात्मक रूप से ऊर्जावान बना दिया। श्रद्धालु हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर गौ संरक्षण से जुड़े संदेश लिखे हुए थे। यात्रा के दौरान आयोजकों द्वारा आम नागरिकों को अभियान से जोड़ने का भी प्रयास किया गया। कई स्थानों पर लोगों ने आगे बढ़कर अपने हस्ताक्षर किए और गौ संरक्षण के समर्थन में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस दौरान अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने लोगों को आगामी 27 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम की जानकारी भी दी। आयोजकों के अनुसार, 27 अप्रैल को तहसील एवं जिला स्तर पर संबंधित स्थ्ररू कार्यालयों में पहुंचकर देश के शीर्ष नेतृत्व–माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री–के नाम प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा, जिसमें गौ संरक्षण से जुड़ी प्रमुख मांगों को रखा जाएगा। गौमाता की सेवा, संरक्षण एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए,

**गौहत्या का पूर्णतः** उन्मूलन किया जाए,गौमाता को राष्ट्रीय धरोहर अथवा राष्ट्रीय सम्मान का दर्जा प्रदान किया जाए, आयोजकों ने बताया कि यह अभियान केवल धार्मिक भावना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और गौवंश के संरक्षण के प्रति सरकार एवं समाज का ध्यान आकर्षित करना है। कार्यक्रम के समापन पर संतों ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में 27 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर इस जनआंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की।

## असम के बराक-त्रिपुरा रेलपथ के पूर्ण विद्युतीकरण की मांग तेज

**● शिलचर-अगरतला समेत दुल्लभछड़ा रूट पर आधुनिक ट्रेनों की मांग उठी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** असम के बराक घाटी और त्रिपुरा को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण रेलमार्ग दुल्लभछड़ा-अगरतला-करीमगंज शिलचर-बदरपुर रूट के पूर्ण विद्युतीकरण की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रूट के अधिकांश हिस्सों में विद्युतीकरण का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शिलचर-अगरतला सहित दुल्लभछड़ा रेलमार्ग लंबे समय से उत्तर-पूर्व क्षेत्र का एक प्रमुख संपर्क माध्यम रहा है। इस मार्ग पर नियमित यात्री ट्रेनें चलती हैं और बदरपुर, करीमगंज तथा दुल्लभछड़ा जैसे स्टेशन महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में कार्य करते हैं। इसके बावजूद यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की मांग है कि पूरे मार्ग का जल्द से जल्द पूर्ण विद्युतीकरण कर आधुनिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। इससे यात्रा समय में कमी आएगी, पर्यावरण प्रदूषण घटेगा और यात्रियों को अधिक आरामदायक सेवा उपलब्ध होगी। साथ ही भविष्य में इस मार्ग पर बेहतर एवं संभावित उच्च गति वाली ट्रेनों के संचालन की संभावना भी बढ़ेगी। स्थानीय लोगों ने कहा, 'जो भी शेष कार्य है उसे शीघ्र पूरा कर इस मार्ग पर इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा शुरू की जाए यही हमारी प्रमुख मांग है। 'वहीं रेलवे अधिकारियों की ओर से अभी तक पूर्ण विद्युतीकरण और इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालन की कोई निश्चित समय-सीमा घोषित नहीं की गई है। हालांकि संबंधित सूत्रों के अनुसार, अवसंरचना विकास कार्य जारी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

## दिल्ली में संजय झील पार्क बदहाल, हरियाली गायब और आपत्तिजनक गतिविधियों से सुरक्षा पर उठे सवाल

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में यमुनापार की प्राकृतिक धरोहर माने जाने वाला त्रिलोकपुरी स्थित संजय झील पार्क इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं का शिकार है। लापरवाही के चलते न केवल इसकी प्राकृतिक सुंदरता खत्म होती जा रही है, बल्कि यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पार्क में हरियाली तेजी से गायब हो रही है। पेड़-पौधों की उचित देखरेख न होने से कई पेड़ सूख गए हैं, जबकि कुछ बेजान अवस्था में खड़े हैं। नियमित सिंचाई और रखरखाव की कमी के कारण पार्क की जमीन से हरियाली लगभग खत्म हो गई है। इसके चलते यहां धूल उड़ती रहती है, जो आने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इससे पार्क की पहचान भी प्रभावित हो रही है।

**महिलाएं और बच्चे पार्क में जाने से बचने लगे**

शाम ढलते ही पार्क में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। टूटी चाहरदीवारी, अंधेरे और निगरानी की कमी का फायदा उठाकर यहां आपत्तिजनक गतिविधियां की जाती हैं। इससे आसपास के लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

## ऑल इंडिया प्राइवेट चिकित्सक फाउंडेशन नें किया सतपाल दौसा लोक सांस्कृतिक सेवा सम्मान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नोएडा!** अखिल भारतीय प्राइवेट चिकित्सक फाउंडेशन के बैनर तले सनशाइन रेजिडेंसी सेक्टर 71 में लोक कला सांस्कृतिक, सामाजिक, चिकित्सा सेवा एवं खेलों में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आए सतपाल दौसा के छोटे भाई जगत दौसा ने बताया कि मेरे बड़े भाई सतपाल दौसा एक अच्छे गायक थे। किसान परिवार में जन्मे और परिवार को ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य किया। उनकी वाणी में सरस्वती का वास था और उन्होंने लोगों के दिलों पर राज किया। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी। मंच संचालन अंकित भड़ाना ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महर्षि पतंजलि अंतर्राष्ट्रीय योग विद्यापीठ के संस्थापक स्वामी कर्मवीर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य की कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। मनुष्य को सदैव शुभ कर्म करते हुए ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। वशिष्ठ अतिथि स्वामी सत्यदेव जी महाराज ने अपने संबोधन में पाप और पुण्य धर्म और अधर्म की शिक्षा देते हुए सभी से अपील की कि वह अपने बच्चों को गुरुकुल पद्धति से पढ़ाये। आचार्य दीपक योगायुर्वेदज्ञ ने सभा को संबोधित करते हुए योग के बारे में बताया कि कैसे हम योग के द्वारा रोगों से निजात पा सकते



हैं। अति विशिष्ट अतिथि नीरज पाल गुर्जर, नैना गुर्जर रूपचंद नागर पर्यावरण पुरुष नें सभा को संबोधित करते हुए बताया मनुष्य को हमेशा शुभ कर्म करने चाहिए क्योंकि हमें कोई देख रहा है। चौ. भाग सिंह (मैनेजर चड्ढा ग्रुप), विनोद तोमर, अध्यक्ष तंवर पर्यावरण संस्थान डा.यतेंद्र कटारिया, मुख्य अतिथि डा.सत्यपाल सिंह (इंडिया कोच) आदि नें सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों की पढ़ाई व खेलकूद पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अमित त्यागी, संदीप त्यागी, लाल यादव, मनोज भटनागर, विनोद तेवतिया, विनोद कुमार, राजपाल, बाबूगढ़ अध्यक्ष जगबीर गुर्जर, संतराम राठी, कैप्टन कुलदीप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर किरण पाल भारतीय किसान यूनियन भानू आदि नें लोगों को संबोधित करते हुए कहा की फाउंडेशन हमेशा अच्छे कार्य करती है इसलिए हम फाउंडेशन के साथ हैं। कार्यक्रम के संयोजक हरेंद्र सिंह चैंपियन (संरक्षक ऑल इंडिया पीसीएफ) ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का माला पहनाकर और शील्ड देकर के सम्मान किया। फाउंडेशन अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आग्रह किया कि यदि आप फाउंडेशन को स्नेह व मार्गदर्शन देते रहे, तो हम आगे भी अच्छे-अच्छे कार्यक्रम फाउंडेशन द्वारा करते रहेंगे। कार्यक्रम मे डा.जितेंद्र गौड़, डा. प्रवीण कुमार, डा.नरेश सैनी, हरिओम चौधरी, चेतन चौधरी, लोक गायक तेजवीर विधूड़ी, ऋषिपाल दौसा, जगत दौसा, राहुल बैसला, राजबल, यू पी पुलिस कबड्डी कप्तान सोनिका नागर, राष्ट्रीय प्रशिक्षिक विनय योगी अपनी टीम के साथ, एवं गणमान्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में हुए विवाद ने पकड़ा तूल, पुलिस ने दोनों पक्षों पर की 'शांति भंग' की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ–** राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी देवरिया गांव में एक शादी समारोह के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद अब पुलिसिया कार्रवाई तक पहुँच गया है। छेड़खानी और मारपीट के गंभीर आरोपों के बाद, जांच में मामला आपसी कहासुनी का पाए जाने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 12 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है

**क्या है पूरा मामला?**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता मोहम्मद इरफान ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि 16 अप्रैल की शाम, गांव के ही निवासी साहिल ने उनकी पुत्री नसरा के साथ छेड़खानी की। इरफान का आरोप था कि विरोध करने पर आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, उन्होंने एक शादी समारोह के दौरान साहिल और उसके दोस्तों द्वारा पुत्री से दुर्व्यवहार और उनके साथ मारपीट करने का भी दावा किया था।

**पुलिस जांच और जमीनी हकीकत**

आईजीआरएस (IGRS) के तहत मामले की जांच उप-निरीक्षक सुमित्रा कुमारी को सौंपी गई। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने और स्थानीय स्तर पर पूछताछ करने के बाद कहानी में बदलाव नजर आया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जांच में यह पाया गया कि दोनों पक्ष एक ही गांव के एक शादी समारोह में गए थे, जहां किसी बात को लेकर उनके बीच तीखी बहस और कहासुनी हुई थी। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए छेड़खानी जैसे अन्य गंभीर आरोपों की मौके पर पुष्टि नहीं हो सकी है।

**पुलिस की सख्त कार्रवाई**

दोनों पक्षों के बीच व्याप्त तनाव और भविष्य में शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए, चिनहट पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस ने बीएनएसएस (BNSS) की धारा 126/135 के तहत द्विपक्षीय कार्रवाई करते हुए निम्नलिखित लोगों का चालान किया है: **प्रथम पक्ष:** मोहम्मद इरफान, आफताब अली, फुरकान अली, रेशमा, सुकैया और काजल। **द्वितीय पक्ष:**मोहम्मद रफीक, आसिया बानो, रहिशन




बानो, मोहम्मद आरिफ, साहिल और शबनम।

> 'जांच में पाया गया कि शादी में हुए विवाद के कारण दोनों पक्षों में काफी कसीदगी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों को भारी मुचलके से पाबंद करने हेतु माननीय न्यायालय को रिपोर्ट भेजी गई है। '
>
> – रिपोर्ट, थाना चिनहट

**वर्तमान स्थिति**

पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि वर्तमान में मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी ने जांच रिपोर्ट से सहमति जताते हुए मामले को निक्षेपित करने की संस्तुति दी है।

## पंजाब ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत, दिल्ली के खिलाफ किया रिकॉर्ड रन चेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में आज का मैच दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। दिल्ली के खिलाफ पंजाब ने 265 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए थे। डीसी के लिए केएल राहुल ने आईपीएल करियर का छठा शतक लगाते हुए नाबाद 152 रन बनाये, जबकि नीतीश राणा ने 91 रनों की पारी खेली थी। पीबीकेएस के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने शुरुआत की। दोनों के बीच 126 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी हुई। प्रभसिमरन (76), प्रियांश आर्या (43) और कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 71 रनों की पारी खेली। ये आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है। पिछला सबसे बड़ा रन चेज भी पंजाब किंग्स के नाम था।

**पंजाब की रिकॉर्ड जीत**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स ने 265 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए थे। डीसी के लिए केएल राहुल ने नाबाद 152, जबकि नीतीश राणा ने 91 रनों की पारी खेली थी। पीबीकेएस के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने शुरुआत की। दोनों के बीच 126 रनों की साझेदारी हुई। प्रभसिमरन (76), प्रियांश आर्या (43) और कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 71 रनों की पारी खेली। ये आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है।

**श्रेयस अय्यर ने लगायी फिफ्टी**

रिकॉर्ड जीत के करीब पंजाब किंग्स, कप्तान ने लगाया 26 गेंदों में अर्धशतक।

**नेहल वढेरा आउट**

पंजाब किंग्स का चौथा विकेट गिरा, नेहल वढेरा 15 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। विप्रज निगम ने लिया उनका विकेट।

## दिल्ली में अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश, 80 लाख की स्मैक बरामद

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पूर्वी जिले की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर कुल 475 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है। डीसीपी पूर्वी दिल्ली राजीव कुमार ने बताया कि मुखबिर से ड्रग तस्करी के बड़े नेटवर्क के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड के इंचार्ज अरुण कुमार की अगुवाई में विकास, अमित, अरुण व अनामिका की टीम को अलर्ट किया गया। टीम ने गाजीपुर रोड, एनएच-24 से गाजीपुर सब्जी मंडी मार्ग के पास जाल बिछाया और संदिग्ध व्यक्ति मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 270 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

## आरआर बनाम एसआरएचः वैभव सूर्यवंशी का 'खौफनाक' अवतार, शतक ठोक हिंगे को सिखाया सबक

**● बीच मैदान पूरा किया पुराना बदला ट्रेनों की मांग उठी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए कमाल कर दिया। उन्होंने 36 गेंदों पर शतक लगाया। सूर्यवंशी ने इसी के साथ आईपीएल में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा दूसरे सबसे तेज शतक लगाया। इस लिस्ट में पहले स्थान पर भी वैभव का ही नाम शामिल है। सूर्यवंशी ने मुकाबले में एक बदला भी लिया, जहां वे हैदराबाद के खिलाफ पिछले मुकाबले में जीरो पर आउट हो गए थे। सूर्यवंशी ने मुकाबले में अपने बल्ले से जलवा बिखेरा और आईपीएल करियर का दूसरा शतक ठोक दिया। इससे पहले आईपीएल 2025 में अपने डेब्यू सीजन में उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक लगाया था। अब उन्होंने जयपुर में हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया है। इसी के साथ सूर्यवंशी ने हैदराबाद के तेज गेंदबाद प्रफुल्ल हिंगे से अपना बदला भी पूरा कर लिया।

**वैभव सूर्यवंशी ने लगाया शतक**

15 वर्षीय खिलाड़ी ने पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम के खिलाफ ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले 16 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर 36 गेंदों पर सेंचुरी ठोक दी। सूर्यवंशी ने आईपीएल में भारतीय बल्लेबाज के द्वारा दूसरा सबसे तेज शतक लगाया है। पहले स्थान पर भी उन्हीं का नाम शामिल है, जहां आईपीएल 2025 में 35 गेंदों पर शतक लगाया था। सूर्यवंशी 37 गेंदों पर 103 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके 12 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे।

**सूर्यवंशी ने अपना हिसाब किया बराबर**

सूर्यवंशी इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में जीरो रन पर आउट हो गए थे। उन्हें प्रफुल्ल हिंगे ने पहली गेंद पर मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया था। सूर्यवंशी ने उस मुकाबले की कसर इस मैच में पूरी की और शतक लगाया। वैभव को आउट करने के बाद हिंगे ने कहा था कि उन्होंने अंडर-23 के एक मैच में भी सूर्यवंशी को बाउंसर पर आउट किया था। ऐसे में इस मैच में भी उन्होंने ऐसा किया। प्रफुल्ल का कहना था कि उन्होंने गेंदबाजी कोच से यही प्लान बनाया था।

**हिंगे के पहले ओवर में जड़े 4 छक्के**

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपना हिसाब बराबर करते हुए इस मुकाबले में हिंगे के खिलाफ पहले ही ओवर में लगातार 4 छक्के जड़े। हैदराबाद के गेंदबाज ने पिछले मैच में वैभव को जीरो पर आउट किया था लेकिन इस मैच में उनकी बाउंसर वाली रणनीति काम नहीं आई। सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और शतक ठोक दिया।

## मोहम्मद रफ़ी और लता मंगेशकर का 58 साल पुराना गाना आज भी है सदाबहार, दिल को छूते हैं लिरिक्स

**● 58 साल पुराना गाना आज भी है मोस्ट रोमांटिक**

**●मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने दी थी आवाज**

**●दिल को छू जाते हैं इसके लिरिक्स**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी भारतीय संगीत के इतिहास की वो आवाज थे, जो आज भी अमर है। उन्होंने बॉलीवुड को कई ऐसे गीत दिए जो उस वक्त तो हिट थे ही लेकिन आज भी वे उतने ही सदाबहार हैं और उनके फैंस की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। वहीं अगर किसी गाने में उनके साथ लता मंगेशकर ने सुर मिलाए हों फिर तो बात ही अलग है।आज हम एक ऐसे ही गाने के बारे में बताने जा रहे हैं जिसमें मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था। ये गाना उस वक्त तो हिट था ही आज 58 सालों बाद भी ये कल्ट बना हुआ है।

**कौन सा है ये गाना?**

जिस गाने की हम बात कर रहे हैं वो 1968 में रिलीज हुई रोमांटिक एक्शन फिल्म इज्जत का है। जिसमें धर्मेंद्र , तनुजा, जयललिता और महमूद जैसे कलाकारों ने काम किया था। इस गाने के बोल हैं- 'ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं...हम क्या करें'। इस गाने के को साहिर लुधियानवी ने लिखा था और मोहम्मद रफी के साथ लता मंगेशकर ने अपनी आवाज में पिरोया था। कल्ट सॉन्ग के लिरिक्स इतने इमोशनल हैं कि आज भी दो प्यार करने वालों के दिलों को छू जाते हैं। वहीं जो म्यूजिक लवर्स हैं उनकी प्लेलिस्ट में जरूर शामिल होता है।

**यूट्यूब पर मिले कितने व्यूज**

इस गाने को लोग इतना सुनते हैं कि इसे



यूट्यूब पर 226 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस सॉन्ग के म्यूजिक डायरेक्टर लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल थे।

**मोहम्मद रफी के बारे में**

मोहम्मद रफी (24 दिसंबर 1924 - 31 जुलाई 1980) एक भारतीय प्लेबैक सिंगर थे। उनके गाने तेज, जोशीले गानों से लेकर देशभक्ति गीतों तक, उदास गानों से लेकर बेहद रोमांटिक गानों तक, कव्वालियों से लेकर गजलों तक और भजनों से लेकर शास्त्रीय गीतों तक अलग-अलग तरह के होते थे। 1967 में, भारत सरकार ने उन्हें चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से सम्मानित किया।